फोनः-4103333, 2362400 फैक्सः-0141-2373513 वर्षः 73 संख्याः 125 प्रभात जयपुर, मंगलवार 6 दिसम्बर , 2022 डाक पं.सं. जयपुर सिटी/001/2021-23 पृष्ठ 8 मूल्य 2.50 रु.

ARBIT



Why Rajasthan is Invincible? Once very barren and dry Rajasthan, was converted to greenery due to the vision of Maharaj Ganga Singh.

जयपुर • कोटा • बीकानेर • उदयपुर • अजमेर • जालोर • हिण्डौनसिटी • चूरू

# राष्ट्रदूत

Rashtradoot

Metro

epaper.rashtradoot.com

"Mbapre": Just doesn't score goals, but destroy...

How Far Will Mbappe go? Mbappe's value to France stems from the way he creates opportunities.

## राजस्थान के नये प्रभारी नियुक्त

जयपुर, 5 दिसम्बर (का.प्र.)। राजस्थान के प्रभारी अजय माकन की ओर से राजस्थान का प्रभार छोड़ने की इच्छा जताई जाने के बाद सोमवार को कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने राजस्थान कांग्रेस का प्रभार सुखजिंदर सिंह रंधावा को सौंप दिया है।

इसी के साथ कुमारी सैलजा को चंडीगढ़ और शक्ति सिंह

- **कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने अजय माकन के स्थान पर अब सुखविन्दर सिंह रंधावा को राजस्थान का नया प्रभारी बनाया।**

गोहिल को हरियाणा का प्रभारी बनाया गया है।

रंधावा को कांग्रेस संचालन समिति का सदस्य भी बनाया गया है।

इन तीन राज्यों के प्रभारी बनाए जाने के अलावा गुरदीप सिंह सप्पल को पवन कुमार बंसल के साथ अटैच करते हुए एडमिनिस्ट्रेशन का अतिरिक्त प्रभार दिया है।



*राजस्थान में भारत जोड़ो यात्रा के पहले दिन सुबह के सत्र में पूर्व उपमुख्यमंत्री सचिन पायलट ओडीशा के प्रभारी भंवर जितेन्द्र सिंह, सांसद नीरज डांगी, राजेंद्र गुढ़ा, राजेंद्र यादव व गणेश घोघरा सहित अन्य नेता मौजूद रहे।*

# प्रेस कॉन्फ्रैंस के बाद गहलोत अस्वस्थ हुए: डॉक्टर बुलाए गए सर्किट हाउस चैकअप के लिए!

## पदयात्रा के दोपहर के सत्र में भी राहुल गांधी के साथ केवल प्रतीकात्मक कुछ कदम चल कर, वापस लौटे

-रेणु मित्तल-
-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-

नई दिल्ली, 5 दिसम्बर। जब भारत जोड़ो यात्रा ने राजस्थान में प्रवेश किया और उसके बाद झालावाड़ से पद-यात्रा शुरू हुई, पूरे परिदृश्य पर सचिन पायलट छापे हुये थे।

भीड़ का आर-पार नहीं था, जोश हिलोरें ले रहा था तथा भीड़ को फासले पर रख पाना मुश्किल हो रहा था।

यह इलाका गुर्जर बहुल है, नौजवान सचिन पायलट के चित्र वाली टी शर्ट पहने हुये थे तथा उनके हाथों जो तख्तियाँ एवं बैनर थे, उन पर पायलट के चित्र दिखाई दे रहे थे।

जयराम रमेश के साथ सम्बोधित की गई प्रैस कॉन्फ्रेंस में तनावग्रस्त अशोक गहलोत अस्वस्थ हो गये। सर्किट हाउस में डॉक्टर बुलाना पड़ा तथा उनकी मेडिकल चैक अप किया गया।

वे अपरान्ह काल में यात्रा में आ गये। यात्रा में चन्द मिनट राहुल गांधी के साथ चले तथा उसके बाद अपनी कार में बैठकर चले गये क्योंकि वे

- **झालावाड़ में भारत जोड़ो यात्रा में माहौल सचिन पायलट मय रहा। युवाजन पायलट के फोटो वाली टीशर्ट, हाथ में झण्डा लिये, जोश के साथ चल रहे थे।**
- **उल्लेखनीय बात यह भी थी कि, झालावाड़ पोस्टरों से अटा हुआ था, पर, पोस्टरों में मु.मंत्री, डोटासरा और राहुल के फोटो थे, तथा सचिन की पोस्टर में अनुपस्थिति खल रही थी।**
- **मीडिया व पोस्टर निर्धारित करने के लिए आयोजित बैठक में, गहलोत ने कहा था कि, सोनिया, राहुल व खड़गे के फोटो प्रमुखता से तथा गहलोत व डोटासरा के नीचे होने चाहिये।**
- **पूछे जाने पर कि, प्रियंका का क्या होगा, गहलोत ने कहा, ''प्रियंका का राजस्थान से क्या लेना देना, उनका फोकस और ''कन्सर्न'' उत्तर प्रदेश से है।**

पैदल चल नहीं पा रहे थे।

और मजेदार बात यह थी कि पूरे झालावाड़ में लगे पोस्टरों तथा बैनरों पर केवल मुख्यमंत्री, प्रदेश अध्यक्ष डोटासरा एवं राहुल गांधी के चित्र थे।

गहलोत के पोस्टरों में प्रियंका गांधी को दर्शाता हुआ कोई पोस्टर नहीं था।

रोचक बात यह थी कि पायलट के पोस्टरों में राहुल तथा प्रियंका गांधी दोनों के ही चित्र थे।

सूत्रों का कहना है कि मीडिया एवं प्रचार के बारे चर्चा करने के लिये पूर्व में हो चुकी मीटिंग में गहलोत ने कहा था कि पोस्टरों पर सोनिया, राहुल, खड़गे तथा बिल्कूल नीचे गहलोत और डोटासरा के फोटो होने चाहिये।

जब मीटिंग में एक सदस्य ने प्रियंका गांधी के फोटो के बारे में जानना चाहा, तो अशोक गहलोत का जवाब था: प्रियंका का राजस्थान से कोई लेना-देना नहीं है। उनका ध्यान तथा सम्बन्ध केवल उत्तर प्रदेश से है।

साफ बात यह है कि जिस तरह से प्रियंका गांधी अशोक गहलोत को हटाने तथा सचिन पायलट को स्थापित किये जाने पर जोर दे रही हैं, उससे गहलोत बुरा तरह खीजे हुये हैं।

रघुबीर मीणा अचानक बीमार हो गये तथ आज सुबह यात्रा के दौरान उन्हें ऐम्बुलैंस में ले जाना पड़ा।

दिलचस्प बाज यह रही कि यात्रा के सुबह के सत्र में अशोक गहलोत मौजूद नहीं थे। वे अपरान्ह सत्र में साथ-साथ चल रहे थे, किन्तु गहलोत बहुत कम समय के लिये ही यात्रा में उपस्थित रहे।

# समाजवादी सैक्युलर नीतीश कुमार अब हिन्दुवादी हुए!

## उनकी पार्टी के एक वरिष्ठ नेता ने केन्द्रीय सरकार से मांग की कि, अयोध्या के राम मंदिर की भांति सीतामढ़ी (बिहार) में भी एक उतना ही भव्य सीता मंदिर बनवाये

-श्रीनन्द झा-
-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-

नई दिल्ली, 5 दिसम्बर। बिहार की राजनीति में असामान्य बदलाव आते दिखाई दे रहे हैं। सत्तारुढ़ गठबंधन पार्टनर जद (यू) तथा राजद धार्मिक मोड़ लेते दिखाई दे रहे हैं। पिछले माह के अंतिम दिनों में, वरिष्ठ जद (यू) नेता तथा राज्य के बिजली मंत्री बिजेन्द्र प्रसाद यादव ने केन्द्र से अपील की कि सीतामढ़ी में सीता-मंदिर का निर्माण कराया, जो भव्यता एवं शिल्प में अयोध्या में बनाये जा रहे भगवान राम के मंदिर के समान हो। स्वयं मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने ''गंगा जल आपूर्ति योजना'' नाम से एक स्कीम लॉन्च की है। इस महत्वाकांक्षी प्रोजेक्ट के अन्तर्गत, गंगा का पानी पाइपलाइन के जरिये 151 किमी की दूरी पर स्थित राजगिर, गया तथा नवादा नगरों तक पहुँचाया जायेगा। इस स्कीम के लॉन्चिंग समारोह में, कुछ जद (यू) नेताओं ने

- **नीतीश ने 151 किलोमीटर पाइप लाइन डालकर सरयू नदी को, सूखा रहने के सीता के श्राप से मुक्ति दिलाने का भागीरथी काम हाथ में लिया है।**
- **साथ ही नालंदा में ''जरासंध के अखाड़े'' को विकसित न करने में ढील-ढाल करने का आरोप लगाया।**
- **किंवदन्तियों के अनुसार इस अखाड़े में भीम ने जरासंध को मारा था।**
- **क्या नीतीश का धार्मिक टर्न लेने का कारण यह है कि, मोकामा व गोपालगंज में हुए उपचुनाव में भाजपा ने बहुत अच्छा प्रदर्शन किया है। नीतीश को चिन्ता है कि, उनका पुराना वफादार कुर्मी, कोरी व अन्य ई.बी.सी. वोट बैंक भाजपा की ओर खिसक रहा है।**

मुख्यमंत्री की तुलना भगीरथ से की, पौराणिक आख्यानों के अनुसार, वे गंगा को पृथ्वी पर लाये थे। दिलचस्प बात यह रही कि उपमुख्यमंत्री तथा राजद नेता तेजस्वी यादव ने भी ''सरयू नदी को सीता के शाप से मुक्त करने'' के लिये मुख्यमंत्री को बधाई दी। धर्मग्रंथ बताते हैं कि सरयू नदी, जो अयोध्या नगरी के समीप बहती है, में, सीता के शाप के कारण अनेक वर्षों तक पानी नहीं रहा था। तेजस्वी ने कहा, ''अब गंगा का पानी पूरे वर्ष उपलब्ध रहेगा।'' अभी हाल ही में, स्वयं मुख्यमंत्री ने भाजपा को उस समय अपना बचाव करने के लिये मजबूर कर दिया था, जब उन्होंने आरोप लगाया था कि आर्किओलॉजिकल सर्वे ऑफ इंडिया, जो केन्द्र सरकार की एजेंसी है, ने राज्य सरकार के उस प्रस्ताव की उपेक्षा कर दी थी, जो नालन्दा में ''जरासंध का अखाड़ा'' में विकास कार्य कराने के लिये दिया गया था। पौराणिक आख्यानों के अनुसार, मगध, जो आज का नालन्दा है, के राजा जरासन्ध को भीम ने अखाड़े में मार डाला था।

धर्म एवं धार्मिक किंवदतियों का प्रयोग आज की राजनीति में आम हो गया है लेकिन कुमार, जब एन.डी.ए. में थे तब उन्हें अपनी धर्मनिरपेक्ष छवि बनाए रखने के लिए भारी जद्दोजहद करनी पड़ी। पूर्व में भी उन पर आरोप था कि वे गया के विष्णुपाद मंदिर में मुसलमान को ले गए थे और सीमांचल के मुस्लिम

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

## भारी दबाव, पर भारत का नाम नहीं लिया यू.एस. ने

-सुकुमार साह-
-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-

नई दिल्ली, 5 दिसम्बर। अमेरिका की ओर से यह जानकारी दी गई है कि पाकिस्तान, रूस, चीन, ईरान और आठ अन्य देश उसके कम भरोसेमंद साझीदार हैं क्योंकि इन देशों का अपने

- **अमेरिका ने पाकिस्तान, चीन, इरान व आठ अन्य देशों को स्वतंत्रता हनन करने के लिए दोषी राष्ट्रों की लिस्ट में रखा, पर भारी दबाव के बाद भी भारत को इस लिस्ट से बाहर रखा गया है।**

नागरिकों की स्वतंत्रता सुनिश्चित करने का ट्रैक रिकॉर्ड ठीक नहीं है।

भारत को भी इस लिस्ट में शामिल करवाने के लिए इण्डियन अमेरिकन मुस्लिम काउन्सिल (आई.ए.एम.सी.) की भारी लॉबिंग और यू.एस. कमीशन

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

# 'चीन सौ पुलिस स्टेशन चला रहा है, विश्व के कई देशों में'

## सी.एन.एन. न्यूज़ चैनल ने इन ''पुलिस स्टेशनों'' के बारे में छानबीन कर तैयार की गई अपनी रिपोर्ट में बताया

-सुकुमार साह-
-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-

नई दिल्ली, 5 दिसम्बर। एक लम्बे अर्से से अमेरिका को दुनिया के एक स्व-घोषित पुलिसमैन के रूप में देखा जा रहा है। जाहिर तौर पर यह लेबल उसने विश्वभर में लोकतंत्र के संरक्षण और प्रोत्साहन के लिए एक सुपर पावर के हस्तक्षेप करने वाले तरीकों को लेकर शामिल किया है। लेकिन चीन ने भी हार ना मानते हुए अपने गुट के देशों को एकजुट रखकर और अन्य देशों की गुप्तचरी कर खुली चुनौती पेश की है।

सी.एन.एन. के साथ साझा सेफगार्ड डिफैण्डर्स की एक नई रिपोर्ट में आरोप लगाया गया है कि बीजिंग ने निर्वासन में रह रहे चीन के नागरिकों की निगरानी करने, उन्हें पेरशान करने और कुछ मामलों में उन्हें पुनः स्वदेश लाने के लिए विदेशों में सौ से अधिक तथाकथित पुलिस स्टेशन खोले हुए हैं।

- **चीन के विदेश मंत्रालय का इस बारे में कहना है कि, विदेशों में ये ''दफ्तर'' प्रवासी चीनी नागरिकों की सुविधा के लिये खोले गये हैं तथा, प्रवासी चीनी नागरिकों को वीज़ा, ड्राइविंग लॉइसैंस आदि कागजात दिलवाना ही काम है इन दफ्तरों का। कोविड की महामारी के दौरान ये ''दफ्तर'' खोले गये थे।**
- **पर सी.एन.एन. का दावा है, कोविड के बहुत पहले ये पुलिस स्टेशन खोले गये थे, तथा कार्यरत थे।**

इस काम के लिए द्विपक्षीय सुरक्षा समझौतों को भुनाया गया है। चीन ने ये समझौते अन्तर्राष्ट्रीय स्तर पर व्यापक यथास्थिति दर्ज करवाने को लेकर यूरोप और अफ्रीकी देशों के साथ कर रखे हैं।

मैड्रिड के मानवाधिकार प्रचारक ग्रुप सेफगार्ड डिफैण्डर्स कहता है कि उसे यह प्रमाण मिले हैं कि चीन विदेशों में 48 अतिरिक्त पुलिस स्टेशनों का संचालन और कर रहा है। ग्रुप ने गत सितम्बर माह में ऐसे 54 स्टेशनों का ही अस्तित्व बताया था।

ग्रुप का नया संस्करण, जिसे ''पैट्रोल एण्ड पर्सूएड'' नाम दिया है, चीन के नैटवर्क की व्यापकता पर केन्द्रित है, और उस भूमिका का परीक्षण करता है जिसके तहत इटली, क्रोएशिया, सर्बिया और रोमानिया सहित कई यूरोपीय देशों और चीन के बीच हुई

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

## ताजमहल पर एतिहासिक तथ्य

-जाल खंबाता-
-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-

नई दिल्ली, 5 दिसम्बर। सुप्रीम कोर्ट ने सोमवार को एक जनहित याचिका खारिज कर दी जिसमे मांग की गई थी कि आर्किऑलजिकल सर्वे ऑफ इंडिया (ए.एस.आई.) से कहा जाए कि

- **सुप्रीम कोर्ट ने ताजमहल के बारे में गलत जानकारी को इतिहास से हटाने की मांग करने वाली याचिका खारिज कर दी और कहा, कोर्ट कैसे तय कर सकता है कि, एतिहासिक तथ्य सही हैं या गलत।**

ताज कहते की सही आयू निर्धारित की जाए और इतिहास की किताबों में इसके बारे में दर्ज झूठे तथ्य हटाए जाए।

जस्टिस एम.आर.शाह और सी.टी. रवि कुमार की बैंच ने कहा, ''यह

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

# राहुल की यात्रा के राजस्थान चरण में कांग्रेस के नेता जुड़ते से दिखे और भाजपा के बिखरते से!

-सुजीत चक्रबर्ती-
-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-

नई दिल्ली, 5 दिसम्बर। ऐसा प्रतीत हो रहा है कि राहुल गांधी के नेतृत्व में हो रही भारत जोड़ो यात्रा के कल शाम राजस्थान में आगमन राज्य की राजनीति के विरोधी सिरों पर अलग-अलग प्रमाण डाला है। जहाँ इस यात्रा के आगमन से गुटों में बँटी सत्तारूढ़ कांग्रेस का एक जुट रूप में सामने आई है, वही इससे विपक्षी भारतीय जनता पार्टी की अन्दरूनी लड़ाई और गहरी हो गई है।

कांग्रेस के दो नेता, जिनके हाथ महीनों, बल्कि सालों एक दूसरे के गले तक पहुँच रहे थे, झलावाड़ में उस समय एक मंच पर एक-दूसरे के हाथ पकड़े हुये नाच रहे थे, जब भारत जोड़ों यात्रा के नेता राहुल गांधी ने 5 दिसम्बर की सुबह राजस्थान में प्रवेश किया।

बहुत जोर-शोर से प्रचारित-प्रसारित तथा एक से अधिक बार स्थगित की जा चुकी राज्य भाजपा की ''जन आक्रोश यात्रा'' जिसका शुभारम्भ आखिरकार 1 दिसम्बर को भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जे.पी. नड्डा कर ही दिया, ने तो निराश ही किया, क्योंकि एकत्रित भीड़ जहाँ परिमाण में बहुत कम थी, वहीं उपस्थित लोग प्रतिक्रियाविहीन, उदासीन एवं भावशून्य नजर आये।

भाजपा के सैनिकों की ''अनुशासित'' सेना के सभी प्रान्तीय नेता ''राहुल को चुनौती देने'' की बात को अनदेखा करके एक दूसरे का गला पकड़ने पर आमादा दिखाई दे रहे थे।

राहुल का राजस्थान-प्रवेश झालावाड़ से हुआ, जो राज्य की पूर्व मुख्यमंत्री वसुन्धरा राजे का चुनाव क्षेत्र है तथा जहाँ वे 14 बार चुनाव जीत चुकी हैं तथा उनके बेटे चार बार लोक सभा चुनावों में विजयी रहे हैं।

अब जरा भाजपा के मोर्चे पर घटित

- **पायलट व गहलोत का आदिवासियों की धुनों पर हाथ पकड़ कर नाचना, चाहे केवल एक ''फोटो ऑप'' ही हो, पर, भाजपा की आक्रोश रैली की लाँचिंग पर, कम उपस्थिति होना व बार-बार पोस्टरों में तबदीली कर, दोबारा-तिबारा छपवाने से प्रदेश के नेताओं की दूरी व प्रतिस्पर्धा खुलकर सामने आयी।**
- **वसुंधरा राजे को मंच पर स्थान मिला, तथा फाइनल हुए पोस्टर में उनकी फोटो भी दिखी। पर, आक्रोश यात्रा के लिए गठित 31 नेताओं की स्टियरिंग कमेटी में उनका व उनके समर्थकों का नाम नहीं होना, भी सबूत है कि, वे पार्टी के केन्द्रीय हाई कमान व प्रदेश के नेतृत्व की विश्वसनीय ''पसन्द'' नहीं हैं।**
- **जन आक्रोश रैली के लाँचिंग समारोह में भाजपा के स्थानीय नेताओं की अरुचि भी काफी चर्चा का विषय रही।**

कुछ उल्लेखनीय घटनाओं को स्मरण करें। भाजपा ने काफी पहले, मई में यह घोषणा की थी कि वह कांग्रेस की अशोक गहलोत सरकार के भ्रष्टाचार तथा आदिवासी तथा आदिवासी-विरोधी गलत कारनामों को उजागर करेगी। वह राजस्थान जन आक्रोश यात्रा जून में शुरू होने की थी। लेकिन उस समय शुरू नहीं हुई।

ऐसा लगता है कि या तो भाजपा के साथ ''जन'' नहीं हैं या फिर वह ''जन''-आक्रोश को पैदा करने में बुरी तरह असफल रही है या फिर भगवा पार्टी द्वारा की गई सभी सम्बन्धित घोषणा जबरदस्त गुटबन्दी की स्थिति को घुँधला कर देना साधन मात्र थी।

लेकिन जैसा कि सामने आया है, ये तीनों ही बातें सत्य थी, लेकिन इनमें सबसे ज्यादा दमदार एवं सच्चा कारण था- भाजपा की अन्दरूनी फूट। और सारे समाचार पत्र इसके साक्षी हैं।

यद्यपि जे.पी.नड्डा ने नाराज चल रही वसुन्धरा राजे का मंच पर भाव प्रवण स्वागत किया, लेकिन अन्दरूनी दरार एवं गुटबंदी पूरी तरह स्पष्ट एवं जाहिर थी। एक रिपोर्ट के अनुसार उनका नाम उस सूची में नदारद है, जिसमें राज्य में भाजपा के इस सबसे बड़े प्रचार अभियान के लिये राज्य पार्टी के प्रमुख नेताओं के नाम शामिल हैं।

अखबार की रिपोर्ट कहती है कि जन आक्रोश रैली के नेतृत्व के लिये 31 प्रमुख नेताओं की स्टीअरिंग कमेटी बनाई गई है, लेकिन उस सूची में न तो वसुन्धरा का नाम है, न उनके बेटे का। यहाँ तक कि उस सूची में उनके किसी कट्टर समर्थक का नाम तक नहीं है।

यह शुत्रता इस स्तर तक पहुँच गई है कि पार्टी के केन्द्रीय नेतृत्व को इस रैली के छपे सारे पोस्टर वापस लेने पड़े।

मूल पोस्टर्स में हमेशा की तरह एक छत्र नेता नरेन्द्र मोदी का ही फोटो था।

पर इन पोस्टर्स वापस लेना पड़ा। मोदी का भाजपा में यह असाधारण घटना थी। फिर नए पोस्टर्स छपवाए गए

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

## 'न्यायपालिका की स्वतंत्रता खतरे में है'

-जाल खंबाता-
-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-

नई दिल्ली, 5 दिसम्बर। सर्वोच्च न्यायालय के पूर्व जज मदन बी. लोकुर ने एक समाचार एजेंसी (आई.ए.एन.एस.) ने कार्यपालिका के विरूद्ध सचेत करते हुये कहा है कि कार्य पालिका (सरकार) जिस तरह का व्यवहार कोलीजियम की सिफारिशों के साथ कर रही है, उससे यह साफ जाहिर है कि

- **सुप्रीम कोर्ट के पूर्व न्यायाधीश मदन बी. लोकुर ने एक इंटरव्यू में चेतावनी दी।**

जजों की नियुक्तियों को पूरी तरह अपने नियन्त्रण में लेने की कोशिश कर रही है और अगर सरकार इसमें सफल हो जाती है तो भारत में स्वतन्त्र न्यायपालिका अस्तित्व में नहीं रहेगी।

उन्होंने कहा कि किसी को नही मालूम कि वरिष्ठ एडवोकेट सौरभ किरपाल, जो समलैंगिक हैं, को दिल्ली

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

## विचार बिन्दु

**अतिथि जिसका अन्न खाता है, उसके पाप धुल जाते हैं। -अथर्ववेद**

# आभार राष्ट्रपति जी, आम नागरिक की पीड़ा व्यक्त करने के लिए

संविधान दिवस 26 नवंबर 2022 को भारत के सर्वोच्च न्यायालय द्वारा आयोजित समारोह में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू का उद्बोधन दिल को छू लेने वाला था। शायद पहली बार राष्ट्रपति ने लिखित भाषण नहीं दिया। जिस प्रकार उन्होंने अपने मन के विचार व्यक्त किए, वैसा सामान्यतया राष्ट्रपति द्वारा कभी नहीं किया गया। उनका उद्बोधन कितना प्रभावी था वह इसी से स्पष्ट होता है कि सभी प्रबुद्ध श्रोताओं, जिनमें सर्वोच्च न्यायालय एवं उच्च न्यायालयों के न्यायाधीश सम्मिलित थे, ने उद्बोधन समाप्त होने के बाद खड़े होकर काफी देर तालियां बजाकर राष्ट्रपति का अभिनंदन किया। उन्होंने न तो किसी प्रकार की उच्च साहित्यिक भाषा का अपने उद्बोधन में प्रयोग किया एवं न ही केवल सिद्धांतों का प्रतिपादन किया। उन्होंने, केवल उनके द्वार स्वयं अपने जीवन में देखा यथार्थ लोगों के सम्मुख रखा। यह यथार्थ वही था, जिसे देश का आम नागरिक दिन प्रतिदिन अपने जीवन में अनुभव करता है।

उन्होंने अपने उद्बोधन में एक विशेष उदाहरण का उल्लेख किया और बताया कि भारतीय जेलों में वर्षों तक मुकदमों के विचाराधीन रहने के कारण जेलों में बंद कैदियों में से 80 प्रतिशत ऐसे हैं, जिन्हें किसी प्रकार की कोई सजा नहीं हुई है एवं जिनके प्रकरण विचाराधीन हैं। इनके जेल में बंद रहने का प्रमुख कारण यह है कि इनकी जमानत उनके परिवार वाले इसलिए नहीं कराते हैं क्योंकि जमानत हेतु अदालती कार्रवाई पर और वकीलों को जितनी राशि देनी पड़ती है, उससे उनके घर-बार, यहां तक कि खाना बनाने के बर्तन तक बिक जाने का अंदेशा रहता है। इसका परिणाम यह होता है कि छोटे-छोटे अपराध में, एवं कई बार बिना अपराध के केवल पुलिस की जोर जबरदस्ती के कारण गरीब लोगों को, विशेषकर आदिवासी एवं दलितों को पुलिस द्वारा पकड़ कर जेल में बंद कर दिया जाता है। उनके मुकदमे की सुनवाई लंबे समय तक कई बार प्रारंभ तक नहीं हो पाती। उन्होंने यह उदाहरण इस परिप्रेक्ष्य में दिया कि सरकार द्वारा अतिरिक्त जेल बनाने के प्रस्ताव पर विचार किया जा रहा है। राष्ट्रपति ने दुख मिश्रित आश्चर्य व्यक्त किया कि हम किस प्रकार का विकास कर रहे हैं, कि देश में अधिक जेलों की आवश्यकता हो रही है। होना तो यह चाहिए कि प्रगति के साथ अपराध कम हों ताकि लोगों को जेलों में भेजने की आवश्यकता ही ना पड़े। उन्होंने बड़े मार्मिक अंदाज में हमें यह बताया कि गांव के लोग अध्यापक, वकील और डॉक्टर को भगवान का दर्जा देते हैं। हम देखते हैं कि यही 'भगवान', आम व्यक्ति के साथ किस प्रकार का व्यवहार करते हैं? राष्ट्रपति द्वारा साझा किए गए अनुभव से हम सभी अवगत हैं किंतु यह बात जब राष्ट्रपति के द्वारा स्वयं किसी सार्वजनिक मंच से कही जाती है तो यह अत्यधिक महत्वपूर्ण हो जाती है। राष्ट्रपति, आदिवासी परिवार से आती हैं और उन्होंने अपने जीवन में जो देखा, उसे सीधी-सादी भाषा में व्यक्त किया है। राष्ट्रपति ने अंत में यह भी कहा कि उन्होंने जो कहा,उसे सब समझें और जो नहीं कहा उसे भी समझें। उनका संकेत बिल्कुल स्पष्ट है कि सरकार के सभी घटकों को इस गंभीर समस्या पर विचार करके गरीबों को न्याय प्रदान करने की प्रक्रिया मैं बहुत सुधार pt करने की आवश्यकता है।

वर्तमान स्थिति में तो न्याय वही प्राप्त कर सकता है जिसके पास सत्ता का संरक्षण हो या धन की ताकत हो, जिनके बल पर वह अच्छे से अच्छा वकील कर सकता है और उसके आधार पर जमानत शीघ्र ही लेने में सफल हो जाता है।

राजनीतिक प्रभाव से किस प्रकार गम्भीर आपराधिक प्रकरण वापस लिए जाते हैं, इसके उदाहरण हमने कई राज्यों में देखे हैं। जब अपराधिक प्रकरण में सरकार के निर्णय से मुकदमे वापस लिए जा सकते हैं, तो कम से कम इतना तो किया ही जा सकता है कि जो गरीब, छोटे-छोटे अपराधों में जेलों में बंद हैं, उनके प्रकरणों का शीघ्र निस्तारण किया जाए। जब तक निर्णय न हो तो उन्हें ज़मानत देकर अपने घर में परिवार के साथ तो रहने दिया जाए। गरीब, असहाय व्यक्ति जब जेलों में बंद होते हैं, तो केवल वही कष्ट नहीं भोगते हैं, इसका खामियाजा उसके परिवार जनों को भी भुगतना पड़ता है। उनके लिए जीवन यापन भी कठिन हो जाता है क्योंकि परिवार का मुखिया ही जेल में बंद है। राष्ट्रपति ने अपने उद्बोधन में कहा कि एक ओर जहां गंभीर अपराधी, जमानत प्राप्त करके खुले घूमते हैं, वहीं दूसरी ओर केवल थप्पड़ मारने वाले व्यक्ति को अनेक वर्षों तक जेल में बंद रहना पड़ता है।

आम व्यक्ति के साथ सरकार का इस प्रकार का व्यवहार हम प्रत्येक क्षेत्र में देखते हैं। किस प्रकार से सरकारी तंत्र और विभाग आम व्यक्ति की समस्या से बेखबर रहते हैं, इसका एक उदाहरण मुझे हाल ही में देखने का मिला। मैं अपनी परिचित महिला को जयपुर के दुर्गापुरा स्टेशन पर लेने के लिए गया, क्योंकि वह अकेली आ रही थीं। ऑनलाइन जानकारी के अनुसार ट्रेन को प्लेटफॉर्म नंबर 1 पर आना था। जब मैंने दुर्गापुरा रेलवे स्टेशन पहुंच कर उनसे संपर्क किया तो वहां पर अचानक पता लगा कि ट्रेन प्लेटफार्म नंबर 2 पर आई है। हम लोग प्लेटफार्म नंबर एक पर थे। उनके लिए बाहर निकलने के लिए कोई रास्ता नहीं था सिवाय इसके कि वे ओवर ब्रिज पार करके प्लेटफॉर्म नंबर 1 पर आएँ। समस्या यह थी कि उनके पास दो अटैचियां थीं और ओवरब्रिज की सीढ़ियां एकदम खड़ी और बहुत अधिक थीं। किसी भी साधारण महिला के लिए उसे पार करना दुष्कर कार्य था यदि कोई प्रयास करे भी तो उसे दुर्घटनाग्रस्त होने का खतरा तो था ही। यह तो गनीमत थी कि किसी साथी सहयात्री ने उनकी कुछ सहायता की और वे जैसे तैसे बड़ी मुश्किल से प्लेटफॉर्म नंबर 1 पर आ पाईं। एक प्लेटफॉर्म से दूसरे प्लेटफॉर्म पर जाने के लिए स्वचालित सीढ़ियां (escalator) थीं अवश्य, किन्तु एस्केलेटर खराब पड़ा था। एक ओर जहां बहुत बड़ी धनराशि खर्च करके हम बुलेट ट्रेन जैसी तेज और वंदे भारत जैसी आरामदायक व आधुनिक ट्रेन बना रहे हैं और विश्वस्तरीय स्टेशन बनाने की बात कर रहे हैं, वहीं एक छोटे स्टेशन पर एस्केलेटर तक को सही प्रकार से संचालित - संधारित नहीं कर सकते। इसके कारण यात्रियों को कितनी परेशानी होती है, इसका अंदाजा वही लगा सकता है जो इस प्रक्रिया से गुजरता है।

> **राष्ट्रपति ने दुख मिश्रित आश्चर्य व्यक्त किया कि हम किस प्रकार का विकास कर रहे हैं, कि देश में अधिक जेलों की आवश्यकता हो रही है। होना तो यह चाहिए कि प्रगति के साथ अपराध कम हों ताकि लोगों को जेलों में भेजने की आवश्यकता ही ना पड़े। उन्होंने बड़े मार्मिक अंदाज में हमें यह बताया कि गांव के लोग अध्यापक, वकील और डॉक्टर को भगवान का दर्जा देते हैं। हम देखते हैं कि यही 'भगवान', आम व्यक्ति के साथ किस प्रकार का व्यवहार करते हैं ?**

किसी अन्य राज्य के व्यक्ति के परिवार का राजस्थान में आकर रहने पर यदि वह अपने बच्चों का प्रवेश स्कूल में कराना चाहे तो यह बिना टी सी के सम्भव नहीं है। साधारण परिवारों के जो बच्चे निजी विद्यालयों में पढ़ते थे, उन्हें अब कोरोना के कारण आर्थिक स्थिति खराब होने से राजकीय विद्यालयों में प्रवेश कराने की प्रवृत्ति बढ़ी है। इनसे भी टी सी मांगी जाती है। शिक्षा निदेशालय ने इस बात की परवाह नहीं की कि, टी सी की अनिवार्यता रखने के कारण अभिभावकों को विशेषकर निर्धन अभिभावकों को कितनी समस्या का अनुभव करना पड़ा है? उन्हें निजी विद्यालय टी सी तब तक नहीं देंगे जब तक उन्हें बकाया फीस नहीं मिल जाती। इस अवधि में न तो पढ़ाई हुई न शिक्षकों को वेतन दिया गया। क्या सरकार इस प्रकार से निजी विद्यालयों की सहायता गरीब विद्यार्थियों की कीमत पर नहीं कर रही है? यह, वैसे भी 'शिक्षा के अधिकार' कानून के प्रावधान के विपरीत है। किसी भी 14 वर्ष तक के बच्चे को विद्यालय में आयु के आधार पर कक्षा में प्रवेश दिया जाना अनिवार्य है एवं यह दायित्व विद्यालय का है कि वह बालक-बालिका को संबंधित कक्षा के शैक्षिक स्तर तक लेकर आए।

इसी प्रकार सरकार ने राशन का वितरण बायोमेट्रिक प्रणाली से करने के बाद यह दावा किया कि इससे अब गलत व्यक्ति राशन नहीं ले पाएंगे और सरकार को बहुत बचत होगी। इसका परिणाम यह हुआ कि कई स्थानों पर राशन विक्रेताओं ने बायोमेट्रिक आधार पर राशन देना प्रारंभ किया। जो अत्यंत गरीब व्यक्ति थे, उनके बायोमेट्रिक निशान का मिलान नहीं होने के कारण उन्हें राशन से वंचित रख दिया गया जो निर्धन व्यक्ति दिन भर मजदूरी का काम करते हैं उनके अंगूठे के निशान भी समय के साथ साथ बदल जाते हैं। इस व्यवस्था के कारण उनको सस्ते राशन से भी वंचित रहना पड़ता है। इस से सर्वाधिक नुकसान समाज के सर्वाधिक वंचित वर्ग को हुआ। और जो सबसे गरीब थे उनमें से कई का आधार कार्ड नहीं बन पाया। वे तो वैसे ही इस प्रणाली से राशन प्राप्त करने के पात्र नहीं रहे। क्या हमारी योजनाएं ऐसी होनी चाहिएं जिनसे सबसे गरीब व्यक्ति सबसे अधिक प्रताड़ित अनुभव करें। जो व्यक्ति सक्षम हैं, वे तो येन केन प्रकारेण अपने लिए व्यवस्था कर ही लेते हैं। समस्या तो उन्हीं की है जिस प्रकार के लोगों का जिक्र राष्ट्रपति जी ने अपने उद्बोधन में किया।

हम इस बात पर गर्व अनुभव कर सकते हैं और ऐसा कराया भी जाता है कि भारत को G-20 की अध्यक्षता मिल गई है, भारत विश्व की सबसे तेज गति से बढ़ने वाली अर्थव्यवस्था है, भारत विश्व की पांचवीं सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन गया है। इन सबसे दलित, आदिवासी परिवार के व्यक्ति को अथवा महिला को क्या लाभ मिलता है, जो जैसे तैसे मजदूरी करके अपने परिवार का पालन पोषण करती हैं। हमारे नीति- निर्धारकों को राष्ट्रपति की भावना को समझना चाहिए कि देश सबके लिए बराबर है। देश का कानून सबके लिए बराबर होना चाहिए और जो जितना कमजोर है, उसका साथ सरकार को अधिकाधिक देना चाहिए।

गरीब किसान 2- 3000 रुपये का कर्जा नहीं चुका पाए तो, उसका खेत नीलाम कर दिया जाता है। दूसरी ओर, माल्या तथा नीरव मोदी जैसे लोग बैंकों से हजारों करोड़ का कर्जा लेकर नहीं चुकाने के बाद भी विदेश जाकर ऐशो-आराम की जिंदगी गुजार रहे होते हैं। यदि ऋण न चुकाने पर सजा भुगतनी है, तो फिर वह सबके लिए समान होनी चाहिए। अपने धन एवं संपर्क के बल पर कोई व्यक्ति यहां की वित्तीय संस्थाओं को धता बताकर बिना किसी कार्रवाई के विदेश चला जाए और गांव का गरीब किसान अपने घर-बार को नीलाम करा के जेल चला जाए, यह कैसी व्यवस्था है? कानून का हथोड़ा चलना ही है तो सब पर चले, केवल गरीब पर नहीं।

स्वतंत्रता के अमृत महोत्सव में राष्ट्रपति जी के द्वारा कही गई बात को न केवल न्यायपालिका, वकील, चिकित्सक और शिक्षा व्यवसाय में लगे लोगों को समझना चाहिए अपितु सरकार के विभिन्न अंगों को भी उनकी भावना के अनुसार अपने व्यवहार और कार्य पद्धति को बदलने का प्रयास करना चाहिये। ऐसा हो पाया, तब ही हम कह पाएंगे कि भारत 140 करोड़ लोगों का मजबूत, समर्थ देश है जहां गरीबों, दलितों, आदिवासियों, अल्पसंख्यकों को भी आगे बढ़ने का पर्याप्त अवसर मिलता है।

माननीय राष्ट्रपति महोदया को वंचित वर्ग की पीड़ा को सार्वजनिक मंच पर दिल से रखने हेतु धन्यवाद।

**-अतिथि सम्पादक,**
**राजेन्द्र भाणावत**
**( पूर्व आई.ए.एस. अधिकारी )**

**( 6 दिसंबर - डॉ.अंबेडकर निर्वाण दिवस )**

# डॉ. बी.आर. अंबेडकर थे, सामाजिक क्रांति के योद्धा एवं सच्चे देशभक्त


**डॉ. बीआर** अंबेडकर सामाजिक क्रांति के योद्धा एवं सच्चे देशभक्त थे। 6 दिसंबर 1956 को प्रात: ऊनके निधन का समाचार जंगल में आग की तरह फैल गया। ऑल इंडिया रेडियो ने इस समाचार को कई बार दोहराया। संसद सत्र चल रहा था। डॉ. बीआर अंबेडकर राज्य सभा के सदस्य थे, उनकी मृत्यु की सूचना मिलते ही राज्यसभा की कार्यवाही स्थगित हो गई थी।

लोकसभा में प्रधानमंत्री पंडित जवाहरलाल नेहरू ने डॉ. बीआर अंबेडकर के निधन का समाचार सुनकर संसद में भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए कहा कि डॉ. अंबेडकर ने न केवल भारत का संविधान बनाने में कठिन परिश्रम किया, बल्कि शताब्दियों से पीड़ित एवं शोषित जनसमूह के उद्धार के लिए कड़ा संघर्ष किया। वे सामाजिक क्रांति के योद्धा एवं सच्चे देशभक्त थे।

डॉ. बीआर अम्बेडकर का निधन दिल्ली 26 अलीपुर रोड स्थित उनके आवास गृह में 6 दिसंबर 1956 को 65 वर्ष की उम्र में हुआ था। दिल्ली से राजगृह मुंबई उनकी पार्थिव देह ले जाने की व्यवस्था उनके राजनीतिक प्रतिद्वंदी मुंबई निवासी सांसद कजरोलकर के प्रयास से प्रधानमंत्री पंडित जवाहरलाल नेहरू के निर्देश पर उड्डयन मंत्री बाबू जगजीवन राम ने डिकोटा हवाई जहाज से की थी।

7 दिसंबर को सुबह 3 बजे मुंबई के सांताकुज एयरपोर्ट पर शव के साथ एरोप्लेन पहुंचा था। डॉ. अंबेडकर के पार्थिव शरीर को दादर स्थित उनके निवास राजगृह में लाया गया था। मुंबई पूरा शहर शोक में डूबा हुआ था। दोपहर 2 बजे शव यात्रा राजगृह से शुरू होकर शिवाजी पार्क दादर श्मशान भूमि पहुंची। शव यात्रा में लाखों जनसैलाब उमड़ा था।

डॉ. बाबासाहेब अंबेडकर का अंतिम संस्कार बुद्ध रीति से बौद्ध विद्वान डॉ. भदंत आनंद कौसल्यायन ने किया था। इस अंतिम संस्कार में भारत के तत्कालीन प्रधानमंत्री पंडित जवाहरलाल नेहरू डॉ. अंबेडकर के सुख-दु:ख के साथी नानकचंद रतु एवं महान विद्वान सोहनलाल शास्त्री प्रमुख रूप से उपस्थित थे। मुंबई दादर चौपाटी में अंतिम संस्कार की यह पवित्र भूमि अब चैत्य भूमि के नाम से दुनिया में जानी जाती है।



पन्नालाल मेघवाल

जहां प्रतिवर्ष 6 दिसंबर को डॉ. बाबासाहेब अंबेडकर को अपनी श्रद्धांजलि अर्पित करने लाखों अनुयाई वहां पहुंचते हैं। क्यों याद करते हैं क्यों लाखों लोग उनकी समाधि चैत्य भूमि में जाकर अपना माथा टेकते हैं वह इसलिए क्यों कि उस महामानव डॉ. बाबासाहेब अंबेडकर ने अछूतों को जानवर की जिंदगी से निकाल कर इंसानियत की जिंदगी, मान सम्मान और स्वाभिमान से जीने का हक दिलाया था।

उन्हें शिक्षा प्राप्त करने का अधिकार नहीं था, संपत्ति रखने का अधिकार नहीं था। उन्हें स्वाभिमान से जीने का भी हक नहीं था। पशुओं की पूजा की जाती थी, परंतु उन्हें छूना पाप समझा जाता था। गरीब, दलित एवं पिछड़े छुआछूत एवं भेदभाव के शिकार थे।

दलितों को पानी पीने की आजादी नहीं थी। इसके लिए डॉ, बाबासाहेब आंबेडकर को महाड सत्याग्रह करना पड़ा था। महाड़ चवदार तालाब के पानी को कुत्ते बिल्ली पी सकते थे, लेकिन दलित नहीं पी सकते थे। वे यह बताना चाहते थे कि स्वर्ण उन्हें कुत्ते-बिल्ली से भी बदत्तर समझते थे।

डॉ.भीमराव अंबेडकर की अगुवाई में 20 मार्च 1927 को महाड स्थान पर दलितों को सार्वजनिक चवदार तालाब से पानी पीने और इस्तेमाल करने का अधिकार दिलाने के लिए सत्याग्रह किया। आज उसी तालाब के बीचों-बीच डॉ. बाबा साहब अंबेडकर की आदमकद प्रतिमा स्थापित है।

डॉ. बाबासाहेब अंबेडकर के महापरिनिर्वाण दिवस पर अंबेडकरवादियों को चाहिए कि शरीर में खून की अंतिम बूंद तक संविधान की रक्षा करने की प्रतिज्ञा करें। वे सामाजिक क्रांति के योद्धा के साथ धम्म क्रांति के योद्धा भी थे। वे सच्चे देशभक्त थे। ऐसे क्रांतिकारी युग प्रवर्तक क्रांतिसूर्य डॉ. बाबा साहब अंबेडकर को उनके परिनिर्वाण दिवस पर पूरा राष्ट्र नमन एवं भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित करता है।


**पन्नालाल मेघवाल,**
**वरिष्ठ लेखक एवं**
**स्वतंत्र पत्रकार**

# गहलोत के अनुसार पायलट का मुख्यमंत्री बनने का समय आ चुका है!

**राजस्थान** के मुख्यमंत्री अशोक गहलोत को सक्रिय राजनीति में 45 साल हो चुके हैं। साल 1980 से लेकर अब तक 1989 को छोड़कर वह सिर्फ जीतते ही रहे हैं। वह पहली बार 1977 के चुनाव में हारे थे। अशोक गहलोत पांच बार सांसद रहे और 1999 से अब तक पांच बार विधायक रह चुके हैं। इसके अलावा अशोक गहलोत केंद्र में राज्यमंत्री, प्रदेशाध्यक्ष, राष्ट्रीय महामंत्री और तीन बार मुख्यमंत्री रह चुके हैं। संयोग की बात यह है कि उनके सबसे बड़े राजनीतिक दुश्मन सचिन पायलट की उम्र भी 45 साल है। अर्थात, अशोक गहलोत का राजनीतिक जीवन और सचिन पायलट का जीवन बराबर है, किंतु अनुभव के आधार पर अशोक गहलोत की ही मानें, तो सचिन पायलट का अब मुख्यमंत्री बनने का समय आ चुका है।

असल में अशोक गहलोत कई बार कहते हैं कि सचिन पायलट की रगड़ाई नहीं हुई। गहलोत यह भी कहते हैं कि राजनीति में जो होता है, वह दिखता नहीं है और जो दिखता है, वह होता नहीं है। अशोक गहलोत जो बार-बार कहते है कि रगड़ाई होनी चाहिये। राजनीति में अशोक गहलोत की रगड़ाई का अर्थ सक्रिय राजनीतिक अनुभव से ही लगाया जाता है।

अशोक गहलोत कहते हैं कि उनके हर बयाने के मायने होते हैं। यदि उनके रगड़ाई वाले बयान के मायने को कसौटी पर कसा जाये तो गहलोत का कहने का अर्थ यही है कि सचिन पायलट को मुख्यमंत्री बनने का अभी पूर्ण राजनीतिक अनुभव नहीं है किंतु यह बात पूरी सच नहीं है। असल बात यह है कि सचिन पायलट पहली बार 2004 में दौसा से सांसद चुने गये थे, तब उनकी उम्र 27 साल थी। इसके बाद 2009 में अजमेर से चुनाव जीते और मनमोहन सिंह की सरकार में केंद्रीय मंत्री रहे। जनवरी 2014 में उनको 34 साल की उम्र में राजस्थान कांग्रेस का प्रदेशाध्यक्ष बनाया गया। इसके कुछ समय बाद मई 2014 में हुये आम चुनाव में वह मोदी लहर के कारण अजमेर से आम चुनाव हार गये और उन्होंने पूरी तरह से राजस्थान पर ध्यान केंद्रित कर दिया। वसुंधरा राजे की भाजपा सरकार के समय 2014 से 2018 तक उनकी खूब सियासी रगड़ाई हुई। पुलिस के लठ खाते सचिन पायलट के गूगल पर मौजूद फोटो इसकी गवाही दे देते हैं।



रामगोपाल जाट

दिसंबर में 2018 के विधानसभा चुनाव के समय पूरे प्रदेश और कांग्रेस के कार्यकर्ताओं को भी लग रहा था कि पार्टी को बहुमत मिला तो सचिन पायलट ही राजस्थान के मुख्यमंत्री होंगे। किंतु एक सप्ताह तक चले सियासी ड्रामे के बाद सोनिया गांधी ने वीटो कर अशोक गहलोत को तीसरी बार मुख्यमंत्री बना दिया। सचिन पायलट को उपमुख्मयंत्री बनाया गया। यह भी कहा जाता है कि अशोक गहलोत को इसी शर्त पर मुख्यमंत्री बनाया गया था कि मई 2019 के आम चुनाव में वह राज्य की 25 में से कम से 15 सीटें कांग्रेस के खाते में लायेंगे, लेकिन हुआ इसके बिलकुल उलट। ना केवल कांग्रेस लगातार दूसरी बार सभी 25 सीटें हार गई, बल्कि खुद मुख्यमंत्री अशोक गहलोत के बेटे वैभव गहलोत भी गजेंद्र सिंह शेखावत के सामने जोधपुर लोकसभा सीट पर करीब पौने तीन लाख वोटों से बुरी तरह हार गये।

कहते हैं कि इसके बाद सचिन पायलट ने कांग्रेस आलाकमान को अपना वादा याद दिलाया कि लोकसभा में सीटें नहीं जीतने पर अशोक गहलोत को मुख्यमंत्री पद से हटाकर उनको सीएम बनाया जाये, किंतु दुर्भाग्य से कांग्रेस अध्यक्षा सोनिया गांधी ने उनकी सुनवाई नहीं की। इसके उलट अशोक गहलोत ने सचिन पायलट को प्रदेशाध्यक्ष की कुर्सी से हटाने के लिये सत्ता और संगठन में अंदरुनी अभियान शुरू कर दिया। यह भी कहा जाता है कि सचिन पायलट और उनके गुट के माने जाने वाले मंत्रियों, विश्वेंद्र सिंह और रमेश मीणा के विभागों की फाइल्स भी सीएमओ, सीएमआर से ही अप्रूव होती थीं। ऐसा करके अशोक गहलोत की सरकार ने इन मंत्रियों को अपमानित करने का रास्ता चुना। यह भी ध्यान रखने

- **पायलट को सीएम नहीं बनाया गया तो हो सकता है मई 2024 के चुनाव से पहले वह भी पार्टी छोड़ जायें**

योग्य है कि पंचायती राज मंत्री रहते हुये सचिन पायलट की अगुवाई में राज्य का पंचायती राज विभाग पूरे देश में एक नंबर पर आ चुका था। बावजूद इसके अपने मंत्रियों पर लगातार बढ़ते दबाव के चलते अंतत: सचिन पायलट गुट ने 13 जुलाई 2020 को अशोक गहलोत सरकार से बगावत कर दी। पायलट अपने साथियों के साथ मानेसर में चले गये तो गहलोत की सरकार पहले 15 दिन तक जयपुर की कथित वैभव गहलोत वाली होटल में और उसके बाद इतने ही दिनों तक जैसलमेर की एक बजरी माफिया की होटल में कैद रही।

बाद में प्रियंका गांधी वाड्रा ने बीच बचाव कर दोनों में एक समझौता करवाया, जिसके अनुसार जल्द ही सचिन पायलट की मांगों को स्वीकार करना था। मतलब यही कि उनको मुख्यमंत्री बनाना था, लेकिन कहा जाता है कि राजस्थान में रॉबर्ट वाड्रा के कथित जमीन घोटाले में गांधी परिवार के दामाद की गिरफ्तारी से बचने के लिये सोनिया गांधी ने अशोक गहलोत को मुख्यमंत्री के रुप में आगे भी स्वीकार करने का निर्णय लिया। इस मामले को सवा दो साल हो चुके हैं। कांग्रेस के लोग कहते हैं कि सचिन पायलट को हर दो चार माह में एक नया आश्वासन देकर दिल्ली से जयपुर भेज दिया जाता है किंतु आज तक उनकी मांगें पूरी नहीं की गई हैं। पिछले महीने की 25 तारीख को जयपुर में अशोक गहलोत के मंत्रियों द्वारा कांग्रेस आलाकमान के साथ जो बगावत की गई, वह अक्षम्य थी। जिसकी रिपोर्ट भी अजय माकन और मल्लिकार्जुन खड़गे ने सोनिया गांधी को सौंप दी। हालांकि, उस रिपोर्ट पर निर्णय नहीं हुआ है, किंतु खड़गे के अध्यक्ष बनने के बाद उस पर फैसला होने की उम्मीद जताई जा रही है।


खड़गे के अध्यक्षीय शपथ ग्रहण समारोह में शामिल हुये अशोक गहलोत ने पत्रकारों से बात करते हुये जो बातें कहीं, उससे साफ हो जाता है कि उनकी प्रतिबद्धता केवल गांधी परिवार के प्रति है। जबकि उनके हाव-भाव पर गौर किया जाये तो यह भी स्पष्ट हो जाता है कि खड़गे के अध्यक्ष बनने से अशोक गहलोत खास प्रसन्न नहीं हैं। वह अब भी राहुल गांधी को अध्यक्ष बनाये जाने की रट लगाये बैठे हैं। अशोक गहलोत के हाव-भाव से भी प्रतीत होता है कि शायद उनकी कुर्सी निकट ही छीनी जा सकती है। दूसरी तरफ सचिन पायलट पूरी से तरह शांत हैं और सत्ता रिपीट कराने पर ध्यान देने की बातें कह रहे हैं। इसका अर्थ यही है कि कांग्रेस में जल्द ही एक और सियासी तूफान उठने वाला है, जिससे पहले की शांति सचिन पायलट खेमे में देखी जा सकती है।

अब सरकार को एक साल का समय बचा है, लेकिन उससे भी ज्यादा जरुरी बात यह है कि सचिन पायलट का राजनीतिक अनुभव अब उतना ही हो गया है, जितना अशोक गहलोत का साल 1998 में मुख्यमंत्री बनने के समय था। यानी अशोक गहलोत के बयानों को ही कसौटी पर कसा जाये तो सचिन पायलट का अब मुख्यमंत्री बनने का समय आ चुका है। क्योंकि जब अशोक गहलोत पहली बार मुख्यमंत्री बने थे, तब उनका अनुभव 18 साल का था और अब सचिन पायलट का राजनीतिक अनुभव भी 18 साल हो चुका है। इसलिये अशोक गहलोत के रगड़ाई वाले बयान की पूर्ति सचिन पायलट के सियासी अनुभव से हो जाती है किंतु हो सकता है कि अब अशोक गहलोत अपने बयान से फिर मुकर जायें और कोई नया सिगुफा लेकर सामने आ जायें। इसकी प्रबल संभावना भी है और अशोक गहलोत से हमेशा इसकी उम्मीद भी की जाती है।

एक बात राजनीति के जानकारों को साफ दिखाई दे रही है, यदि सचिन पायलट को मुख्यमंत्री नहीं बनाया गया, तो केवल कांग्रेस की सत्ता रिपीट होना लगभग नामुनकिन है, बल्कि आगे सचिन पायलट भी कांग्रेस में रहेंगे, इस पर भी संदेश उत्पन्न हो रहा है। कुछ लोगों का यह मानना है कि इस कार्यकाल में सचिन पायलट को सीएम नहीं बनाया गया तो हो सकता है मई 2024 के चुनाव से पहले वह भी पार्टी छोड़ जायें। अन्यथा उनको कांग्रेस से मुख्यमंत्री बनने के लिये कम से कम पांच साल इंतजार करना होगा, जो शायद उन्हें मंजूर ना हो।

**रामगोपाल जाट,**
**वरिष्ठ पत्रकार**

## मासलपुर क्षेत्र में टाइगर का मूवमेंट,गाय का शिकार किया



**मासलपुर / करौली,** (निसं)। डांग क्षेत्र में रविवार को महुआ खेड़ा नाका के अंतर्गत गोढेर वन क्षेत्र में एक बार फिर टाइगर के पैरों के निशान मिलने से लोगों में दहशत है। जयपुर स्थित वन विभाग के पगमार्क विशेषज्ञ द्वारा भेजे गए स्कैट के नमूनों का विश्लेषण करने के बाद टाईगर 132 के होने की पुष्टि की है। जिसने एक गाय का भी शिकार किया है। दूसरे दिन सोमवार को गोढेर वन क्षेत्र में ग्रामीणो ने टाईगर को देखा मगर वन विभाग के अधिकारियो ने पुष्टि नही की।

मासलपुर क्षेत्र के खेड़ा गांव के समीप के जंगलों में टाईगर के विचरण करना पाया गया। जहां उनके पगमार्क मिले हैं। रविवार को धौलपुर जिले की सीमा के पास जंगलों में पगमार्क मिले हैं। क्षेत्र में दो दिन से विचरण करने वाले टाइगर द्वारा एक गाय का शिकार भी किया है। जंगल में मृत गाय के अवशेष मिले हैं। टाईगर के मूवमेंट की खबर के बाद वन विभाग अलर्ट हुआ है। उसने टाईगर के मूवमेंट वाले इलाके में निगरानी बढ़ा दी है। टाइगर के मूवमेंट की सूचना पर वन विभाग की टीम मौके पर पहुंची और मौका मुआयना किया। क्षेत्रीय वन अधिकारी रमेश चंद्र मीणा ने बताया कि इलाके में टाइगर के पैरों के निशान मिले हैं। टाइगर को ट्रैक करने के प्रयास किए जा रहे हैं। वन विभाग की टीमें लगातार टाइगर के मूवमेंट पर नजर बनाए हुए हैं एवं लोगों से सचेत रहने की अपील की गई है। इसके साथ ही क्षेत्रिय वन अधिकारी ने कहा की रविवार को टाईगर के वन क्षेत्र मे आने के पगमार्क लिये गये लेकिन सोमवार को टीम को कही मगमार्क नही मिले। हालाकि ग्रामीण टाईगर के इसी क्षेत्र में देखने की बात कह रहे हैं।

## राशिफल मंगलवार 6 दिसम्बर, 2022



पंडित अनिल शर्मा

मार्गशीष मास, शुक्ल पक्ष, चतुरदशी तिथि, मंगलवार, विक्रम संवत 2079, भरणी नक्षत्र प्रात: 8:38 तक, शिव योग रात्रि 2:52 तक, कौलव करण सांय 6:23 तक, चन्द्रमा आज दिन 3:03 से वृष राशि में संचार करेगा।

**ग्रह स्थिति:** सूर्य-वृश्चिक, चन्द्रमा-मेष, मंगल-वृष, बुध-धनु, गुरू-मीन, शुक्र-धनु, शनि-मकर, राहु-मेष, केतु-तुला राशि में।

आज सर्वार्थ सिद्धि योग और रवियोग प्रात: 8:38 से आरम्भ होगा। आज त्रिपुर भैरव जयन्ती, संभवनाथ जयन्ती, कृत्तिका रिषभ और भण्डा दिवस है।

**सर्वश्रेष्ठ चौघड़िया:** चर 9:42 से 11:00 तक, लाभ-अमृत 11:00 से 1:35 तक, शुभ 2:53 से 4:11 तक।

**राहूकाल:** 3:00 से 4:30 तक। सूर्योदय 7:07, सूर्यास्त 5:29

**मेष**
अपने आवश्यक कार्यों को प्राथमिकता से करने का प्रयास करें। आज प्रयासों में उचित सफलता मिलेगी। व्यावसायिक स्थिति ठीक रहेगी। पारिवारिक कार्यों के लिए बाहर जाने का कार्यक्रम बन सकता है।

**वृष**
मित्रों/रिश्तेदारों के कारण भागदौड़ रहेगी और अनावश्यक धन खर्च हो सकता है। दिन के मध्यान्ह पश्चात मानसिक तनाव और भागदौड़ से राहत मिलेगी। व्यावसायिक स्थिति ठीक रहेगी। आवश्यक कार्य शीघ्रता/सुगमता से बनने लगेंगे।

**मिथुन**
आर्थिक/वित्तीय मामलों को प्राथमिकता से करने का प्रयास करें। आय में वृद्धि होगी। अटका हुआ धन प्राप्त होगा। दिन के मध्यान्ह पश्चात आर्थिक मामलों में परेशानी का सामना करना पड़ सकता है।

**कर्क**
व्यावसायिक कार्यों के लिए दिन अच्छा रहेगा। आय में वृद्धि होगी। संभावित स्त्रोत से धन प्राप्त होगा। व्यावसायिक कार्यों में प्रगति होगी।

**सिंह**
नवीन कार्यों के संबंध में सकारात्मक आश्वासन प्राप्त होंगे। अटके हुए कार्य बनने लगेंगे। चलते कार्यों में प्रगति होगी। व्यावसायिक स्थिति ठीक रहेगी।

**कन्या**
आर्थिक मामलों में लापरवाही ठीक नहीं रहेगी। संभावित धन प्राप्ति में विलम्ब हो सकता है। आवश्यक कार्यों में विलम्ब हो सकता है। दिन के मध्यान्ह पश्चात परिवार में शुभ-धार्मिक-मांगलिक संदेश प्राप्त हो सकते हैं।

**तुला**
परिवार में आपसी सहयोग-समन्वय बना रहेगा। परिवार में उत्सव जैसा माहौल रहेगा। व्यावसायिक संपर्क बनेंगे। आर्थिक स्थिति ठीक रहेगी। दिन के मध्यान्ह पश्चात यात्रा टालना ठीक रहेगा।

**वृश्चिक**
विवादित मामलों से राहत मिल सकती है। अटके हुए कार्य बनने लगेंगे। अस्त-व्यस्त दिनचर्या में सुधार होगा। दिन के मध्यान्ह पश्चात परिवार में मनोरंजन के कार्यक्रम बन सकते हैं।

**धनु**
व्यावसायिक कार्यों पर ध्यान देना ठीक रहेगा। व्यावसायिक कार्यों में व्यस्तता बनी रहेगी। महत्वपूर्ण कार्य योजना का क्रियान्वयन होगा। आर्थिक स्थिति ठीक रहेगी। परिवार में अतिथियों का आगमन बना रहेगा।

**मकर**
घर-परिवार में महत्वपूर्ण कार्य सम्पन्न हो सकते हैं। अतिथियों का आगमन बना रहेगा। परिवार में मांगलिक कार्य सम्पन्न हो सकते हैं। व्यावसायिक कार्यों के लिए बाहर जाना पड़ सकता है।

**कुंभ**
परिवार में मन को प्रसन्न करने वाले संदेश प्राप्त होंगे। परिजनों के सहयोग से वर्तमान समस्या का समाधान हो सकता है। व्यावसायिक आर्थिक स्थिति ठीक रहेगी।

**मीन**
घर-परिवार में सुख-शांति बनी रहेगी। नवीन कार्यों के संबंध में सकारात्मक आश्वासन प्राप्त होंगे। व्यावसायिक कार्यों पर नियंत्रण बना रहेगा। अटका हुआ धन प्राप्त होगा।

# युवराज की पाचवीं बार रिलॉंचिंग में लग रहे हैं 500 करोड़ : राज्यवर्धन सिंह राठौड़

## 'भाजपा की सरकार आने पर होगी कांग्रेस के घोटालों की जांच'

**जयपुर।** भाजपा के राष्ट्रीय प्रवक्ता राज्यवर्धन सिंह राठौड़ ने सोमवार को भाजपा कार्यालय में पत्रकार वार्ता के दौरान कहा कि राहुल गांधी की यात्रा में उनके फोटो के साथ 'धर्म की जय हो, अधर्म का नाश हो' स्लोगन लगे पोस्टर्स पर राठौड़ ने कहा कि जब धर्म की रक्षा के लिए जब एक ऑरिजिनल पार्टी (भाजपा) है तो तो फिर फेक पार्टी की जरूरत क्या है? धर्म का कॉपीराइट तो भाजपा के पास है। कांग्रेस पायरेटेड कॉपी है। हालांकि उन्होंने यह भी कहा कि अगर कांग्रेस धर्म के रास्ते पर आ रही है तो अच्छी बात है। वहीं राठौड़ ने कहा कि 500 करोड़ रुपए राहुल गांधी की रिलॉन्चिंग पर लग रहे हैं। राजस्थान के नौजवानों की नहीं, एक 50 साल के बच्चे की पांचवी बार इमेज रिलॉन्चिंग हो रही है। इस देश के नौजवानों में अपार क्षमता है। लेकिन फिर भी इस देश का एक नौजवान है, इसके ऊपर पांचवी बार रिलॉन्चिंग के लिए 500-500 करोड़ रुपए खर्च हो रहे हैं। ये कांग्रेस पार्टी का दुर्भाग्य है।




भाजपा के राष्ट्रीय प्रवक्ता राज्यवर्धन सिंह राठौड़ सोमवार को प्रदेश कार्यालय पर प्रेस से रूबरू हुए।

उन्होंने कहा कि 2023 का विधानसभा और 2024 का लोकसभा चुनाव नजदीक है। पूरे देश के अंदर कांग्रेस पार्टी को चलाने के लिए पैसा राजस्थान से जा रहा है। इसलिए मैं कह रहा हूं कि ये घोटाले संरक्षण और शह के साथ हो रहे हैं। अधिकारियों पर दबाव बनवाकर उनसे गलत काम करवाए जा रहे हैं। राठौड़ ने सीकर में ताराचंद मर्डर मामले में कहा कि पुलिस को राजस्थान में भी खुली छूट देनी चाहिए। उत्तर प्रदेश उदाहरण देते हुए उन्होंने कहा कि यूपी में गैंगस्टर खुद तख्ती गले में डालकर सरेंडर कर रहे हैं। खुद पैरवी करके कहते हैं कि उन्हें जमानत नहीं चाहिए। मगर इस सरकार में तो ऐसी छूट संभव नहीं दिखती।

उन्होंने चुनाव से पहले कांग्रेस द्वारा किए गए वादों की उन्हें याद

■ 'कांग्रेस चुनावी वादे पूरा करने में फेल रही'

दिलाते हुए कहा कि चुनावी घोषणा में रोजगार और भत्ता देने की बात कही थी, लेकिन एक भी वादा पूरा नहीं किया। उन्होंने कहा कि राजस्थान में 15 बार पेपर लीक हो चुका है। लेकिन सरकार इसकी सीबीआई जांच से डर रही है। पेपर लीक पर एक भी कार्रवाई नही हुई। क्योंकि इनके खुद के लोग इसमें लिप्त हैं। आज बिल पास करवाने के नाम पर पैसे मांगे जा रहे हैं। टीचर के ट्रांसफर के पैसे लिए जा रहे है। एसीबी की कार्रवाई के लिए भी मंत्री से अनुमति लेनी पड़ रही। पूरी कांग्रेस को राजस्थान के घोटाले के पैसे से चलाया जा रहा है। हमारी सरकार आई तो कांग्रेस के घोटालों की जांच कराई जाएगी।

# जयपुर में पहला स्किन डोनेशन

■ एसएमएस अस्पताल में 60 साल की महिला के ब्रेन डेड होने के बाद परिजनों ने डोनेट की स्किन

■ आग में झुलसे लोगों के लगाई जा सकेगी त्वचा

**जयपुर।** राजधानी के सवाई मानसिंह अस्पताल में सोमवार को सुपर स्पेशलिटी ब्लॉक में बने स्किन बैंक में पहला स्किन डोनेशन हुआ है। डॉक्टर्स की माने तो मृतक महिला के अब ब्लड टेस्ट की रिपोर्ट के बाद उसकी डोनेट की गई स्किन को बर्न केस पीड़ित मरीज को लगाई जाएगी।

एसएमएस अस्पताल के प्लास्टिक सर्जरी विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ. राकेश कुमार जैन ने बताया कि रविवार देर रात एक बजे वैशाली नगर निवासी 60 वर्षीय महिला अनिता गोयल को कार्डियक अरेस्ट हुआ था। परिजन उसे पास के एक निजी अस्पताल में लेकर गए, जहां चिकित्सकों ने उसे ब्रेन डेड घोषित कर दिया। इसके बाद महिला के परिजन ने स्किन डोनेशन का निर्णय किया।

डॉ. जैन ने बताया कि करीब सवा एक बजे उनके पास फोन आया। इसके बाद वे डॉ. अनुप, डॉ. आशा, डॉ. नरपत सिंह और नर्सिंगकर्मी राजेश गोयल के साथ निजी अस्पताल पहुंचे। वहां उन्होंने आइसीयू में महिला की पीठ और पैर की स्किन ली। इस प्रक्रिया में करीब दो घंटे का समय लगा। इसके बाद स्किन को बैंक में स्टोर किया गया। डॉ. जैन ने बताया कि कैडेवर मरीज की स्किन को सुरक्षित रखने के यहां पुख्ता इंतजाम है। महिला की स्किन को पांच वर्ष तक सुरक्षित रखा जा सकता है। ये स्किन आग से झुलसे चार से पांच व्यक्तियों को लगाई जा सकेगी।

एसएमएस अस्पताल में प्रदेशभर से आग के हादसों में 35 से 50 फीसदी तक झुलसे कई मरीज आते हैं। उस कंडीशन में मरीज को असहनीय दर्द होता है। ऐसे मरीज की स्किन जलने के बाद उसे न तो पट्टी की जाती है और न ही ढका जाता है, खुला रहने पर इंफेक्शन का खतरा ज्यादा रहता है। इनके शरीर में प्रोटीन लॉस और इलेक्ट्रोलाइट फ्लूड की कमी के कारण संक्रमण का खतरा होता है। स्किन बैंक से ऐसे मरीज को अगर स्किन मिल जाती है तो उसकी जान जाने का खतरा 90 फीसदी तक कम हो जाता है।

मजबूरन उन्हें उनकी ही स्किन लगाई जाती थी। जिससे उन्हें रिकवर होने में भी समय लगता था। अब ऐसा नहीं होगा। बैंक से उन्हें स्किन उपलब्ध हो जाएगी। जिससे उन्हें खतरे से बचाया जा सकेगा। हालांकि वर्तमान में इसके लिए वेटिंग जैसी बात नहीं है। स्किन डोनेशन के लिए लोगों को जागरूक भी किया जाएगा।

गौरतलब है कि स्किन बैंक में आने वाली स्किन को सुरक्षित रखने के लिए -70 डिग्री सेल्सियस तक की कूलिंग वाले फ्रिज रखे है, जिनमें इस स्किन को रखा जाता है। करीब 6 महीने पहले एसएमएस के सुपर स्पेशिलिटी विंग में ये बैंक खोला गया था, जो राजस्थान का पहला स्किन बैंक है।

# सात दिसंबर तक एफआईआर दर्ज नहीं तो होगा देशव्यापी आंदोलन

■ आरजेएस एसोसिएशन ने कर्मचारियों से की संयम बरतने की अपील

**जयपुर, (का.सं.)।** न्यायिक अधिकारी के घर चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी सुभाष मेहरा के आत्मदाह से जुड़े मामले में कर्मचारियों का बीते 18 नवंबर से चला आ रहा सामूहिक अवकाश सोमवार को भी जारी रहा। इस दौरान कर्मचारियों ने कोर्ट परिसर के बाहर आकर प्रदर्शन किया। वहीं ऑल इंडिया अधीनस्थ कर्मचारी महासंघ ने मुख्य न्यायाधीश को पत्र भेजकर कहा है कि घटना को लेकर 7 दिसंबर तक एफआईआर दर्ज करने के लिए संबंधित अधिकारी को निर्देश दिए जाए। ऐसा नहीं होने पर कर्मचारियों ने देशव्यापी आंदोलन की चेतावनी दी है।

कर्मचारी महासंघ के राष्ट्रीय महासचिव संजय सूरौठिया की ओर से मुख्य न्यायाधीश को भेजे पत्र में कहा गया कि न्यायिक कर्मचारी मुख्य न्यायाधीश के अधीन है। कोर्ट कर्मचारियों को ही न्यायपालिका से न्याय प्राप्त न हो और उन्हें आंदोलन के लिए मजबूर होना पड़े तो सामान्य जनता में भी न्यायपालिका की गरिमा के प्रति प्रतिकूल संदेश जाएगा। वहीं राजस्थान न्यायिक सेवा अधिकारी एसोसिएशन ने कर्मचारियों से अपील की है कि वे न्याय प्रशासन और पुलिस जांच पर विश्वास रखते हुए आंदोलन को समाप्त करें।

आरजेएस एसोसिएशन के अध्यक्ष डॉ. राजेन्द्र सिंह चौधरी की ओर से कर्मचारी नेताओं को भेजे पत्र में कहा गया है कि उन्हें अपनी बात रखने का पूरा अधिकार है, लेकिन इस दौरान मर्यादा का ध्यान रखा जाए। आंदोलन के दौरान ऐसे शब्दों का प्रयोग करने से बचा जाए, जिससे जब दुबारा साथ बैठकर काम करें तो किसी को शर्मिंदा नहीं होना पड़े। पत्र में कहा गया है कि न्यायिक अधिकारियों और कर्मचारियों का हमेशा से सौहार्द्रपूर्वक संबंध रहे हैं, लेकिन कुछ लोग कर्मचारियों के मंच का गलत फायदा उठाकर अमर्यादित भाषा का इस्तेमाल कर रहे हैं। गौरतलब है कि एनडीपीएस मामलों की विशेष कोर्ट में पदस्थापित कर्मचारी सुभाष मेहरा ने 10 नवंबर को न्यायिक अधिकारी के घर की छत पर आत्मदाह कर लिया था। न्यायिक कर्मचारियों का कहना है कि सुभाष की हत्या हुई है। इसलिए मामले की सीबीआई जांच करवाई जानी चाहिए। इसके साथ ही कर्मचारी न्यायिक अफसर को एपीओ करने, मृतक के परिजनों को पचास लाख रुपए मुआवजा सहित एक आश्रित को सरकारी नौकरी देने की मांग को लेकर बीते 18 नवंबर से सामूहिक अवकाश पर चल रहे हैं।




रोडवेज चालक के शेष बचे 800 पदों पर भर्ती की मांग को लेकर बेरोजगारों ने शहीद स्मारक पर सोमवार को धरना दिया।

# जयपुर डिस्कॉम में 5 को अनुकम्पा नियुक्ति

**जयपुर, (का.सं.)।** जयपुर डिस्कॉम में निगम के मृतक कर्मचारियों के 5 आश्रितों को अनुकम्पात्मक आधार पर परिवीक्षाधीन प्रशिक्षणार्थी के रुप में विभिन्न पदों पर नियुक्ति प्रदान की है। सभी को अपने पदस्थापित स्थान पर आदेश जारी होने की तिथि से एक माह में कार्यग्रहण करने के निर्देश दिए गए है।

जयपुर डिस्कॉम के प्रबन्ध निदेशक अजीत कुमार सक्सैना ने बताया कि निगम के मृतक कर्मचारियों के आश्रितों के प्रकरणों का शीघ्र निस्तारण करते हुये 2 को वाणिज्यिक सहायक द्वितीय एवं 3 को चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी के पद पर नियुक्ति दी गई है।



जयपुर में सुदर्शनपुरा नाले की चौड़ाई और सफाई का काम सोमवार से शुरू हो चुका है। नाले में गंदगी से यहां आसपास रहने वाले लोगों का बुरा हाल था।

# जन आक्रोश यात्रा में दिख रहा जन-जन का आक्रोश : राघव शर्मा

■ जयपुर शहर की आठ विधानसभा क्षेत्रों में निकली जन आक्रोश यात्रा

**जयपुर।** प्रदेश भर में फैले जंगलराज ओर बेपटरी हो रही कानून व्यवस्था एवं बढ़ रही बेरोजगारी को लेकर जनता के मन में गहलोत सरकार के विरूद्ध भारी आक्रोश है ओर अब जन आक्रोश यात्रा के माध्यम से जन जन का आक्रोश सामने आ रहा है। यह बात सोमवार को झोटवाड़ा विधानसभा क्षेत्र के करणी विहार मण्डल में शिव हनुमान मन्दिर चौराहे से प्रारम्भ हुई जन आक्रोश यात्रा में उपस्थित जन समुदाय को सम्बोधित करते हुए भाजपा जयपुर शहर जिलाध्यक्ष राघव शर्मा ने कही।

इस मौके पर पूर्व विधायक एवं मंत्री राजपाल सिंह शेखावत, शहर महामंत्री कृष्ण मोहन शर्मा एवं ओबीसी मौर्चा जयपुर संयोजक चेतन कुमावत मौजूद रहे। जन आक्रोश यात्रा के दौरान विभिन्न स्थानों पर चौपाल एवं नुक्कड सभाओं का आयोजन किया गया ओर लोक कवियों के माध्यम से कविता पाठ किया गया। सोमवार को जयपुर की आठ विधानसभा क्षेत्रों में जन आक्रोश यात्रा निकाली गई। जिसमें आदर्श नगर विधान सभा क्षेत्र में घाटगेट से जन आक्रोश यात्रा का शुभारम्भ हुआ तो वहीं सांगानेर विधानसभा में राजसिान विश्वविद्यालय के पूर्व छात्रसंघ अध्यक्ष प्रणवेन्द्र शर्मा ने श्योपुर मण्डल के कार्यकर्ताओं के साथ श्योपुर चौराहे से जन आक्रोश यात्रा को शुरू किया। मालवीय नगर विधानसभा में विधायक कालीचरण सराफ ने सिद्धेश्वर हनुमान मंदिर से जन आक्रोश यात्रा को शुरू करते हुए कहा कि प्रदेश में लग ही नहीं रहा है कि सरकार नाम की कोई चीज भी है। इस मौके पर प्रदेश भाजपा उपाध्यक्ष अजयपाल सिंह, प्रदेश भाजपा सह कोषाध्यक्ष डॉ. श्याम अग्रवाल एवं जिला उपाध्यक्ष अनिल एवं ब्रह्मकुमार सैनी मौजूद रहै। वहीं विधाधरनगर विधानसभा क्षेत्र में स्थानीय विधायक नरपत सिंह राजवी एवं जिला उपाध्यक्ष चन्द्र प्रकाश सैनी ने नाडी के फाटक से जन आक्रोश यात्रा को शुरू किया। सिविल लाईन्स विधानसभा क्षेत्र में पूर्व विधायक अरूण चतुर्वेदी ने झूलेलाल मंदिर सिंधी कॉलोनी से जन आक्रोश यात्रा को रवाना किया। इस मौके पर जिला उपाध्यक्ष रवि शर्मा एवं जिला मंत्री रेखा राठौड़ मौजूद रही। हवामहल विधानसभा क्षेत्र में पूर्व विधायक सुरेन्द्र पारीक ने चांदी की टकसाल स्थित काले हनुमान मंदिर से जन आक्रोश यात्रा को शुरू करते हुए कहा कि राज्य में कानून का इंकलाब खत्म हो गया है। वहीं अजमेर नगर निगम के उप महापौर नीरज जैन ने कहा कि जनता में अब बदलाव का मन बना लिया है बस चुनाव का इंतजार किया जा रहा है। इस मौके पर शहर मंत्री सुरेश गुर्जर, एडवांश टीम के सुयोजक रामकिशन शर्मा मौजूद रहे। जन आक्रोश यात्रा के दौरान सभी विधानसभाओं के स्थानीय पार्षद एवं कार्यकर्ता मौजूद रहै।

# कांग्रेस विधायकों के त्यागपत्र प्रकरण में सुनवाई आज

**जयपुर, (का.सं.)।** कांग्रेस के 91 विधायकों की ओर से विधानसभा स्पीकर को दिए गए त्यागपत्र पर अब तक निर्णय नहीं होने के खिलाफ भाजपा विधायक राजेन्द्र राठौड़ की ओर से पेश जनहित याचिका पर हाईकोर्ट में मंगलवार को सुनवाई होगी। जस्टिस एमएम श्रीवास्तव और जस्टिस वीके भारवानी की खंडपीठ मामले की सुनवाई करेगी। वहीं अधिवक्ता पीसी भंडारी की ओर से मामले में पक्षकार बनने का प्रार्थना पत्र दायर किया गया है। भंडारी की ओर से कहा गया है कि यह जनहित का प्रकरण नहीं है। इसमें याचिकाकर्ता और उसकी पार्टी का हित है। याचिकाकर्ता चाहते हैं कि कांग्रेस विधायकों का इस्तीफा मंजूर हो जाए तो सरकार अल्पमत में आ जाएगी और याचिकाकर्ता की पार्टी की सरकार बन जाएगी। ऐसे में याचिका में कोई भी निर्णय देने से पहले उसे भी सुना जाए।

गौरतलब है कि राजेन्द्र राठौड़ ने याचिका दायर कर गुहार की है कि विधानसभा स्पीकर को इन विधायकों के इस्तीफों पर निर्णय करने के निर्देश दिए जाए। इसके अलावा इन विधायकों के नाम सार्वजनिक करते हुए बतौर विधायक विधानसभा में इनका प्रवेश भी रोका जाए। याचिका में कहा गया है कि कांग्रेस के 91 विधायकों ने गत 25 सितंबर को स्पीकर को अपने इस्तीफे दिए थे, लेकिन उन पर अब तक निर्णय नहीं हुआ है।

# उत्तर पश्चिम रेलवे ने कबाड़ बेचकर 140.52 करोड़ रुपये कमाये

**जयपुर, (का.सं.)।** रेलवे द्वारा रेल परिसरों में अनुपयोगी तथा व्यर्थ पड़े कबाड़ (स्क्रैप) के निस्तारण करने के लिये अनेक कार्य किये जा रहे है। विजय शर्मा, महाप्रबंधक उत्तर पश्चिम रेलवे के दिशा-निर्देशों तथा प्रयासों से उत्तर पश्चिम रेलवे ने वित्तीय वर्ष 2022-23 में नवंबर माह तक अनुपयोगी तथा व्यर्थ पड़े कबाड़ (स्क्रैप) को बेचकर 140.52 करोड़ रुपये की आय का अर्जन किया है।

उत्तर पश्चिम रेलवे ने मुख्य जनसंपर्क अधिकारी कैप्टन शशि किरण के अनुसार भण्डार विभाग द्वारा स्टेशनों, रेल परिसरों, फील्ड यूनिट्स से पुराने कबाड़ (स्क्रैप) का निस्तारण कर राजस्व प्राप्त किया जो कि गत वर्ष की इस अवधि के 125 करोड़ की तुलना में 12 प्रतिशत अधिक है। उत्तर पश्चिम रेलवे को इस वर्ष कबाड़ (स्क्रैप) निस्तारण से 192 करोड़ रुपये की आय अर्जित करने का लक्ष्य प्रदान किया गया है।

# कथा तरंग की कहानियां नई दृष्टि देती हैं : डॉ. दुर्गाप्रसाद अग्रवाल

**जयपुर, (का.सं.)।** कथा तरंग और प्रौढ़ शिक्षण समिति जयपुर के संयुक्त तत्वावधान में सुप्रसिद्ध कथाकार अशोक आत्रेय, हेमंत शेष और सुभाष दीपक की 22 कहानियां से सजे कथा संग्रह 'कथा तरंग' का लोकार्पण किया गया।

मुख्य अतिथि प्रतिष्ठित आलोचक डॉ. दुर्गाप्रसाद अग्रवाल ने तीनों कथाकारों को बधाई देते हुए कहा कि कहानीकारों ने कहानी के परंपरागत ढांचे को तोड़कर नए ढंग से लिखने का प्रयास किया है। इनमें नए प्रयोग किए गए हैं। पाठक भी एक ही धारा का नहीं होता बल्कि उसकी रुचिया भी निरंतर बदलती रहती है। डॉ अग्रवाल ने संग्रह की भूमिका के लिए हेमंत शेष की सराहना करते हुए कहा कि इसके माध्यम से कहानी को नए सिरे से समझा जा सकता है। अशोक आत्रेय की कहानी प्रयोगशील है तो सुभाष परंपरागत कहानियों के निकट हैं और हेमंत शेष की कहानियां विचारशील है।

समारोह के अध्यक्ष वरिष्ठ कवि आलोचक कृष्ण कल्पित ने कहा कि तीनों लेखकों का समवेत संकलन अर्थ पूर्ण है। इसकी भूमिका में इस बात के संकेत हैं कि वह कहानी के मौजूदा ढांचे से असंतुष्ट हैं। यह नए गद्य, नई कहानी, समकालीन कथा के प्रति एक विनम्र विद्रोह है।

डॉ. राजाराम भादू ने कहा कि कलाओं की दुनिया में संवाद निरन्तर होने चाहिए। हेमन्त शेष ने हिन्दी साहित्य के पुरोधा प्रकाश जैन, रिजवान जहीर उस्मान और अशोक आत्रेय जैसे समृद्ध रचनाकारों को पुनर्स्थापित करने का प्रयास किया है। जिन्होंने जीवन में कभी समझौता नहीं किया और यह एक सार्थक प्रयास है। 'कथा तरंग' संचयन मायने रखता है। इससे कथा परम्परा को नया आयाम मिलेगा। यह संचयन पारम्परिक ढांचा तोड़ने में नयापन लाएगा। वरिष्ठ व्यंग्यकार फारूक आफरीदी ने कहा कि कथा तरंग की कहानियों में अणु शक्ति है और हृदय के भीतर उसकी अनुगूंज अपनी छाप छोड़ती है। इन कहानियों में बड़े गहरे संदेश हैं।

इस अवसर पर वरिष्ठ पत्रकार राजेन्द्र बोड़ा, प्रभाकर गोस्वामी, गनेन्द्र रिझवानी, विजय तैलंग, महेश स्वामी और डॉ. सम्बोध गोस्वामी ने भी कथा संग्रह की उपादेयता पर विचार व्यक्त किए। कथाकार आत्रेय ने 'मोक्ष', हेमंत शेष ने 'खाली कमरा' और सुभाष दीपक ने 'वंदेमातरम' कथा का पाठ किया। डॉ. प्रणु शुक्ला ने संग्रह पर पत्र वाचन करते हुए कहा कि यह संग्रह बुद्धि की तरकश और तर्क के तीरों से संयुक्त है।



कथा तरंग और प्रौढ़ शिक्षण समिति जयपुर के संयुक्त तत्वावधान में सुप्रसिद्ध कथाकार अशोक आत्रेय, हेमंत शेष और सुभाष दीपक की 22 कहानियां से सजे कथा संग्रह 'कथा तरंग' का लोकार्पण किया गया। इस दौरान प्रतिष्ठित आलोचक डॉ.दुर्गाप्रसाद अग्रवाल सहित अन्य साहित्यकार भी मौजूद रहे।


आम सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि अंकुर सहाय मेरा जायन्दा पुत्र नहीं है। हमनें सिर्फ इसका पालन- पोषण किया है एवं इसकी शादी की है और इसको अपने जीयन यापन के लिए कुछ सम्पत्ति दे दी है। ये आजकल हमारे कहने में नहीं है तथा इसका हमारी सम्पत्ति से एवं हमारे परिवार से कोई लेना- देना नहीं है। भविष्य में यदि ये हमारी सम्पत्ति के बाबत कोई विवाद इत्यादि उत्पन्न करता है तो इसका जिम्मेदार यह स्वयं होगा। माधुरी सहाय पत्नी स्व. आर. एम. सहाय, निवासी - एसपी - 15, भाभा मार्ग, मोती डूंगरी, जयपुर

नम्बर मिलाइए 9587884433

सिर्फ एक फोन कॉल पर विज्ञापन घर बैठे बुक करायें।

आम सूचना सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मोहम्मद हुसैन का दिनांक 27.12.2014 को देहांत हो चुका है। स्व.मोहम्मद हुसैन के देहांत के पश्चात उनके विधिक वारिसानों के मध्य पारिवारिक समझौता दिनांक 21.02.2021 को हो चुका है। इस पारिवारिक समझौते से प्लॉट नम्बर-282, जगन्नाथपुरी, कालवाड़ रोड, झोटवाड़ा, जयपुर कुल क्षेत्रफल 216 वर्गगज श्री इकराम हुसैन का प्राप्त हुआ। श्री इकराम हुसैन पुत्र स्व.श्री मोहम्मद हुसैन ही उक्त प्लॉट नम्बर 282 का एक मात्र मालिक, स्वामी, काबिज है। उक्त प्लॉट कोई दीगर व्यक्ति अपना बताकर अन्य किसी को भी हस्तांतरित, बख्शीश, रहन, विक्रय आदि ना करें। ना ही अन्य कोई व्यक्ति खरीदे। अन्यथा स्वयम् जिम्मेदार होगा।
जयपुर (मुजीर उर रहमान) एडवोकेट
दिनांक-05/12/2022 मो.नं.-9587860191

राजस्थान आवासन मंडल, वृत्त प्रथम, प्रताप नगर जयपुर
क्रमांक : 12493 जाहिर आम सूचना दि. 5.12.2022
राजस्थान आवासन मण्डल की प्रताप नगर, सांगानेर योजना में वरियता क्रमांक P-14/G-1/MA/SFS/ DUP/SEC-26 प्रताप नगर, सांगानेर का आवंटन श्री रमेश कुमार पुत्र श्री रेखा चन्द को किया जाकर आरक्षण पत्र 4886 दिनांक 19.01.2008 के द्वारा जारी किया जाकर आवास संख्या 263/749 (MIG-A), (एरिया 96.00 वर्गमीटर) आवंटित किया गया। श्री रमेश कुमार की मृत्यु दिनांक 23.01.2018 को हो जाने के कारण वसीयतनामा के आधार पर श्री दीपक कुमार तोलानी पुत्र स्व. श्री किशन चन्द द्वारा उक्त आवास को अपने नाम हस्तान्तरण करने हेतु आवेदन किया गया है। अतः उक्त आवास के हस्तान्तरण बाबत किसी व्यक्ति / पक्षकार को कोई आपत्ति हो तो अद्योहस्ताक्षर कर्ता के कार्यालय में 7 दिवस में अपनी आपत्ति प्रस्तुत करें अन्यथा यह मानते हुए की मण्डल रिकॉर्ड में नाम दर्ज करने में किसी को कोई आपत्ति नहीं हैं, श्री दीपक कुमार तोलानी पुत्र स्व. श्री किशन चन्द का नाम मण्डल रिकॉर्ड में दर्ज कर दिया जावेगा। भवदीय
संपदा प्रबंधक, वृत्त प्रथम, राज. आवा. मं. जयपुर

राजस्थान आवासन मंडल, वृत्त प्रथम, प्रताप नगर जयपुर
क्रमांक : 12477 जाहिर आम सूचना दि. 5.12.2022
राजस्थान आवासन मण्डल की वाटिका आवासीय योजना सांगानेर जयपुर में आवेदक श्री मुरलीधर मीणा पुत्र श्री हर सहाय मीना द्वारा आवेदन क्रमांक RHB / 014034 अल्प आय वर्ग में आवास आवंटन हेतु निवेदन किया गया था। मण्डल नियमानुसार वरियता लॉटरी दिनांक 06.01.2021 के द्वारा वरियता क्रमांक P/04/G&V/LIG/HPS/Vatika/2020 निर्धारित किया जाकर पूर्व ग्रहण राशि मांग क्रमांक 4654 दिनांक 16.07.2021 जारी किया गया था। तत्पश्चात आवास आवंटन लॉटरी दिनांक 24.03.2022 के द्वारा आवास संख्या 1/214 आवंटित किया गया। श्री मुरलीधर मीणा की मृत्यु दिनांक 21.07.2022 को हो जाने के कारण उनकी पत्नी श्रीमती पप्पी मीणा पत्नी स्व. श्री मुरलीधर मीणा द्वारा आवासन मण्डल मे अपना नाम मण्डल रिकॉर्ड में दर्ज कराने बाबत आवेदन पत्र प्रस्तुत किया हैं। अतः उक्त पंजीकरण / आवंटन का हस्तान्तरण बाबत किसी व्यक्ति / पक्षकार को कोई आपत्ती हो तो अद्योहस्ताक्षर कर्ता के कार्यालय में 7 दिवस में अपनी आपत्ति प्रस्तुत करें अन्यथा यह मानते हुए की मण्डल रिकॉर्ड में नाम दर्ज करने में किसी को कोई आपत्ति नहीं हैं, श्रीमती पप्पी मीणा पत्नी स्व. श्री मुरलीधर मीणा का नाम मण्डल रिकॉर्ड में दर्ज कर दिया जावेगा। भवदीय
संपदा प्रबंधक, वृत्त प्रथम, राज. आवा. मं. जयपुर

सम्पत्ति-क्रय-विक्रय

इंद्रागांधीनगर/मालवीयनगर/सिद्धार्थ नगर/प्रतापनगर, (JLN-रोड/ रिंगरोड़), जगतपुरा/मॉडलटाउन आसपास सभी हाउसिंगबोर्ड कॉलोनी, सेक्टर-रेजिडेंशियल/कमर्शियल/एग्रीकल्चर/इण्ड्रस्ट्रियल/ हॉस्पिटल/इन्स्टीट्यूशन्स/फार्महाउसेस/रिसोर्ट, लेण्डस -(बेचने-खरीदने) हेतुः-भावना एंटरप्राइजेज, रियलिटी चेम्बरः-7599912345

खोया पाया

मेरा मकान नंबर 183/104 प्रताप नगर सांगानेर का मूल संशोधित आवंटन पत्र क्रमांक 3224 दिनांक 25.01.2008 कहीं गुम हो गया है मिलने पर सूचित करें- निष्चय निर्भीक 9414180808

मेरे मकान संख्या 5/338 SFS मानसरोवर के मूल दस्तावेज आवंटन पत्र एवं कब्जा पत्र कहीं गुम हो गये है। मिलने पर सूचित करें 9672781277 वन्दना सिंह

मेरा राजस्थान फार्मेसी काउंसिल द्वारा जारी फार्मासिस्ट पंजीयन प्रमाण पत्र संख्या 47149 जारी दिनांक 15.07.2016 कहीं खो गया है, मिलने पर सूचित करें। अशोक कुमार मीणा बास का टीबा, निवाणा, तहसील चौमूं जिला जयपुर राज. मो. 8005966313

कार्यालय सहायक आयुक्त (प्रथम) देवस्थान विभाग, जयपुर
राजस्थान सार्वजनिक प्रन्यास अधिनियम 1959 की धारा 23 के अधीन नोटिस
समस्त सम्बन्धित व्यक्तियों को
मुकदमा नम्बर 69/2022
(नाम, वर्णन तथा निवास स्थान)
चूंकि श्री लक्ष्मी नारायण अग्रवाल कार्यवाहक प्रन्यासी / (अध्यक्ष) ने प्रन्यास श्री गंगाबक्स फूलचन्द टाटीवाला चैरीटेबल ट्रस्ट सांभर लेक जयपुर जिसका पंजीयन क्रमांक 06 जयपुर 2005 है के सम्बन्ध में राजस्थान सार्वजनिक प्रन्यास अधिनियम 1959 की धारा 23 के अन्तर्गत दिनांक 15.09.2021 को प्रस्ताव पारित कर श्री शंकरलाल भाटी, भंवरलाल भाटी व श्रीमति गीता देवी का देहान्त हो जाने के कारण उनके रिक्त स्थान पर श्रीमति रेखा अग्रवाल, श्री अमित कुमार अग्रवाल, श्री चन्द्रप्रकाश अग्रवाल व श्री मुकेश कुमार टाटी को नवीन प्रन्यासी नियुक्त कर उनके नामों को विधान में दर्ज अभिलेख कराने का निवेदन कर जाचं किये जाने के लिए प्रपत्र-8 में आवेदन-पत्र दिया है।
अतएवं धारा 23 में प्रदत्त शक्तियों के प्रयोग में उपर्युक्त प्रन्यास में हुवे परिवर्तन / संशोधन जिसकी जांच की जा रही है, में हित रखने वाले समस्त व्यक्तियों के नाम, व्यापक जानकारी के लिए यह नोटिस प्रकाशित किया जाता है कि वे इस नोटिस के जारी होने की तारीख से तीस दिन के भीतर उक्त प्रन्यास के सम्बन्ध में आपत्तियां, यदि कोई हो प्रस्तुत करें।
और यह सूचित किया जाता है कि यदि उपरोक्त निर्दिष्ट अवधि के भीतर कोई आपत्तियां प्रस्तुत नहीं की गई तो उक्त आवेदन-पत्र निर्धारित रीति से निर्णित किया जावेगा तथा जांच ग्रसित मामले मे निष्कर्ष अभिलिखित किया जावेगा।
आज दिनांक 2.12.22 को मेरे हस्ताक्षर तथा कार्यालय मोहर के अधीन जारी किया गया।
आइन्दा तारीख पेशी 5.1.23
मोहर अदालत
रतनलाल योगी (आर.ए.एस)
सहायक आयुक्त (प्रथम)
देवस्थान विभाग, जयपुर

आम सूचना सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे मुवक्किल जहीर अब्बासी पुत्र श्री गैंदा खां आयु 49 वर्ष निवासी 313, आमगढ शक्ति कालोनी, दिल्ली बाईपास रोड, ट्रांसपोर्ट नगर, जयपुर-3 के पुत्र शाहरुख व पुत्रवधु श्रीमती रुबीना उनके व उनके परिवार के कहने में नहीं है। इसलिये मेरे मुवक्किल जहीर अब्बासी ने अपने उक्त पुत्र व पुत्रवधु को आज से कई माह पहले ही अपनी समस्त चल व अचल सम्पत्ति से बेदखल कर दिया है। इसलिये मेरा मुवक्किल व उसका परिवार उनके किसी भी कृत्य के लिए जिम्मेदार नहीं है। जो कोई भी उनसे किसी भी तरह का व्यवहार रखेगा, संव्यवहार करेगा अथवा किसी भी तरह का लेन-देन करेगा उसके लिए वह व्यक्ति स्वयं जिम्मेदार होगा। सूचित रहे।
(मोहम्मद हारून) एडवोकेट
दिनांक-5/12/22 मो.नं.-9829184976

उत्तर पश्चिम रेलवे
खुली ई-निविदा सूचना
सं.: ईएल/118/22आर/2022-23/डब्ल्यू 6/टीएफ दिनांक:03.12.2022 मण्डल रेल प्रबन्धक (बिजली) जयपुर द्वारा, भारत संघ के राष्ट्रपति के लिए तथा उनकी ओर से निम्नलिखित कार्यों के लिए ई-निविदाऐं आमंत्रित की जाती है। एनआईटी संख्या : ईएल/जेपी/22आर/2022-23 कार्य का नाम: JPdiv-Schedule Maintenance of 500 kVA DG Set of various make power car (Cummins/Greaves/KOEL) for the period of two years. अनुमानित लागत: 5560198.88 बयाना राशि: 111200.00 निविदा खोलने की तिथि: 02.01.2023 नोटः- ई-निविदा की अंतिम तिथि एवं समय: निविदा खोलने की तिथि को 15:00 बजे तक ई-निविदा खोलने की तिथि एवं समय: निविदा खोलने की तिथि को 15:00 बजे के बाद सम्पूर्ण जानकारी के लिए वेबसाइट का पता:http://www.ireps.gov.in 1021-AC/22
हमें /NWRailways NWRailways_ पर फॉलो करें

NAME CHANGE

I have changed my name from Anita Jat to Anita Chaudhary D/o Chunnilal Jat for all purpose. R/o- 10-B, Ganpati Nagar, Behind Regional College, Ajmer- 305001

I have changed my name from Mohammed Ayyub khan to Mohammad Ayub khan S/O Abdul aziz R/O 201, Jagdish coloni, Rainbow jvailars, Ramgarh Moad, Jaipur (Raj)

राकेश रावल और पूर्णिमा रावल का पुत्र ध्रुवील (Dhruvil) अब ध्रुवील रावल (Dhruvil Raval) के नाम से जाना जावे।

मेरा नाम हर्षित है जिसे बदलकर मैंने अपना नया नाम हर्षित अग्रवाल पुत्र मुकेश कुमार- बी-28, लक्ष्मी नगर-4, चरण नदी, मुरलीपुरा, जयपुर रखा है। भविष्य में मुझे इसी नाम से जाना पहचाना जावे।

# जी 20 शेरपा बैठक का अनोखा पल, राजस्थानी साफे में बंधे दुनिया के 29 देश

## मैराथन जी-20 बैठक में विभिन्न वैश्विक मुद्दों पर हुई चर्चा

**उदयपुर,** (कासं)। सोमवार को सुबह से शाम तक ताज फतेह प्रकाश पैलेस के दरबार हॉल में जी 20 शेरपा बैठक का दौर चला। प्रातः 8 बजे बैठक की शुरुआत करते हुए भारत के शेरपा अमिताभ कान्त ने भारत की जी 20 अध्यक्षता को लेकर अपने विचार व्यक्त किए। इसके पश्चात वित्त मंत्रालय के आर्थिक विभाग सचिव अजय सेठ द्वारा फायनेंस ट्रेक पर ओवरव्यू प्रस्तुत किया गया।

प्रातः 9 बजे से टेक्नीकल ट्रांसफॉर्मेशन पर चर्चा हुई जिसमें डिजिटल इकोनोमी, स्वास्थ्य एवं शिक्षा पर चर्चा हुई। इसके पश्चात ग्रीन डवलपमेंट एंड लाइफस्टाइल फॉर इन्वायरमेंट ;लाइफ पर सेशन हुआ जिसमें विभिन्न देशों के शेरपा ने अपने विचार व्यक्त किए। दोपहर 1.30० बजे से 3 बजे तक लंच के पश्चात पुनः चर्चा का दौर शुरू हुआ। अंत में ग्लोबल एंड रिजनल इकोनोमिक प्रोस्पेक्ट एंड चेलेंजेस विषय पर चर्चा हुई जिसमें आईएमएफ से लुईस ब्रेवर एवं क्रिस्टीन कॉस्टल ने प्रस्तुतीकरण दिया।

भारत के जी 20 शेरपा अमिताभ कांत ने 13 कार्यकारी समूहों में भारत की जी 20 प्राथमिकताओं को प्रस्तुत किया। शेरपा ने विकसित और विकासशील देशों के बीच सभी की जीत वाला सहयोग बनाने के लिए जी 20 अध्यक्ष के रूप में अपनी भूमिका का उपयोग करते हुए ग्लोबल साउथ की वास्तविक आवाज के रूप में भारत के कर्तव्य पर प्रकाश डाला। वित्त मंत्रालय में आर्थिक मामलों के विभाग के सचिव अजय सेठ ने दुनिया के सामने आज की प्रमुख आर्थिक चुनौतियों की रूपरेखा रखी। इसके बाद डिजिटल अर्थव्यवस्थाएं स्वास्थ्य और शिक्षा पर कार्य समूहों की भागीदारी के साथ तकनीकी परिवर्तन पर पहला सत्र हुआ। इसके अलावा जी 20 देशों के प्रतिनिधियों, आमंत्रित अतिथियों और अंतर्राष्ट्रीय संगठनों के प्रमुखों ने कई तरीकों से प्रौद्योगिकी की शक्ति का बेहतर लाभ उठाने के लिए महत्वपूर्ण हस्तक्षेप साझा किए।



उदयपुर में आयोजित हो रही जी20 शेरपा बैठक के दौरान माणक चौक में विदेशी अतिथियों के साफे बांधे गए।

**जी-20 शेरपा बैठक**

पर्यावरण के लिए हरित विकास और जीवन शैली पर दूसरे सत्र में जलवायु परिवर्तन से निपटने के लिए प्रभावी रणनीतियों पर ध्यान केंद्रित किया गया। भारत के जी 20 शेरपा ने सतत विकास लक्ष्यों को प्राप्त करने की दिशा में सामूहिक कार्रवाई को बढ ावा देने की आवश्यकता पर जोर देते हुए हरित और ऊर्जा परिवर्तन को सुविधाजनक बनाने की आवश्यकता को रेखांकित किया।

### ■ बीस किलो का साफा रहा आकर्षण का केन्द्र

बैठक समाप्ति के पश्चात माणक चौक में एक्सपीरियंस राजस्थान एट माणक चौक का आयोजन हुआ जिसमें विभिन्न देशों से आए शेरपा एवं एचओडी को बैठा कर साफा बंधा गया। साफा बांधने के बाद शेरपा भी बेहद उत्साहित दिखे एवं सेल्फी लेते नजर आए। इस दौरान कई शेरपा मीडिया से रू-ब-रू भी हुए और भारत के अपने अनुभव साझा किए। भारतीय शेरपा अमिताभ कान्त ने कहा कि जी 20० के माध्यम से वैश्विक समस्याओं को दूर करने का प्रयास किया जाएगा।

विदेशी अतिथियों को राजस्थानी साफा बंधवाने के के लिए बीकानेर के सिद्धहस्त साफा आर्टिस्ट पवन व्यास को बुलवाया गया था। व्यास ने विदेशी अतिथियों के सामने 478.5 मीटर और बीस किलो वजनी साफा बांधकर अपनी कला का प्रदर्शन किया तो सभी अतिथि इसे देखकर बडे अभिभूत हुए। कई विदेशी अतिथियों ने बीस किलो वजनी साफे व कलाकार के साथ फोटो भी खिंचवाएं।

# छह दिन तक पड़ाव डाल भाबरू पुलिस ने बिहार के नवादा से पकड़ा साइबर ठग

## आरोपी से तीन मोबाइल फोन, फर्जी सिम, 50 हजार रूपए बरामद किए

**पावटा,** (निसं)। भाबरू थाना पुलिस ने गत दिनों युवक द्वारा सुसाइड करने के मामले का खुलासा किया है। युवक ने साइबर फ्रॉड से आहत होकर फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली थी। पुलिस ने इस मामले में बिहार के नक्सलाइट क्षेत्र नवादा से एक आरोपी को गिरफ्तार कर एक नाबालिग को निरुद्ध किया है।

### ■ भाबरू थाना पुलिस ने आठ आरोपियों को गिरफ्तार कर बिहार पुलिस के सुपुर्द किया



पुलिस ने साइबर फ्रॉड का खुलासा करने के बाद प्रेसवार्ता की।

पुलिस ने आरोपी से 3 मोबाइल फोन व फर्जी सिम व 50 हजार रूपए बरामद किए है। गिरफ्तार आरोपी सौरव कुमार बिहार के नवादा के मसूदा का रहने वाला है। डीएसपी संजीव कुमार ने बताया कि जांच के दौरान पुलिस को मृतक की जेब से सुसाइड नोट भी मिला था। मामले की जांच करने पर प्रथम दृष्टया साइबर फ्रॉड होने की बात सामने आई। आरोपियों ने कृष्ण कुमार को लोन देने के नाम पर 1 लाख 151 रुपए फोन पे के जरिए ऐंठ लिए थे। इससे आहत होकर कृष्ण ने सुसाइड कर लिया था।

पुलिस ने टीम गठित कर मृतक से मिले सुसाइड नोट व मोबाइल फोन में अंकित नम्बर व खाता नम्बर के आधार पर आरोपियों की तलाश शुरू की। इस दौरान आरोपी के बिहार के नक्सलाइट क्षेत्र नवादा इलाके के होने की बात सामने आई। पुलिस टीम ने 6 दिन तक नक्सलाइट प्रभावित क्षेत्र में पड़ाव डालकर दबिश दी तथा आरोपी सौरव को गिरफ्तार किया। 8 आरोपियों को गिरफ्तार कर बिहार पुलिस को सुपर्द कर बडी कामयाबी हासिल की है।

# स्कूटी पर जा रहे दंपती को डंपर ने कुचला, मौत

**■ मंडोर में कीर्ति नगर निवासी दम्पती की मौके पर ही हुई मौत**

**जोधपुर,** (कासं)। जोधपुर के एक दंपती को पाली जिले रोहिट कस्बा क्षेत्र में डंपर ने कु चल दिया। हादसे में दोनों की मौके पर ही मौत हो गई। हादसे से जोधपुर के उनके पैतृक निवास पर शोक छा गया। पाली जिला पुलिस ने इस बारे में कार्रवाई की है। पुलिस ने बताया कि हादसे में 65 साल के दूदाराम मेघवाल और उनकी 62 साल की पत्नी सोना देवी की मौत हो गई। दंपती जोधपुर के मंडोर में कीर्ति नगर के रहने वाले थे।

दूदाराम के पुत्र रविंद्र ने बताया कि उसके पिता रातानाडा स्कूल से हेड मास्टर के पद से रिटायर हुए थे। उन्हें खेती का शौक था। इस कारण पाली के मादड़ी के पास जमीन खरीदी थी और तारामीरा की फसल कर रखी थी। माता-पिता सुबह मादड़ी के पास फार्म हाउस पर गए थे। शाम को लौटते समय हादसा हुआ। रोहट के पीएचईडी कार्यालय के सामने पति-पत्नी स्कूटी पर जोधपुर की ओर जाते दिखाई दे रहे हैं। पीछे से तेज स्पीड में डंपर आता है और स्कूटी के बिल्कुल पास से गुजरता है। इससे स्कूटी का बैलेंस बिगड़ गया और दोनों उसके नीचे कुचले गए।



पश्चिमी मोर्चे पर अचल संपत्ति के सबसे बड़े टुकड़े पर कब्जा करने के साथ 1971 के ऑपरेशन में भारतीय सेना की पाकिस्तान पर ऐतिहासिक जीत का जश्न मनाने के लिए सोमवार को लोंगेवाला और जैसलमेर में पराक्रम दिवस मनाया गया। इस दौरान बहादुर योद्धाओं का सम्मान किया गया।



कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने 'भारत जोड़ो यात्रा' के तहत सोमवार को प्रदेश के झालावाड़ जिले में करीब 32-33 किलोमीटर का रास्ता तय किया। सुबह की यात्रा राहुल गांधी ने काली तलाई से बाली बोरडा तक करीब 14 किलोमीटर तक की। इसके बाद दोपहर का विश्राम किया, तत्पश्चात दूसरे फेज की यात्रा शाम को झालरापाटन के चंद्रभागा चौराहा तक पूरी की। इस सफर में उनके साथ पूर्व उपमुख्यमंत्री सचिन पायलट, राजस्थान कांग्रेस सरकार के कई मंत्री-विधायक और तिरंगा झंड़ा लिए कार्यकर्ता और स्थानीय लोगों की भीड़ भी शामिल हुई।




मनोहरपुर दौसा हाइवे स्थित गांव गठवाड़ी के पास धलेर में गन्ने के खेत मे बैठे एक घायल बघेरे को आज ग्रामीणों की सूचना पर जयपुर से पहुंची टीम ने डॉक्टर अशोक कुमार के नेतृत्व रेस्क्यू किया। घायल बघेरे को ट्रेंक्यूलाइज कर जयपुर पहुंचाया।

# इन्फॉरमल सेटिंग से दूर हो जाएंगी दुनिया की समस्याएं: शेरपा कान्त

**उदयपुर,** (कासं)। भारतीय शेरपा अमिताभ कान्त ने कहा कि जी20 शेरपा बैठक में चर्चा में इन्फॉरमल सेंटिंग से समन्जस्य देखने को मिल रहा है और दुनिया में जो समस्याएं है वह दूर हो जाएगी। उसी के लिए कोशिश कर रहे हैं।

वे शेरपा बैठक के दूसरे दिन माणक चौक में पत्रकारों के साथ रु-ब -रु हो रह थे। कान्त ने कहा कि प्रेंसीडेंसी में पीसए हारमोनी और होपए जैसे प्रधानमंत्री ने कहा है कि हम पॉजिटीविटी लाएं हम कस्ट्रेक्टिविटी एप्रोच लाएं यही कोशिश कर रहे हैं और इसीलिए हमने खाने पर संवाद में इन्फारमल सेटिंग से बहुत लंबी चर्चा की। सुबह आठ बजे से शाम तक अलग अलग सत्रों में चर्चा ही चली है। माणक चौक में राजस्थानी पारंपरिक वेशभूषा में शेरपा डेलिगेट्स के सजने संवरने पर कान्त ने कहा कि सभी को राजस्थानी रंग में रंग दिया। उदयपुर सुंदर आयोजन के लिए बेहतर सुविधाओं और व्यवस्थाओं के लिए सरकार की तरफ से बहुत मदद मिली है।

कान्त ने सवाल के जवाब में कहा कि पूरे साल हम बैठकें करेंगें तो उसमें एक न्यू इंडिया नजर आएगा। उदयपुर से लेकर एक नया टेम्पू बना है जो कि सब जगह जाएगा। मंगलवार को सुबह भी चर्चा है और उसके बाद शिल्पग्राम जाएंगे। वहां बिजनेस मीट है। राजस्थान के क्राफ्टमेन को देखेंगे। यहां का आर्ट और क्राफ्ट समझेंगे। उनके साथ चर्चा करके सामान खरीदेंगे। उनसे शेरपा डेलिगेट्स का इंस्ट्रक्शन रहेगा। कान्त ने बताया कि सुबह से बैठक में इन्फारमल डिस्कस रहा। उसमें बहुती सारी औपचारिकताएं भी है। कई सारे इश्यू



प्रेस से रूबरू होते अमिताभ कांत।

रहे। सारे समाधान इन्फारमल होकर बाहर निकले हैं। हम सब कुछ इन्फारमल तरीके से समाधान के प्रयास कर रहे हैं। सभी प्राथमिकताए बाहर निकल कर आ रही है। उनमें भी विस्तृत चर्चा के साथ प्राथमिकताएं तय की जा रही है। उनमें

**जी-20 शेरपा बैठक**

समान तरह के इश्यूज को सामने ला रहे हैं। इश्यू नोट्स भेजे हैं। पहले दो सत्रों में इनफारमल चर्चाएं हुई है और अब हम फारमल चर्चा करेंगे। इन्फारमल में ज्यादा आसानी से समाधान निकलता है। चाय पर भी चर्चा की है। रात्रि में भोजन पर संवाद करेंगे। कल रात को इमरजिंग मार्केट पर चर्चा हुई थी।

शेरपा अमिताभ कान्त ने कहा कि ये जो अभी साफा पहनाए बण्डी पहनी और गले में दुपट्टा बांधा उससे जो लोगों में दुनियाभर का टेंशन लेकर चल रहा थे कि यह लड़ाई का टेंशन है, वो टेंशन है। यह सब टेंशन खत्म हो गया। सभी देशों के प्रतिनिधि गले मिल रहे हैं फोटो खिचवा रहे हैं। यह इन्फोरमल सेंटिंग में ही ठीक हुआ है। उन्होंने कहा कि दिन भर तो बड़ी चर्चा हुई कई चीजों पर यूरोप ने भी कई लोगों ने भी कई इश्यू उठाए। यहां आने के बाद सब टेंशन खत्म हो गया। अब साफा और बण्डी पहनकर चाय पर चर्चा करेंगे। वहां सब माहौल ठण्डा हो जाएगा।

जी20 के पूर्व अध्यक्ष एवं इण्डोनेशिया के शेरपा डियान फ्रांसा जानी ने कहा कि उदयपुर बहुत खूबसूरत सिटी है। पूरा विश्वास है अमिताभ कान्त भारत को बहुत आगे ऊंचाईयों पर ले जाएंगे। इसके लिए वे बधाई के पात्र है। और अब में उदयपुर का महाराजा बन गया हूं। उन्होंने अपना नाम जानी बताया। जानी की बधाई पर कान्त ने कहा कि जानी भारत के बहुत ही स्पेशल फ्रेण्ड है।

# ममता बनर्जी आज दरगाह जियारत और ब्रह्मा मंदिर में दर्शन करेंगी

## जिला प्रशासन ने लिया तैयारियां का जायजा, यात्रा का किया रिहर्सल

**अजमेर,** (कासं)। पश्चिमी बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी आज अजमेर आएंगी। बनर्जी दरगाह जियारत के बाद पुष्कर स्थित ब्रह्मा मंदिर में दर्शन करेंगी। सोमवार को सीएम बनर्जी की यात्रा को लेकर की जा रही तैयारी व्यवस्थाओं का एडीएम सिटी भावना गर्ग की अगुवाई में एक दल ने ख्वाजा साहब की दरगाह और पुष्कर स्थित ब्रह्मा मंदिर का जायजा लिया है।

इस दल में पश्चिम बंगाल के सुरक्षा ऑफिसर भी शामिल रहे। ममता बनर्जी की यात्रा को देखते हुए सुरक्षा के हर बिंदु को देखा जा रहा है। खादिम सैयद मुकद्दस मोईनी ने बताया कि आखिरी बार ममता बनर्जी वर्ष 1999 में अजमेर दरगाह जियारत के लिए आई थीं , इसके बाद दिल्ली पहुंची, तब उनको रेलवे मिनिस्टर बनाया गया था।

ममता बनर्जी का मंगलवार को यात्रा के दौरान पुष्कर सरोवर पर पूजा अर्चना कर जगतपिता ब्रह्मा मंदिर में दर्शन का कार्यक्रम प्रस्तावित है, इसको लेकर सोमवार को जिला प्रशासन और पुलिस ने पश्चिम बंगाल से आए विशेष सुरक्षा अधिकारियों के साथ व्यवस्थाओं को जांचा सुरक्षा अधिकारियों के साथ रिहर्सल को अंजाम देकर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। मंदिर में कुछ देर इंतजार के बाद वाहनों को वापस अजमेर के लिए मोड़ दिया गया। इस दौरान पुष्कर घाट से लेकर एंट्री प्लाजा तक अजमेर पुलिस का जाब्ता तैनात रहा। बंगाल से आए सुरक्षा अधिकारियों के साथ पुलिस अधीक्षक मौजूद रहे।



पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी की यात्रा को लेकर दरगाह और पुष्कर का रिहर्सल कर एडीएम सिटी भावना गर्ग ने व्यवस्थाओं का जायजा लिया।

मुख्यमंत्री ममता बनर्जी की पहली पुष्कर यात्रा के तहत विशेष सतर्कता बरती जा रही है। इस दौरान घाट के बाहर संचालित दुकानों को यात्रा के दौरान बंद करने के मौखिक निर्देश दिए गए हैं। सोमवार को रिहर्सल के दौरान भी यह दुकानें बंद रखी गई साथ ही पुष्कर सरोवर के ब्रह्म घाट और जगतपिता ब्रह्मा मंदिर के दर्शन और पूजा अर्चना के दौरान आम श्रद्धालुओं के प्रवेश पर पाबंदी रहेगी। मुख्यमंत्री ममता बनर्जी दोपहर 12 बजे दिल्ली से किशनगढ़ एयरपोर्ट के लिए रवाना होंगी। दोपहर 12:45 पर किशनगढ़ से अजमेर ख्वाजा मोइनुद्दीन चिश्ती की दरगाह में जियारत कर सर्किट हाउस पहुंचेगी। सर्किट हाउस में विश्राम के बाद दोपहर 3 पुष्कर के ब्रह्म घाट पहुंचेंगे। यहां पूजा अर्चना करने के बाद जगतपिता ब्रह्मा मंदिर में दर्शन कर 4 बजे किशनगढ़ के लिए रवाना होंगी।

### ■ पुष्कर में यात्रा मार्ग की दुकानें बंद रखने के दिए निर्देश

# महंगाई की चोट सबसे ज्यादा माताओं व बहनों को ही लगती है: राहुल गांधी

## राजस्थान में यात्रा के दूसरे दिन झालरापाटन के चंद्रभागा चौराहे पर नुक्कड़ सभा की गई

**झालावाड़,** (निसं)।राहुल गांधी की भारत जोडो यात्रा अपने राजस्थान प्रवेश के दूसरे दिन शाम को झालरापाटन के चंद्रभागा चौराहे पर एक नुक्कड़ सभा आयोजित हुई, जिसे राहुल गांधी ने संबोधित किया इस दौरान उन्होंने मुख्य रूप से महंगाई, बेरोजगारी, किसान और मजदूरों का जिक्र करते हुए केंद्र की मोदी सरकार पर हमला किया उनके मुद्दों में जीएसटी, नोटबंदी, कृषि कानून, पेट्रोल-डीजल व गैस के दाम शामिल रहे।

राहुल गांधी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी देश के किसानों की रीड की हड्डी तोड़ तीन काले कानून लेकर आए थे। पीएम ने कहा कि इनसे फायदा होगा, लेकिन हिंदुस्तान किसान सडकों पर उतरकर प्रदर्शन करने लगे। आखिरकार किसानों की शक्ति व हिम्मत को देख घबराई मोदी सरकार ने काले कानूनों को वापस ले लिया हालांकि, यह छोटा काम नहीं था, इसमें एक साल का वक्त लग गया. किसानों ने ठंड, बारिश, गर्मी और तूफान भी झेले पर वो डटे रहे।

### ■ राहुल ने संबोधन में मुख्य रूप से मंहगाई, बेरोजगारी, किसान और मजदूरों का जिक्र किया

### ■ केन्द्र सरकार छोटे कारोबारियों का धन बड़े उद्योगपतियों को दे रही है

**राजस्थान सरकार दे रही नौकरीः-** राहुल गांधी ने कहा कि राजस्थान सरकार जिस तरह से स्कूल, कॉलेज और अस्पतालों में सरकारी नौकरी दे रही है। उसे भाजपा शासित राज्यों और केंद्र की मोदी सरकार बंद कर रही है। ऐसे में रोजगार के सभी संसाधन बंद किए जा रहे हैं। आगे उन्होंने महंगाई का जिक्र करते हुए कहा कि लगातार पेट्रोल और गैस के दाम बढ़ा रहे हैं। यूपीए के समय 400 रुपए का गैस सिलेंडर था, लेकिन आज 1100 का हो गया है। पैट्रोल का भाव 60 रुपए था, जो अब बढ़कर 107 रुपये हो गया है, 'यह महंगाई की चोट सबसे ज्यादा माताओं व बहनों को ही लगती है।'

**मोदी सरकार ने बढ़ाई बेरोजगारीः-** राहुल गांधी ने कहा कि जिस तरह से किसानों के साथ मोदी सरकार ने कृषि कानून लाकर अत्याचार करने की कोशिश की थी, वैसे ही छोटे दुकानदार, स्मॉल व मीडियम बिजनेस चलाने वाले लोगों के साथ नोटबंदी और जीएसटी जैसे कानून लागू करके की गई यह गरीबों, स्माल व मीडियम बिजनेस वालों को चोट पहुंचाने का हथियार रहा इनका लक्ष्य हिंदुस्तान के अरबपतियों को फायदा पहुंचाना है। केंद्र सरकार छोटे कारोबारियों से सारा बिजनेस छीनकर हिंदुस्तान के सबसे बड़े उद्योगपतियों को उसे देना चाहती है।

# व्यापारी से 50 लाख रुपये की रंगदारी मांगने वाले विनोद पथैना गैंग के 3 बदमाश दबोचे

## भरतपुर की इस गैंग ने व्यापारी की कार को टक्कर मारकर उसकी हत्या भी करनी चाही थी

- **शिप्रापथ थाना पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से एक अवैध पिस्टल और पांच कारतूस भी बरामद किए**
- **गिरोह का सरगना हार्डकोर बदमाश विनोद पथैना है, जिसके संपर्क उत्तरप्रदेश, मध्यप्रदेश, दिल्ली, हरियाणा, पंजाब राज्यो के विभिन्न संगठित आपराधिक गिरोह के बड़े आपराधियों से है।**

**जयपुर** (कासं)। शिप्रापथ थाना पुलिस ने भरतपुर की विनोद पथैना गैंग के तीन बदमाशों को गिरफ्तार किया है। गिरोह ने मानसरोवर क्षेत्र में रहने वाले एक व्यापारी से 50 लाख रूपए की रंगदारी मांगी थी, रकम नहीं देने पर उसकी कार को टक्कर मारकर उसे जान से मारने का प्रयास भी किया था।

डीसीपी (साउथ) योगेश गोयल ने बताया आरोपित ओमवीर उर्फ मोनू (28), नटवर चौधरी (25) निवासी गांव पथैना, सुशील चौधरी (26) निवासी गांव कवई जिला भरतपुर को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस की गिरफ्त में आए आरोपित भरतपुर की पथैना गैंग से जुडे हुए हैं। बदमाश ओमवीर उर्फ मोनू के कब्जे से एक पिस्टल व 5 कारतूस बरामद किए गए हैं।

थानाधिकारी नेमीचंद ने बताया गिरोह का सरगना हार्डकोर बदमाश विनोद पथैना है, जिसके उत्तरप्रदेश, मध्यप्रदेश, दिल्ली, हरियाणा, पंजाब राज्यो के विभिन्न संगठित आपराधिक गिरोह के बड़े आपराधियों से सम्पर्क है। बदमाश विनोद पूर्व में एक व्यापारी से 50 लाख की रंगदारी मांगने के मामले में हाल ही जेल से छूट कर आया है, जिसने इलाके निवासी एक कंस्ट्रक्शन व्यापारी से 50 लाख की रंगदारी मांगी थी। नहीं देने पर अपने गिरोह के बदमाश ओमवीर, नटवर और सुशील को भरतपुर से बुलवाकर कर व्यापारी पर हमला करा दिया। इस पर पुलिस ने तीनों आरोपियों को गिरफ्तार कर सरगना की तलाश शुरू कर दी है।

## कार्य बहिष्कार की चेतावनी दी

**जयपुर** । राजस्थान संविदा नर्सेज एसोसिएशन ने सोमवार को यूटीबी पर कार्यरत कार्मिकों को वेतन स्वीकृति एवं संविदा रूल्स-2022 में शामिल करने की मांग को लेकर मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंप कर बहिष्कार की चेतावनी दी है। प्रदेशाध्यक्ष गिरीश शर्मा ने बताया कि यूटीबी पर कार्यरत कार्मिकों को संपूर्ण राजस्थान में विगत 7 से 8 महीने से वेतन नहीं दिया गया है। वहीं आगामी भर्ती प्रक्रिया में अभ्यर्थियों के अनुभव प्रमाण पत्र जारी नहीं हो पा रहे हैं। बार-बार प्रशासनिक अधिकारियों से अनुरोध के बाद भी कार्मिकों की मांग पर ध्यान नहीं दिया जा रहा है। वेतन नहीं मिलने की स्थिति में अभ्यार्थी बोनस अंक से वंचित रह सकते हैं। इसी मांग को लेकर सोमवार मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपा। अगर जल्द ही मांग पूरी नहीं की गई तो कर्मचारी मजबूर होकर संपूर्ण राजस्थान में कार्य बहिष्कार करेंगे।

# एस.एम.एस. के ट्रोमा में भर्ती बदमाशों की हालात में सुधार

- **राजू ठेहट की हत्या के बाद पुलिस के साथ आरोपियों की मुठभेड़ हुई थी**

**जयपुर**, (कासं)। पुलिस मुठभेड़ में गोली लगने से घायल हुए गैंगस्टर राजू ठेहट की हत्या के आरोपी हरियाणा के दोनों बदमाशों को जयपुर के एसएमएस अस्पताल में इलाज चल रहा है। चिकित्सकों के अनुसार दोनों की हालात में सुधार हो रहा है।

अस्पताल से मिली जानकारी के अनुसार दोनों बदमाश जतिन वर्मा और सतीश को एसएमएस अस्पताल के ट्रोमा सेंटर के सेमी आईसीयू में भर्ती किया गया। फिलहाल दोनों की हालात में काफी सुधार है।

रविवार देर रात एक बदमाश का ऑपरेशन किया गया था। अस्पताल में सुरक्षा की दृष्टि से काफी जाप्ता तैनात किया गया है। पुलिस सूत्रों के अनुसार दोनों बदमाशों को जल्द ही पुलिस कस्टडी में अस्पताल से सीकर शिफ्ट किया जाएगा। गौरतलब है कि हमलावर जतिन वर्मा और सतीश की गिरफ्तारी के दौरान दो के पैर में गोली लग गई थी।

ऐसे में इन दोनों आरोपियों को यहां एसएमएस अस्पताल के ट्रोमा सेंटर में भर्ती कराया गया है। सतीश के दाएं पांव की जांघ व जतिन के घुटने के नीचे गोली आर-पार हो गई। बदमाशों की हड्डी फ्रेक्चर हुई है। एक आरोपी के गोली के कारण एक नस डेमेज हो गई है जिसको ऑपरेशन कर दुरुस्त किया गया है।

# गैंगस्टर आनंदपाल और लॉरेंस विश्नोई गैंग का हिस्ट्रीशीटर जयपुर में गिरफ्तार

**जयपुर** (कासं)। आदर्श नगर थाना पुलिस ने कुख्यात गैंगस्टर आनंदपाल सिंह और लॉरेंस विश्नोई गैंग के गुर्गे हिस्ट्रीशीटर आनंद शांडिल्य को गिरफ्तार किया है। डीसीपी (ईस्ट) डॉ. राजीव पचार ने बताया गिरफ्तार आरोपी आनन्द शांडिल्य (50) मकान संख्या-ए-40, फ्लैट नंबर. 902 किंग्सलेडिंग अपार्टमेन्ट, तिलक नगर का रहने वाला है, जो कि करोड़ों रुपये की सम्पति पर कब्जा करने की नियत से उसमें निवास कर रहे व्यक्ति को धमकी दे रहा था। आरोपित आनन्द शांडिल्य हार्डकोर व हिस्ट्रीशीटर अपराधी है, जिसके विरूद्ध पूर्व में भी विभिन्न थानों में जमीनों पर कब्जा करने व धमकी देने से संबंधित प्रकरण दर्ज हैं।



**आदर्श नगर पुलिस ने कुख्यात गैंगस्टर आनंदपाल सिंह और लॉरेंस विश्नोई गैंग के गुर्गे हिस्ट्रीशीटर आनंद शांडिल्य को गिरफ्तार किया।**

## नेमीचंद पांचाल प्रदेश अध्यक्ष बने



**जयपुर** (कासं)। विश्वकर्मा वंशी सेना के राष्ट्रीय अध्यक्ष मनोज नंदकिशोर पंचाल राष्ट्रीय उपाध्यक्ष संतोष विश्वकर्मा मध्य प्रदेश मीडिया प्रभारी दीपक पांचाल के द्वारा नेमीचंद पांचाल को राजस्थान प्रदेश अध्यक्ष नियुक्त किया गया।

नेमीचंद पांचाल ने बताया सामाजिक कार्यों में तन मन धन से सेवा करते रहेंगे और विश्वकर्मा वंशी सेना ने राजस्थान प्रदेश में समस्त विश्वकर्मा को एक जुट करने में लग जाएंगे। नेमीचंद पंचाल ने बताया कि मैं समाज को एकजुट करने में कोई कसर नहीं छोडेंगे समाज के घर घर जाकर समाज में एक दूसरे से जोडने का प्रयास करेंगे।

# शहर की सफाई को लेकर निगम आयुक्त हुए पेश

- **हाईकोर्ट ने दोनों निगम आयुक्तों को आगामी तारीख पर व्यक्तिगत उपस्थिति से छूट देते हुए न्यायमित्र को जवाब पेश करने के लिए तीन सप्ताह का समय दिया**

**-कार्यालय संवाददाता-**

**जयपुर** । शहर की सफाई व्यवस्था को लेकर सोमवार को ग्रेटर और हैरिटेज निगम आयुक्त हाईकोर्ट में पेश हुए। दोनों अधिकारियों ने कोर्ट में शपथ पत्र पेश कर सफाईकर्मियों और सफाई की जानकारी दी। वहीं अदालत ने दोनों अधिकारियों को आगामी तारीख पर व्यक्तिगत उपस्थिति से छूट देते हुए न्यायमित्र को जवाब पेश करने के लिए तीन सप्ताह का समय दिया है। न्यायाधीश एमएम श्रीवास्तव और न्यायाधीश विनोद कुमार भारवानी की खंडपीठ ने यह आदेश मामले में लिए गए स्वप्रेरित प्रसंज्ञान पर सुनवाई करते हुए दिए।

सुनवाई के दौरान न्यायमित्र विमल चौधरी ने कहा कि शहर में आठ हजार से ज्यादा सफाई कर्मचारी हैं, लेकिन सफाई के हाल बेहाल हैं। वहीं नगर निगमों की ओर से कहा गया कि शहर में सफाई कराई जा रही है और हर जगह सफाईकर्मी तैनात है। इस पर अदालत ने दोनों अधिकारियों को व्यक्तिगत उपस्थिति से छूट देते हुए मामले की सुनवाई तीन सप्ताह बाद रखी है।

## युवक से मारपीट कर नकदी छीनी

**जयपुर** (कासं)। जवाहर नगर इलाके में एक युवक से मारपीट के बाद नकदी-मोबाइल छीनने का मामला सामने आया है। पुलिस ने बताया टीला नंबर-7, निवासी विष्णु मीणा 2 दिसंबर की रात 9 बजे मामा होटल के पास से मोबाइल ठीक करवा कर बाइक से घर लौट रहा था। इस दौरान रास्ते में मोनीलेक हॉस्पिटल के पास तीन लड़कों ने उसे रोक लिया और मारपीट कर मोबाइल सहित जेब में से तीन हजार रूपए निकाल ले गए। पुलिस मामले की जांच में जुटी है।

## वृद्ध के गले से चेन तोड़ी

**जयपुर** (कासं)। मुरलीपुरा इलाके में अज्ञात चोर एक वृद्ध की सोने की चेन तोड़ ले गए। पुलिस ने बताया महाराजा कॉलोनी निवासी रतन लाल शर्मा (63) ने रिपोर्ट दी है कि 3 दिसंबर की शाम विजयबाडी स्थित खाटूश्याम जी मंदिर में भागवत कथा सुनने गया था। इस दौरान किसी अज्ञात व्यक्ति ने सोने की चेन तोड़ ली। पुलिस मामले की जांच में जुटी है।

# भारी ट्रेफिक जाम वाले 200 फीट अजमेर बाइपास पर अंडरपास या ओवरब्रिज बनेगा

## जयपुर कलेक्टर ने एनएचएआई के अधिकारियों को इसका प्रस्ताव बनाकर भेजने को कहा

- **कलेक्टर प्रकाश राजपुरोहित ने एनएचएआई के अधिकारियों से कहा कि 200 फीट अजमेर रोड पर इतना जबरदस्त ट्रेफिक जाम रहता है कि 3-4 बार रेड लाइट होने पर भी वाहनों की क्रॉसिंग नहीं हो पाती है।**
- **उन्होंने नॉर्दन रिंग रोड के प्रोजेक्ट के लिए जमीन अवाप्ति की अधिसूचना भी 20 दिसंबर तक निकालने के आदेश दिये**
- **सीकर रोड पर 14 नंबर पुलिया के नीचे अंडरपास बनाने, ब्लैक स्पॉट्स ठीक करने, स्पीड लिमिट साइनेज बोर्ड लगाने के निर्देश**

**जयपुर** (कासं)। राजधानी जयपुर के अजमेर रोड 200 फीट बाइपास पर ट्रेफिक जाम से राहत दिलाने के लिए फ्लाइओवर या अण्डरपास बनाया जाएगा। इसके लिए जयपुर कलेक्टर प्रकाश राजपुरोहित ने नेशनल हाइवे ऑथोरिटी ऑफ इंडिया (एनएचएआई) के अधिकारियों को इसका प्रस्ताव बनाकर जल्द भिजवाने के लिए कहा है। यही नहीं उन्होंने आगरा रोड से दिल्ली रोड के बीच प्रस्तावित नॉदर्न रिंग रोड के लिए जमीन अवाप्ति की अधिसूचना भी इसी महीने जारी करने के लिए कहा है।

दरअसल सोमवार को जयपुर के ट्रेफिक मैनेजमेंट में सुधार को लेकर अहम बैठक हुई। जिसमें कलेक्टर प्रकाश राजपुरोहित ने एनएचएआई के अधिकारियों से 200 फीट अजमेर रोड पर लगने वाले भारी ट्रेफिक जाम को लेकर चर्चा की। कलेक्टर ने बताया कि इस जंक्शन पर इतना जबरदस्त ट्रेफिक जाम रहता है कि 3-4 बार रेड लाइट में भी वाहनों की क्रॉसिंग नहीं हो पाती है। उन्होंने एनएचएआई अधिकारियों से यहां अंडरपास या ओवरब्रिज बनाने के निर्देश देते हुए इसका जल्द से जल्द एक प्रस्ताव भिजवाने के लिए कहा। इसके साथ ही उन्होंने 200 फीट बाइपास से 14 नबंर पुलिया तक सड़क और सर्विस लेन की रिपेयरिंग भी करवाने के लिए कहा।

बैठक में कलेक्टर ने नॉदर्न रिंग रोड के प्रोजेक्ट पर भी चर्चा की। इस पर वहां मौजूद जेडीए अधिकारियों ने बताया कि रिंग रोड का प्रोजेक्ट एनएचएआई को पूरा करना है और इसके लिए जमीन अवाप्ति भी एनएचएआई को ही करनी है। इस पर कलेक्टर ने अफसरों से जमीन अवाप्ति का स्टेट्स पूछा तो उन्होंने कहा कि ट्रांसपोर्ट कॉरिडोर के लिए सर्वे का काम पूरा हो गया है और जल्द अवाप्ति की अधिसूचना जारी कर देंगे। इस पर कलेक्टर ने अफसरों को 20 दिसंबर तक अधिसूचना जारी करने के लिए कहा।

कलेक्टर ने सीकर रोड पर होने वाले ट्रेफिक कन्जेशन पर भी ट्रेफिक पुलिस, जेडीए और एनएचएआई अधिकारियों से चर्चा की। इस दौरान उन्होंने 14 नंबर पुलिया के नीचे अंडर पास बनाने, ब्लैक स्पॉट्स को ठीक करने, स्पीड लिमिट साइनेज बोर्ड लगाने के निर्देश दिए। इसके अलावा उन्होंने ट्रेफिक जाम से कैसे निजात मिले इसके लिए प्लान बनाने के लिए भी कहा। इसमें सीकर रोड के प्रमुख चौराहों पर क्या व्यवस्था की जा सकती है इसके लिए विशेष विचार करने के निर्देश दिए।

## सार-समाचार

### सिविल लाइंस में निकाली जनाक्रोश यात्रा




**जयपुर** (कासं)। प्रदेश भाजपा की ओर से राजस्थान में जनाक्रोश रथ यात्रा निकाली जा रही है। जयपुर के सिविल लाइन विधानसभा के वार्ड नंबर 36 में इस रथ यात्रा को पूरे वार्ड में घुमाकर गहलोत सरकार की जन विरोधी नीतियों के बारे में बताया गया। साथ ही सरकार से ऐसी नीतियों को तत्काल वापस बदलने की मांग भी उठाई गई। रथ यात्रा में पूर्व मंत्री अरुण चतुर्वेदी, मंडल अध्यक्ष राजकुमार शर्मा, वार्ड पार्षद मंजू राकेश बागड़ा, रैली संयोजक सुभाष व्यास और मंडल के विधानसभा और वार्ड के सभी कार्यकर्ता उपस्थित थे।

### निवेश सूचना 18 दिसंबर तक दे सकेंगे

**जयपुर**, (का.सं.)। राज्य के पेंशनर्स अब 18 दिसम्बर तक अपने आयकर में छूट हेतु निवेश की सूचना दे सकेंगे। पूर्व में 30 नवम्बर तक पेंशनर्स को उनकी आयकर में छूट दिए जाने संबंधी निवेश की सूचना वेबसाइट पर प्रस्तुत करने की सुविधा दी गई थी। अनेक पेंशनर्स द्वारा उक्त समयावधि को बढ़ाने के लिए की गई मांग को ध्यान में रखते हुए पेंशन विभाग द्वारा राजस्थान सिविल पेंशनर्स के लिए यह सूचना प्रस्तुत कराने की अवधि अब 18 दिसम्बर तक बढ़ा दी है। पेंशन एवं पेंशनर्स वेलफेयर निदेशालय के निदेशक संजय सोलंकी ने बताया कि सूचना प्रस्तुत करने के लिए सभी पेंशनर्स पेंशन विभाग की वेबसाईट पर जाकर पेंशन सर्विसेज के अन्दर पेंशनर लॉगिन पर क्लिक करके उसमें लॉगिन के नीचे "न्यू रजिस्ट्रेशन कॉलम पर क्लिक करें और वहां सूचना को पूर्ण रूप से भरते हुए स्वयं के यूजर आईडी और पासवर्ड बना लें। जिन लोगों ने पूर्व में पासवर्ड एवं आईडी बना ली है वे सीधे लॉगिन यूजिंग यूजर आईडी से लॉगिन करके "टैक्स डिक्लेरेशन" में जाकर अपने आयकर निवेश संबंधी सूचना का विवरण प्रस्तुत कर सकेंगे।


### नाबालिग से अश्लील हरकत

**जयपुर** (कासं)। बजाज नगर इलाके में नाबालिग से अश्लील हरकत का मामला सामने आया है। पुलिस ने बताया इलाके निवासी महिला ने रिपोर्ट दी है कि राकेश से आपसी लेन देन है। आरोप है 2 दिसंबर को वह अपनी नाबालिग बेटी के साथ इलाके स्थित एक मंदिर गई थी, जहां राकेश ने बेटी से अश्लील हरकत की। पुलिस मामले की जांच में जुटी है।

### अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक एपीओ

**जयपुर**। राज्य सरकार ने एसओजी के अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक जयपाल सिंह को एपीओ कर दिया है। गृह विभाग के संयुक्त शासन सचिव जगबीर सिंह ने इस संबंध में सोमवार को एक आदेश जारी किए हैं। आदेश के अनुसार उनका मुख्यालय पी एच क्यू रहेगा।

### नागरिकता मिली तो छलके खुशी के आंसू



**जयपुर**, (का.सं.)। जयपुर जिला कलक्ट्रेट में सोमवार को 49 वर्षीय गायत्री की आंखें उस वक्त छलक आईं, जब कई सालों के इंतजार के बाद उन्हें भारतीय नागरिकता का प्रमाण पत्र प्राप्त हुआ। अतिरिक्त जिला कलेक्टर (दक्षिण) मोहम्मद अबूबक्र ने 9 पाक विस्थापितों को नागरिकता प्रमाण-पत्र सौंपे। गायत्री के साथ ही 36 वर्षीय दर्शन लाल, 43 वर्षीय नसीबन, 66 वर्षीय वाटूमल, 59 वर्षीय डॉ. अशोक कुमार, 48 वर्षीय कन्हैयालाल, 40 वर्षीय जेवरलाल, 34 वर्षीय संगीता बाई और 40 वर्षीय ज्ञानचंद को भी भारतीय नागरिकता प्रमाण-पत्र की सौगात मिली। नागरिकता प्रमाण-पत्र मिलने के बाद डॉ. अशोक कुमार ने जिला प्रशासन का आभार जताते हुए कहा कि आज कई सालों का लंबा इंतजार खत्म हुआ है और आज हम फक्र के साथ कह सकते हैं कि हम भारतीय हैं। वहीं, दिहाड़ी मजदूरी कर अपने परिवार का पालन पोषण करने वाले कन्हैयालाल ने कहा कि घर की आर्थिक स्थिति अच्छी नहीं है। नागरिकता का प्रमाण नहीं होने के कारण सरकारी योजनाओं का लाभ भी उन्हें नहीं मिल पा रहा था लेकिन अब भारतीय नागरिकता मिलने के बाद ना केवल उन्हें पहचान मिली है बल्कि अब सरकारी योजनाओं की मदद से वे अपने परिवार का भरण पोषण बेहतर तरीके से कर पाएंगे। इस मौके पर अतिरिक्त जिला कलेक्टर (दक्षिण) मोहम्मद अबूबक्र ने भारतीय नागरिकता हासिल करने वाले सभी पाक विस्थापितों को शुभकामनाएं दीं और कहा कि जिला प्रशासन नागरिकता के आवेदनों पर प्राथमिकता से नियमानुसार कार्यवाही कर प्रमाण-पत्र जारी करता है ताकि आवेदक किसी भी परेशानी का सामना ना करना पड़े।

# गर्वमेंट हॉस्टल पर ट्रैफिक सहायता बूथ का उद्घाटन




**जयपुर** (कासं)। पुलिस उपायुक्त यातायात प्रहलाद सिंह कृष्णियाँ ने गवर्नमेंट हॉस्टल चौराहे पर लायंस क्लब मालवीय नगर जयपुर द्वारा नवनिर्मित ट्रैफिक सहायता बूथ का फीता काटकर उद्घाटन किया।

पुलिस उपायुक्त ने लायंस क्लब के पदाधिकारियों को धन्यवाद देते हुए कहा कि सामाजिक सरोकारों की दिशा में यह अच्छा और नेक कार्य किया गया है। ट्रैफिक सहायता बूथ में कडी धूप एवं बरसात के मौसम में पुलिस कर्मियों को राहत मिलेगी। इस चौराहे पर आवागमन भी अधिक है। यहां से पर्यटक व आमजन भी यातायात से संबंधित जानकारी लेने के साथ पूछताछ कर सकते हैं।

इस बूथ के रखरखाव का कार्य भी क्लब द्वारा ही किया जाएगा। इस बूथ में पीने के पानी की मशीन भी क्लब द्वारा उपलब्ध कराई गई है। इस अवसर पर क्लब के अध्यक्ष गौरव धामाणी, सचिव शैलेंद्र खंडेलवाल, कोषाध्यक्ष दीप्ति नारंग, मुख्य संयोजक लायन तपेश जैन जिन्होंने इस बूथ का पूर्ण कार्य करवाया ने भी अपने विचार व्यक्त किए। इस अवसर पर अतिरिक्त पुलिस उपायुक्त यातायात राजेंद्र सिंह सिसोदिया को लियो क्लब द्वारा प्राथमिक चिकित्सा उपचार किट, जो शहर के सभी ट्रैफिक सहायता बूथ हेतु उपलब्धव करवाये जायेंगे, दिये जाने के कार्यक्रम का शुभारम्भ किया। इस अवसर पर पुलिस निरीक्षक सोनचंद सहित आमजन, पुलिसकर्मी एवं लायंस क्लब के पदाधिकारी उपस्थित थे।

## मुशायरे को नहीं मिले दर्शक, डेढ़ घंटा देरी से शुरू हुआ कार्यक्रम

**जयपुर** (कासं)। जयपुर स्थापना दिवस के मौके पर हो रहे कार्यक्रमों की कड़ी में सोमवार को चार दरवाजा स्थित पार्क में ऑल इंडिया मुशायरा का आयोजन किया गया।

मुशायरे की शुरुआत शाहिद हुसैन ने नात ए पाक से की। इसके बाद शफीक वारसी ने रही इज्जत न दुनिया में न मेयार जिंदा है, अना को बेचकर जिंदा हैं तो बेकार जिंदा हैं... गजल पेश की। एजाज उल हक शिहाब ने वो जिसने देखे हों हर दम फने हयात के रंग..., डॉ. शाइस्ता महजबी ने कोई हसीन सा अंदाज दे दे ए मौला, मेरे ख्याल को परवाज दे दे ए मौला... पेश की।

भोपाल से आईं साबिया असर ने पाप धुलते हैं गंगा के स्नान से, बात करती हूं मैं अपने ईमान से, कितना मैला है दिल आज इंसान का, राम गंगा तेरी उतनी मैली नहीं.. सुनाकर दाद हासिल की। इसी तरह अय्यूब बिस्मिल, सोहेल हाशमी, आलम सुल्तानपुरी, रज़ा शैदाई, अलीम शैदाई, शकील जयपुरी ने भी गजल पेश कर दर्शकों की दाद पाई।

इससे पहले कार्यक्रम का उद्घाटन जलदाय मंत्री डॉ महेश जोशी, हैरिटेज निगम की महापौर मुनेश गुर्जर और उप महापौर असलम फारूखी ने दीप प्रज्वलित कर की।

दरअसल कार्यक्रम शाम छह बजे शुरू होना था, लेकिन शाम 7:30 बजे तक दर्शक ही नहीं आाए। कार्यक्रम शुरू होने के बाद भी कुर्सियां खाली ही पड़ी रही। जो कि आमजन के बीच चर्चा का विषय रही।

# खराब सिटी स्कैन बेचने पर 10 लाख का हर्जाना

**जयपुर** । राज्य उपभोक्ता आयोग ने खराब सिटी स्कैन मशीन बेचने को सेवा दोष बताते हुए विक्रेता मैसर्स रेड इमेज टेक्नोलॉजिज व फर्म के निदेशक दीपक रॉय पर 10 लाख रु. का हर्जाना लगाया है। इसके साथ ही सिटी स्कैन मशीन के पेटे लिए गए 1.24 करोड रुपए नौ फीसदी ब्याज सहित लौटाने को कहा है। आयोग ने यह आदेश मैसर्स श्रद्धा इमेजिंग रिसर्च सेंटर के परिवाद पर दिए।

परिवाद में कहा गया कि वर्ष 2015 में परिवादी फर्म ने डायग्नोस्टिक सेंटर स्थापित करने के लिए सिटी मशीन की खरीद करने के लिए विपक्षी फर्म व उसके निदेशक दीपक रॉय से संपर्क किया था। निदेशक ने परिवादी फर्म को बताया कि वे जापान से सिटी स्कैन मशीन आयात कर उसे मुहैया करा देंगे। इसके बाद मशीन की कीमत तय होने पर परिवादी ने समय-समय पर उसे 1.24 करोड रुपए का भुगतान कर दिया। विक्रेता की ओर से छह माह की देरी से मशीन सप्लाई की गई आरैर वह बार-बार खराब होने लगी। शिकायत करने पर विपक्षी फर्म ने उसे सही मशीन मुहैया कराने के लिए कहा, लेकिन नई मशीन नहीं दी गई और इसके चलते परिवादी को लोन लेकर नई मशीन खरीदनी पडी। परिवादी ने राज्य उपभोक्ता आयोग में परिवाद दायर कर उसे खराब मशीन की क्षितपूर्ति करवाने और मशीन की राशि वापस दिलाने का आग्रह किया था।

## 'आयरन-तांबे के भंडार मिलना खुशी के संकेत'

**जयपुर**, (का.सं.)। राजस्थान का भीलवाड़ा माइनिंग क्षेत्र के लिए बड़ी खुशखबरी लेकर आया है। अतिरिक्त मुख्य सचिव माइंस एवं पेट्रोलियम डॉ. सुबोध अग्रवाल ने बताया कि भीलवाड़ा के कोटडी तहसील के चांदगढ़ में आयरन ओर (लोह अयस्क) के एक्सप्लोरेशन के दौरान (तांबा) कॉपर के भण्डार मिलने के अच्छे संकेत मिले हैं। विभाग द्वारा आरएसएमईटी के माध्यम से भीलवाड़ा के कोटडी के चांदगढ़ गांव में आयरन ओर के लिए 3500 मीटर ड्रिलिंग का कार्य करवाया जा रहा है। एक्सप्लोरेशन के शुरुआती दौर में ही आयरन ओर के साथ ही कॉपर के भण्डार मिलने के संकेत मिले हैं।

# महेन्द्र मीणा के हत्यारों की तलाश में पुलिस ने कई जगह दबिश दी

- **प्रताप नगर में चाय की थड़ी पर बैठे युवक पर बदमाशों ने की थी फायरिंग**

**जयपुर** (कासं)। प्रताप नगर इलाके में चाय की थड़ी पर महेन्द्र मीणा को गोली मारकर फरार हुए बदमाशों की तलाश में पुलिस कई जगह छापे मार रही है। हालांकि फिलहाल पुलिस टीम के हाथ खाली है, लेकिन दावा किया जा रहा है कि जल्द ही आरोपी पुलिस की गिरफ्त में होंगे।

डीसीपी डॉक्टर राजीव पचार ने एडिशनल डीसीपी (क्राइम) सुलेश चौधरी, सांगानेर एसीपी रामनिवास विश्नोई, प्रताप नगर थानाधिकारी भजन लाल समेत सीएसटी-डीएसटी टीम की मीटिंग ली। इसमें रोडमैप तैयार कर कई पुलिस टीमों को बदमाशों की तलाश में रवाना किया गया। पुलिस की कई टीमें महेन्द्र के हत्यारों की तलाश में लगातार दबिश दे रही है। पुलिस को रविवार रात सूचना मिली कि बदमाश सीकर जिले में छिपे हैं, इसके बाद विशेष टीम ने सीकर पुलिस की मदद से अलग-अलग जगहों पर दबिश दी, लेकिन बदमाश भाग छूटे। पुलिस का दावा है कि जल्द ही ये बदमाश पुलिस की पकड़ में होंगे। उधर महेन्द्र मीणा की हत्या के बाद पुलिस हिंडौन में मढ़ी गांव विनीत के घर पहुंची। जहां पर उसकी मां और दादा पुलिस को मिले। जिन से घर पर ही पुलिस ने विनीत के बारे में पूछताछ की तो दोनों ने जानकारी होने से मना कर दिया। विनीत के पिता घर पर पुलिस को नहीं मिले, जिनका मोबाइल भी बंद हैं। पुलिस ने डांग भरतपुर में बदमाश को लेकर सर्च अभियान चला रखा हैं। एक आरोपी की लोकेशन उत्तरप्रदेश के कानपुर में भी आई थी, जहां पर पुलिस टीम ने सर्च अभियान चला रखा है।



## Worldwide Food Service Safety Month

Worldwide Food Service Safety Month is observed in December, and while it focuses on keeping food prepared in the service industry safe, it also serves to remind us at home to ensure we are doing the right things to make sure what we eat stays free of risks. And since this is the month where there's a high amount of festive feasting, keeping food safe is more important than ever.



It was Balbir who gave us the reason for this too. He claimed to know for a fact from sources unrevealed, that whenever General Memsahib had a headache in the evening, the General would be on a warpath the next morning. When Memsahib's headache would abate, then our alert status would also deescalate to "Stand Down". It was after one particularly prolonged period of headaches, that Deepak Datta proposed air-dropping a carton of Aspirin over the General's home in Islamabad.



# Why Rajasthan is Invincible?



**Wg. Cdr. CSV Ramany, VM (G)**
*The author is a retired IAF fighter pilot*

## #LORE

It was in the late 1970s, and we of the Hunter Strike Squadron were in our Operational Location in the northwest corner of the Thar Desert. Life was good – zipping across the arid desert sands in the morning, delivering weapons load in the afternoon, followed by rum paani in the evenings. Our Rajasthani tea club major domo, Balbir, would pamper us all the while, twirling his huge moustache and imparting wisdom to us, in his typical Marwari baritone. Balbir was a non-combatant (enrolled) with us. He was the only one who had been given permission by Flight Commander Buzzy to dispense with his uniform head gear and wear a Rajasthani turban instead. Balbir is now in the Valhalla of fighter pilots, where he is undoubtedly pampering generations of fighter pilots with rum paani and boiled eggs, and continuing to impart his worldly wisdom.

It was Balbir who would ask us to fly low in the northeast so that we could see for ourselves that, contrary to popular belief, Rajasthan was not arid at all. The northernmost part of Rajasthan abuts two borders – the state of Punjab and Pakistan. But more about Pakistan later. Bordering the state of Punjab is Sri Ganganagar, which is rightly called "The Food Basket of Rajasthan", owing to its fertile land, just like its neighbour in Punjab. The whole area was once very barren and dry, but was converted to greenery due to the vision of Maharaj Ganga Singh, who constructed the Gang Canal to carry surplus overflow water from Himachal Pradesh and Punjab to this town.

### Tract Of Rajasthan

Today Sri Ganganagar is famous for its produce of wheat, cotton, mustard, bajra, grams and sugarcane, besides being one of the largest producers of blood orange kinnows. There is also a poultry industry here where you get almost circular shaped golden coloured eggs. Hard boiled and sliced, these eggs taste great with the evening rum paani, which Balbir would give us daily.

The only fly in the ointment, was the very frequent and extremely erratic change in our "alert status" (state of readiness for military action). From "Stand Down" to "Standby 15" to "Standby 5" to "Standby 2", we would be shuttled between our alert status very regularly, and for no apparent reason. While this severely called into question the state of the mental and gonadal faculties of the Generals next door, it's not as if we minded – it is after all what we had been trained to do. We just wished that the Pakistani Generals would make up their mind on their intentions, so that we could beat them to a pulp when they did.



Dried up Saraswati river.

It was Balbir who gave us the reason for this too. He claimed to know for a fact from sources unrevealed, that whenever General Memsahib had a headache in the evening, the General would be on a warpath the next morning. When Memsahib's headache would abate, then our alert status would also de-escalate to "Stand Down". It was after one particularly prolonged period of headaches, that Deepak Datta proposed air-dropping a carton of Aspirin over the General's home in Islamabad. Would not work – said Balbir – claiming that it was not Memsahib's propensity force phalalgia that worked in our favour. Why not, asked Deepak.

This was all the invitation Balbir needed. Over the next several pegs of rum, some of which were secretly slipped to him as well, he propounded that our squadron was totally invincible due to its geographic location. Two of the holiest rivers of yore, the Saraswati and the Drishadvati had flowed through this area, making this tract of Rajasthan one of the most protected lands in India.

> During the Vedic period, this land was known as Brahmavarta, which was the confluence of the two Vedic rivers of Saraswati and Drishadvati. Balbir felt that this is where the rishis composed the Vedas and other Sanskrit texts of the Vedic period. These two rivers, as well as their precise location are also mentioned in the Rig Veda.

This area, due to the water of the two holy rivers, was home to tribes similar to Mohenjo Daro and Harappa. However, the rivers started to dry up due to natural calamities and wiped out the tribes, leaving behind a barren wasteland. During the 15th century, Rao Bika established Bikaner and the territory of Sri Ganganagar was part of the princely state of Bikaner. Finally in 1927, Maharaj Ganga Singh constructed the Gang Canal and the area was restored to its former fertile grandeur.

During the Vedic period, this land was known as Brahmavarta, which was the confluence of the two Vedic rivers of Saraswati and Drishadvati. Balbir felt that this is where the rishis composed the Vedas and other Sanskrit texts of the Vedic period. These two rivers, as well as their precise location are also mentioned in the Rig Veda. According to later texts, Vedic sacrifices were also conducted on the banks of these two rivers. The confluence of these rivers is said to be exceedingly holy, and again as per Balbir, is the precise spot where our fighter base was located.

During the time of the Rig Veda, Kashi and Ganga had not yet acquired the pride of place among the holy rivers of India. The two rivers Saraswati and Drishadvati were the holiest and the region covered by them being the holy Brahmavarta. It is said that the rishis of yore were so enamoured by the holy state of Brahmavartaand its rivers, that they granted a boon to this land and its people - that they would always be protected and invincible to enemies. It was due to this boon, as per Balbir, that our fighter base, located in Brahmavarta, has always been immune to enemy action in the last few wars we have had to fight with Pakistan.


### Divine Rivers

In the Manu Smriti the land between the rivers Drishadvati and the Saraswati is described as "that land created by the Gods which lies between these two divine rivers. It is the region where the "good" people are born with "goodness" being dependent on location rather than behaviour". The land is marked by Saraswati which made the northern boundary of Kuru Pradesh, while the Drishadvati flows in the south of Kuru Pradesh and north of Brahmavarta. Mahabharata explains the southern boundaries of Kuru Pradesh up to the Ashram of Guru Dronacharya. This corresponds to modern day Gurgaon on one end and Rohtak on the other, and comes upto Jhajhar city.

The Rig Veda also states "may the glorious seventh stream Saraswati, mother of Sindhu charged with a large volume of water flow vigorously and give milk and water". The Drishadvati is also mentioned in the Brahmanas, written primarily in the state of Brahmavarta. This river is said to have originated from the pot of Brahma which is Pushkar Lake near Ajmer. The Saraswati, with four branches flowing in different directions, originated in the hills near Pushkar. Drishadvati was the branch flowing north. Most of the ashrams of the rishis who compiled the Rigveda were on the banks of Drishadvati and on the confluence of the Drishadvati and Saraswati. This is why, as spoke Balbir, the airbase located in northwest Rajasthan is virtually impregnable.

Made us all feel nice, great in fact, that we had the power of the Brahmavarta and its holy rivers guarding us as we flew low and fast over the desert. We only wished that the General across the border would also realise this and give copious amounts of Aspirin to his Memsahib.

writetoarbit@rashtradoot.com







Gang Canal.



Pushkar Lake.

## Saraswati – the ancient river lost in the desert

By A.V. Sankaran

**Saraswati** emerged as a mighty river during the warm spell that succeeded the Pleistocene glaciation some 10,000 years ago. Flowing down the Himalayan slopes, it had coursed through northwestern India and drained into the ancient Arabian Sea. This river has been extolled in superlative terms in the Vedas and Puranic literature, and great civilizations had flourished on its banks during the river's heydays. After glorious existence for some 4000 years, the river declined and gradually vanished. The disappearance of this river has been a subject of studies by teams of various disciplines for over 150 years, the last three decades of which saw considerable inputs from new approaches like satellite-based remote sensing and ground-based surveys, radio-isotopic studies and dating techniques. These have indicated that spells of intermittent tectonic activities associated with the rise of Himalayas, neotectonism in the Kutch region, climatic changes and desertification induced by variation in earth's orbit and tilt, diminishing supply of water due to river piracy, all appear to have had vital roles in the downfall of Saraswati River.

## #HAPPENINGS@QATAR

# "Mbapre"

## ...Just doesn't score goals, but destroy the opposition



**Atreyo Mukhopadhyay from Qatar**



Kylian Mbappe.

"Mbapre". Saw a tweet saying this a few days back during the course of the ongoing World Cup. This was actually the headline on the sports pages of a Chennai-based daily I used to work for. This was in 2018, after the France-Argentina last 16 match. Can't stick my neck out and say that I liked it, because I am not in favour of mixing English with Hindi. But let me admit, it has some meaning.

The phenomenon born in Bondi in France to parents of Cameroonian and Algerian lineage is becoming a terror for the oppositions, more so for the right-backs, because he is bursting down that left flank. Speed, acceleration, power, stamina, hunger for goals and zeal, Kylian Mbappe has everything and more. Nine World Cup goals (four in 2018, five in 2022) before turning 24, this is not normal.

Football is about goals and those who get them are the game's most precious possessions. There are different types. There are those who kill you softly with minimal use of force, like Lionel Messi. Then there are others with dazzling skills and power, like Cristiano Ronaldo. There are the cheeky-canny types, like Neymar. Some of them are supreme opportunists and lurk inside the box to make the smallest of chances count, like Roberto Lewandowski.




And then there are some who pulverise the defence. They possess that extra bit of power, acceleration and finishing accuracy that make them fearsome figures. They don't just score goals, but destroy the opposition. The goals they score have a numbing effect on them. The power-bank turning 24 on December 20 belongs to that rare category. France's biggest hope for a World Cup encore has shown that repeatedly and mainly fighting, looking for that gap in the French defence. This World Cup has seen some famous incidents of teams squandering1-0 leads. And then comes the blast. It had in-swing and placement alright. What defined that goal was the force behind the shot. Wojciech Szczesny had perhaps been the competition's best goalkeeper so far. To give him in no chance from that distance needed a monstrous effort and that's what Mbappe came up with.

> Miroslav Klose's record of 16 World Cup goals is just one of many under threat from Kylian Mbappe. Not even 24, there are few limits to what he can go on to achieve.

The second one was even scarier if you were Polish. Roughly from the same position at the top left of the box, the technique was similar. As in, it was another in-swinging curler. But this time, the ball rocketed into the far corner of the net. Power, precision, vision and confidence to pull these off in a World Cup knockout match make Mbappe special. He believes he can achieve these things. Not many do. And he has been doing this since he was 19!

Having scored five times already, he is this edition's leading scorer. Anything can happen in the knockout stages of a World Cup. But one thing is certain. He has already instilled fear in the opposition, whoever they are. They know that they have to contend with a force of nature, a sort of turbulence, who is unstoppable on his day.

# How Far Will Mbappe go?

But to reduce Mbappe's impact to cold numbers alone is to vastly underplay his influence on this French team.



**Boria Majumdar from Qatar**




Kylian Mbappe.




Just where does Kylian Mbappe sit in the pantheon of French goal-scorers? First, the disclaimer. Neither he nor anyone else will ever come close to matching Just Fontaine's record of 13 goals from six matches at the 1958 World Cup. But that unreal strike-rate needs to be viewed in context, with 1958 being the last of the 'open' World Cups, before strategies based on sound defense came to dominate tactics boards across the planet. To put Fontaine's feats into perspective - and this isn't to diminish them at all - as many as 27 goals were scored in the semi-finals, third-place game and final in 1958. The corresponding figure at the 2018 World Cup was 12.

It makes sense then to leave Fontaine out of the debate. Let's look at Mbappe instead in comparison to other French legends. He doesn't even turn 24 until next month, and he already has nine World Cup goals. Thierry Henry had six from four World Cups, while Zinedine Zidane and Michel Platini each scored five in three tournaments. Mbappe is halfway through his second World Cup.



Thierry Henry.

At 24, Platini – whose nine goals led France to a first major title at Euro 1984 – had scored just 10 times for France, including a goal against Argentina, the hosts, at the 1978 World Cup. Henry had also netted 10 times before turning 24, with his tally including three on home soil at the 1998 World Cup.

Of the others currently ahead of Mbappe in France's all-time goal-scoring charts, Antoine Griezmann had five goals before his 24th birthday. Karim Benzema had 13, and David Trezeguet 16. Olivier Giroud, who now sits atop the list with 52 goals, didn't even make his debut until after his 25th birthday.

> Much of Mbappe's value to France stems from the way in which he creates opportunities for others.

Mbappe? He now has 33 goals from 63 caps, after scoring just once in his first ten appearances for Les Blues. But to reduce Mbappe's impact to cold numbers alone is to vastly underplay his influence on this French team. When he didn't start, against Tunisia in France's final group game, the North Africans took the game to France, with their full-backs bombing forward at every opportunity.

This is one of the defining characteristics of modern-day football. Whether it was Dani Alves and Jordi Alba at Barcelona, Marcelo at Real Madrid or Trent Alexander-Arnold at Liverpool, the best teams have often used their full-backs as auxiliary attackers. That becomes impossible when you're faced with Mbappe.

In most matches, he hugs the left touchline, and then cuts inside to create maximum chaos. By and large, Poland's Matty Cash, who plays for Aston Villa in England, did an excellent job of tracking Mbappe. But even in a match where he was a little below his sublime best, Mbappe set up Giroud for the opening goal, and then finished Poland off with two Exocet missiles.



Poland's Matty Cash.

Cash likes to venture forward and is a good crosser of the ball, but he was almost invisible as an attacking threat because of Mbappe duty. England will face a similar problem in the quarterfinal. Kyle Walker is lightning quick, and his overlapping runs from right-back have been a big part of Manchester City's success under Pep Guardiola. But against France, he'll rarely be able to venture out of his half. If he's caught out of position, Mbappe will tear apart the rather pedestrian centre-back combination of John Stones and Harry Maguire.

Much of Mbappe's value to France stems from the way in which he creates opportunities for others. With teams invariably having to put two men on Mbappe, space is created for the likes of Giroud to exploit. The upturn in Giroud's goal-scoring numbers since Mbappe made his debut in March 2017 bear this out.



Michel Platini.

In his first 59 games for France, Giroud had 21 goals. From his next 58 caps, he has 31. It's no one-sided connection either. Tall and strong, Giroud is in many ways an old-style centre forward. Mbappe also thrives on his ability to hold up the ball and play him in.


Another team would have wilted if they'd lost the services of the Ballon D'Or winner before the tournament began. But Benzema's absence has barely been felt. As legendary as his feats have been in Real Madrid colours, France hasn't always seen the best of Benzema. And it's impossible to escape the feeling that Mbappe dovetails better with Giroud.

> Miroslav Klose's record of 16 World Cup goals is just one of many under threat from Kylian Mbappe. Not even 24, there are few limits to what he can go on to achieve.

Apart from the undoubted riches that Paris Saint-Germain put on the table to hold on to him, it's also likely that Mbappe's shock decision to stay on in Paris last summer had something to do with Benzema currently being top dog in Madrid.

The France-England contest will depend largely on what kind of service Mbappe gets from Aurilien Tchouameni and Adrian Rabiot in midfield. It will also be decided by the kind of protection that Declan Rice, Jordan Henderson and Jude Bellingham are able to give the English centre-backs. If Mbappe is allowed to run at them, there's only going to be one outcome.

## THE WALL





## BABY BLUES

By Rick Kirkman & Jerry Scott




## ZITS

By Jerry Scott & Jim Borgman



# सरदारशहर उपचुनाव : 72 संवेदनशील मतदान केन्द्र पर लाइव वेबकास्टिंग की

## उपचुनाव में 69.91 प्रतिशत लोगों ने वोट डाले

**सरदारशहर/चूरू,** (कासं)। विधानसभा क्षेत्र सरदारशहर, चूरू में सोमवार को कुल 295 मतदान केन्द्रों पर शांतिपूर्वक मतदान सम्पन्न हुआ। सरदारशहर विधानसभा क्षेत्र में 289843 सामान्य मतदाता हैं जिनमें से 152766 पुरुष तथा 137077 महिला मतदाता हैं।

इसके अलावा 498 सर्विस वोटर्स हैं, जिनमें से 488 पुरुष तथा 10 महिला मतदाता हैं। जिला निर्वाचन कार्यालय से प्राप्त प्रारम्भिक सूचना के अनुसार सरदारशहर विधानसभा क्षेत्र में सांय 5 बजे तक 69.91 प्रतिशत मतदान हुआ। मतदान के दौरान सभी बूथों पर आवश्यक मूलभूत सुविधाएं पेयजल, बिजली, रैंप आदि सुनिश्चित की गईं। सरदारशहर के ही राजकीय टांटिया बालिका उच्च माध्यमिक विद्यालय में स्थापित मतदान केंद्र संख्या में 148 में पूरी प्रक्रिया महिला कार्मिकों ने संपन्न करवाईं। इस केन्द्र पर मतदान दल के अलावा सुरक्षा व्यवस्था का जिम्मा भी महिला कार्मिकों ने संभाला।



उपचुनाव के दौरान मतदान केन्द्र पर लगी महिलाओं की कतारें।

पूर्व के चुनावों में मतदान का बहिष्कार करने वाले सरदारशहर के पनपालिया गांव के मतदाताओं ने भी उत्साह के साथ मतदान किया। वे पंचायत पुनर्सीमाकंन से नाराज चल रहे थे। बीदासर बिदावतान के बूथ नंबर 241 पर 30 वर्षीय लक्ष्मीदेवी ने पैर में चोट और प्लास्टर बंधा होने के बावजूद मतदान केंद्र तक आकर मतदान किया। उदासर बिदावतान में 85 वर्षीय सुंदर देवी ने अपने परिजनों के साथ आकर मतदान किया। 80 वर्ष से अधिक आयु व दिव्यांग मतदाताओं में से 797 ने पोस्टल बैलेट के जरिए मतदान के लिए आवेदन किया था। इनमें से 781 मतदाताओं ने पोस्टल मत का उपयोग कर घर बैठे मतदान किया। स्वतंत्र और निष्पक्ष चुनाव के लिए लाईव वेबकास्टिंग के जरिये 72 संवेदनशील मतदान केन्द्र पर नजर रखी गई। 11 मतदान केन्द्रों पर वीडियोग्राफी तथा 43 मतदान केन्द्रों पर सुक्ष्म-पर्यवेक्षक मौजूद रहे।

उप चुनाव के मध्यनजर निर्वाचन विभाग के निर्देश पर संबंधित विभागों ने 1,91,61,300 रुपये की 22757 लीटर अवैध शराब, चूरू पुलिस द्वारा 25 लाख रुपये नगद राशि, एसएसटी सरदारशहर द्वारा 1245800 रुपये नगद राशि तथा

- **1.91 करोड़ रुपये से अधिक मूल्य की अवैध शराब, नगदी व अन्य सामग्री जब्त**

पुलिस विभाग द्वारा 970200 रूपये के नशीले पदार्थ एवं अन्य सामग्री जब्त की गई। पुलिस द्वारा 2 पिस्टल तथा 6 जिन्दा कारतूस जब्त किये गये। मोटर वाहन अधिनियम के तहत 1907300 रुपये का जुर्माना वसूल किया गया। आयकर विभाग, पुलिस, नारकोटिक्स, कस्टम, एयरपोर्ट, रेलवे, बैंक सहित सभी विभागों का भी इसमें महत्वपूर्ण योगदान रहा।

सरदारशहर विधानसभा क्षेत्र में कुल 1993 पुलिस बल तैनात किया गया। संभागीय आयुक्त डॉ नीरज के पवन और जिला कलेक्टर सिद्धार्थ सिहाग ने भादासर दिखनादा, बंधनाऊ उतरादा, सरदारशहर सहित विभिन्न स्थानों पर ग्रामीण एवं शहरी मतदान केंद्रों पर व्यवस्थाओं का जायजा लिया।

# पुलिस हैड कांस्टेबल रिश्वत लेते गिरफ्तार

## प्रकरण में एक कांस्टेबल की भूमिका भी संदिग्ध बताई जा रही है

**करौली/सरमथुरा,** (निसं)। भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो करौली टीम ने कार्यवाही करते हुए धौलपुर जिले के सरमथुरा थाने के हैड कांस्टेबल को 20 हजार रूपये की रिश्वत लेते रंगे हाथों गिरफ्तार कर लिया एवं उसके आवास एवं अन्य ठिकानों पर तलाशी जारी है। प्रकरण में एक कांस्टेबल की भूमिका भी संदिग्ध बताई जा रही है। जिसे लेकर एसीबी गहनता जांच कर रही है। वहीं इस पूरे मामले में अभी तक थाना प्रभारी की भूमिका कहीं भी संदिग्ध नजर नहीं आ रही है। प्रथम दृष्टया माना जा रहा है कि थाना प्रभारी इस मामले में लिप्त नहीं हैं।

करौली एसीबी के अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अमर सिंह ने बताया कि भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो के महानिदेशक भगवान लाल सोनी के निर्देशानुसार एसीबी की करौली इकाई को परिवादी द्वारा शिकायत दी गई कि मेरे भाई एवं उसके दोस्त को थाने में बैठा कर झूठा मुकदमा बनाने की धमकी देकर हैड कांस्टेबल हरिओम मीणा थाना सरमथुरा द्वारा 50 हजार रुपये की रिश्वत की राशि मांग कर परेशान किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि जिस पर एसीबी जयपुर के उपमहानिरीक्षक पुलिस कालूराम रावत के सुपर वीजन तथा एसीबी की करौली इकाई के उप अधीक्षक अमर सिंह के नेतृत्व में टीम द्वारा ट्रैप कार्यवाही करते हुए हरिओम मीणा पुत्र गजाधर निवासी ग्राम कासोटी खेड़ा पुलिस थाना सदर बाड़ी जिला धौलपुर हाल हैड कांस्टेबल पुलिस थाना सरमथुरा को गिरफ्तार किया।

उन्होंने बताया कि एसीबी के अतिरिक्त महानिदेशक हेमंत प्रियदर्शी के निर्देशन में आरोपी के निवास एवं अन्य ठिकानों की तलाश जारी है एसीबी द्वारा मामले में अग्रिम अनुसंधान किया जाएगा।

# किरोड़ी लाल मीणा को सिरोही पहुंचने से पहले रोका

## कार्तिक के परिजनों की पट्टा बनाने की मांग आम रास्ता होने के कारण पूरी नहीं हो सकी



सिरोही में कार्तिक हत्याकाण्ड को लेकर जारी धरना में शामिल होने जा रहे भाजपा नेता डॉ. किरोडीलाल मीणा को टोल प्लाजा के पास रोककर वापस रवाना किया।

**स्वरूपगंज/सिरोही,** (निसं)। कार्तिक हत्याकाण्ड में धरना स्थल सिरोही पहुंच रहे भाजपा नेता डा किरोडीलाल मीणा को पिण्डवाडा तहसील के मोरस टॉल प्लाजा पर पुलिस ने प्रशासनिक कारणों से रोक दिया, जबकि धरना स्थल पर शान्तिपूर्वक ढंग से धरना प्रर्दशन चलता रहा।

प्राप्त जानकारी के अनुसार कान्तिलाल उर्फ कार्तिक भील की हत्या के बाद कार्तिक के परिजन तीसरे दिन सोमवार को भी धरना कर प्रशासन व पुलिस से अपनी मांगों को मनाने का प्रयास कर रहे हैं। जिला कलेक्टर सिरोही डॉ. भँवरलाल ने मृतक कार्तिक भील की रहवासीय भूमि का पट्टा नियमों का हवाला देते हुए बनाने से इन्कार कर दिया, पुलिस आरोपियों को गिरफ्तार करने का प्रयास कर रही है। धरना स्थल पर सिरोही आ रहे डॉ. किरोडीलाल मीणा को पुलिस ने टोल प्लाजा के पास करीब तीन घण्टे तक रोके रखा और अतिथि की तरह व्यवहार किया। जबकि सिरोही में धरना स्थल पर पर्याप्त संख्या भी नहीं जुट पाई। इसलिए भी डॉ. मीणा धरना स्थल पर नही पहुंच पाए। पुलिस व प्रशासन ने कार्तिक के परिजनों की अधिकतर मांगे मान भी ली थी, मुख्य मांग पट्टा बनाने की ही थी, जो आम रास्ता होने से पूरी नहीं हो सकी।

# 50 घंटे बाद परिजन राजू ठेहट का शव लेने को तैयार हुए, लगे अमर रहे के नारे

## घर से करीब 200 मीटर दूर खेत में ही अंतिम क्रिया की गई

**सीकर,** (निसं)। राजस्थान के कुख्यात गैंगस्टर राजू ठेहट का शव करीब 50 घंटे बाद परिवार वाले लेने को तैयार हुए। इससे पहले सीकर के एसके हॉस्पिटल में करीब 3 घंटे पोस्टमॉर्टम चला। राजू ठेहट को 25 गोलियां लगी थीं। बदमाशों ने दोनों कंधे और सीने में गोली मारी थी। सोमवार दोपहर पौने 3 बजे परिवार वाले शव लेकर गांव रवाना हुए थे। गांव में शव पहुंचते ही भीड राजू ठेहट और जिंदाबाद के नारे लगाने लगी। शाम करीब साढ़े पांच बजे अंतिम संस्कार हुआ।

राजू ठेहट का शव एंबुलेंस से उसके पैतृक गांव ठेहट शाम करीब 4.30 बजे लाया गया। उसके अंतिम दर्शन करने रिश्तेदार, समाज और गांव के लोगों की भीड थी। घर से करीब 200 मीटर दूर खेत में ही अंतिम क्रिया की गई। गैंगस्टर का शव देखते ही उसकी पत्नी विमला बेसुध हो गई। परिवार के लोगों ने उसे संभाला और शव के पास लेकर गए। ठेहट के दोनों बेटों चीकू और नमन ने अंतिम क्रिया की। ठेहट का भाई और भतीजे भी मौजूद हैं।

इससे पहले एसके हॉस्पिटल में पोस्टमॉर्टम के बाद गैंगस्टर राजू ठेहट का शव उसके भाई को सौंपा गया। गांव में भाजपा के किसान मोर्चा प्रदेश अध्यक्ष हरिराम रनवा भी मौजूद हैं। गांव में राजू ठेहट के पडोसी ने बताया कि वह चुनाव लडने की तैयारी कर रहा था। उसका खेत में ही घर बना हुआ है। खेत के चारों ओर

- **गैंगस्टर राजू ठेहट को मारी थीं 25 गोलियां**

तारबंदी का काम भी करवा रहा था। चुनाव के दौरान उसका परिवार के साथ गांव में ही रहने का प्लान था। मामले में पुलिस ने पांच आरोपियों को गिरफ्तार किया है। दो बदमाशों को हरियाणा के बॉर्डर के पास डाबला से पकडा, जबकि तीन की गिरफ्तारी झुंझुनूं के पौंख गांव से हुई। पकडे गए शूटर्स में से दो मनीष जाट और विक्रम गुर्जर सीकर के ही रहने वाले हैं। सतीश कुम्हार, जतिन मेघवाल हरियाणा के भिवानी के है। पुलिस ने इनके पास से हथियार सहित चोरी की क्रेटा गाडी भी बरामद की है। गिरफ्तार दो बदमाश विक्रम और मनीष को पुलिस जाब्ते के बीच सीजेएम कोर्ट में पेश किया गया। इस दौरान क्वीक रिस्पॉन्स टीम के जवान हाथों में हथियार लेकर तैनात रहे।

इससे पहले 2 दिन तक सीकर के एसके हॉस्पिटल में मुआवजा सहित कई मांगों को लेकर समाज ने धरना दिया था। रविवार देर रात समझौता होने के बाद दोनों शव लेने के लिए लोग तैयार हो गए। रात में सीकर के एसके हॉस्पिटल में एसडीएम गरिमा लाटा सहित पुलिस के जवान मौके पर मौजूद रहे थे।

# साक्षात्कार कार्यक्रम जारी

**अजमेर,** (कासं)। राजस्थान लोक सेवा आयोग द्वारा सहायक आचार्य-बिजनेस एडमिनिस्ट्रेशन (कॉलेज शिक्षा विभाग) 2020 के साक्षात्कार कार्यक्रम में संशोधन किया गया है। संशोधित कार्यक्रमानुसार 12 दिसंबर से 22 दिसंबर 2022 तक साक्षात्कार का आयोजन किया जाएगा। आयोग के संयुक्त सचिव आशुतोष गुप्ता ने कहा कि अभ्यर्थियों के साक्षात्कार-पत्र आयोग की वेबसाइट पर यथासमय अपलोड कर दिए जाएंगे। जिन अभ्यर्थियों ने विस्तृत आवेदन-पत्र आयोग को प्रस्तुत नहीं किए हैं, वे अभ्यर्थी विस्तृत आवेदन-पत्र साक्षात्कार के समय दो प्रतियों में मय समस्त प्रमाण-पत्रों की फोटो प्रतियों सहित आवश्यक रूप से प्रस्तुत करें। विस्तृत आवेदन-पत्र को आयोग की वेबसाइट से डाउनलोड किया जा सकता है। अभ्यर्थी अपने समस्त मूल-प्रमाण पत्र मय फोटो प्रति अवश्य साथ लाएं।

# रीको भूमि पर अतिक्रमण की नियत से पड़ोसी ने पेड़ काटे

**चूरू,** (कासं)। चूरू में रीको की भूमि पर अतिक्रमण करने की नियत से पड़ोसी सुभाष जांगिड़ ने तारबंदी तोड़कर वहां लगे पौधों के साथ रुद्राक्ष का एक पेड़ भी कटवा दिया। साथ ही घास आदि में आग भी लगा दी।

जानकारी के अनुसार चूरू में रीको की एक नंबर रोड पर सूर्य पुत्र शनि देव मंदिर के निकट स्थित विश्व कर्मा वुड इंडूस्ट्रीज के सुभाष जांगिड ने निकट ही रीको की खाली पड़ी भूमि की तारबंदी को क्षतिग्रस्त करके रीको की भूमि पर खड़े तीन चार साल के रुद्राक्ष के पेड़ को कटवा दिया। सुभाष जांगिड़ ने वहां लगे अन्य पौधों को भी काटकर घास आदि में आग लगा दी। लोगों ने बताया कि सुभाष जांगिड की नियत रीको की इस भूमि पर अवैध रूप से कब्जा करने की है। इसी कारण सुभाष जांगिड ने पहले भी रीको की इस भूमि की पट्टी तोड़ दी थी। आज एक बार फिर रीको की भूमि पर अवैध कब्जा करने की कोशिश कर रहे सुभाष जांगिड का कहना है कि वह तो रीको की भूमि पर सफाई करवा रहा था। आज सुभाष जांगिड के इस नए कारनामें की सूचना रीको चूरू के क्षेत्रीय प्रबंधक एस के गुप्ता को दी गई। गुप्ता ने कहा कि सुभाष जांगिड़ को पहले भी ऐसा करने पर नोटिस दिया जा चुका है।

उन्होंने कहा कि दोषी के खिलाफ कार्यवाही की जाएगी। प्रत्यक्षदर्शियों का कहना है कि रुद्राक्ष का पेड़ काटने और रीको की भूमि पर अवैध रूप से कब्जा करने की कोशिश करने वाले व्यक्ति के खिलाफ मुकदमा दर्ज होना चाहिए। अब देखना यह है कि रीको चूरू के क्षेत्रीय प्रबंधक एस के गुप्ता द्वारा रीको की भूमि पर अतिक्रमण करने की नियत से तारबंदी तोड़कर रुद्राक्ष का पेड़ काटने और आग लगाने के आरोपी के खिलाफ क्या कार्यवाही की जाती है।

# विवाहिता ने आत्महत्या की

**छबडा,** (निसं)। बापचा थाना क्षेत्र के तीतरखेड़ी गांव में विवाहिता ने गृह क्लेश के चलते फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली।

पुलिस ने परिजनो की रिपोर्ट पर मामला दर्ज कर जांच प्रारंभ कर दी हैं। बापचा थानाधिकारी सुरेंद्र कुंतल ने बताया कि तीतरखेड़ी निवासी देवेंद्र ओझा का विवाह दो वर्श पूर्व नाता प्रथा के तहत ग्वालियर निवासी पूजा के साथ संपन्न हुआ था। रविवार रात को पूजा ने फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली। पुलिस ने परिजनो की मौजूदगी में छबड़ा सीएचसी में मृतका का पोस्टमार्टम करवाया और षव परिजनो को सौंप दिया। मृतका का अंतिम संस्कार तीतरखेड़ी गांव में किया गया।

# युवक को झांसा देकर एक लाख रूपये हड़पे

**हनुमानगढ़,** (कासं)। सेना भर्ती के लिए दौड़ में सफल हुए युवक को मेडिकल में पास करवाने का झांसा देकर 50 हजार रूपये ऐंठने का मामला सामने आया। युवक से 2 लोगों ने मेडिकल से पहले 1 लाख रूपए ले लिए और 2 लाख रूपए बाद में देने का तय हुआ। जब युवक मेडिकल में अयोग्य हो गया तो उसने रूपए वापस मांगे और नहीं देने पर पुलिस कार्रवाई की बात कही तो 50 हजार रूपए लौटा दिए और बाकी रूपए देने से इनकार कर दिया।

पीड़ित युवक ने संगरिया थाने में अपने ही गांव के एक व्यक्ति सहित 2 लोगों के खिलाफ ठगी करने का मामला दर्ज कराया है। एएसआई किशोर सिंह ने बताया कि कन्हैया लाल पुत्र साहबराम नाई निवासी वार्ड 10, गांव हरिपुरा ने मुकदमा दर्ज करवाते हुए बताया कि वह 28 सितम्बर 2019 को फौज की भर्ती के लिए श्रीगंगानगर में आयोजित दौड़ में शामिल हुआ था। दौड़ में सफल होने के बाद बीकानेर में मेडिकल होना था। इस दौरान उसे अमनदीप किंगरा पुत्र लाभसिंह निवासी हरिपुरा मिला और कहा कि उसके दोस्त महेन्द्र पोटलिया निवासी खींवसर (नागौर) की अच्छी जान-पहचान है तो वह उसे मेडिकल में पास करवा देगा।

अमनदीप सिंह ने महेन्द्र पोटलिया से बात की तो उसने कहा कि 3 लाख रूपए लगेंगे। 1 लाख रूपए पहले देने होंगे। जबकि 2 लाख रूपए मेडिकल पास होने पर। इसके बाद उसने अमनदीप के कहने पर 50 हजार रूपए नकद महेन्द्र पोटलिया को बीकानेर में जाकर दिए और 50 हजार रूपए महेन्द्र के खाते में ट्रांसफर करवा दिए।

कुछ दिन बाद महेन्द्र पोटलिया ने उसे बीकानेर बुलाया तो वह अपने साथ सोहन व सुरेन्द्र को लेकर बीकानेर गया, जहां महेन्द्र पोटलिया मिला। महेन्द्र ने कहा कि श्रीगंगानगर में सेना की भर्ती चल रही है, वह उसकी भर्ती करवा देता है। तब वह श्रीगंगानगर में सेना भर्ती में गया। दौड़ में पास होने के बाद उसे कहा गया कि बीकानेर में मेडिकल होगा। यह बात उसने महेंद्र को बताई तो उसने कहा कि वह अपने आप मेडिकल पास करवा देगा। चिंत मत कर।

कन्हैया लाल ने बताया कि फिर वह मेडिकल के लिए बीकानेर गया। वहां मेडिकल में उसे अनफिट (अयोग्य) कर दिया। तब उसने महेंद्र पोटलिया से रुपए वापस मांगे तो उसने रुपए देने से इनकार कर दिया। कन्हैया लाल ने आरोप लगाया कि महेंद्र पोटलिया और अमनदीप किंगरा ने झांसा देकर उससे 1 लाख रुपए ले लिए। उसने बार-बार पैसे वापस मांगे और पुलिस कार्रवाई की बात कही तो अमनदीप किंगरा और महेंद्र ने उसे 3 टुकड़ों में 50 हजार रुपए लौटा दिए और बाकी 50 हजार देने से इनकार कर दिया। पुलिस ने अमनदीप किंगरा व महेन्द्र पोटलिया के खिलाफ धोखाधड़ी का मामला दर्ज कर लिया है और जांच कर रही है।

# जांगू की हत्या में शामिल इनामी बदमाश गिरधारी गिरफ्तार

**बीकानेर,** (कासं)। धीरेरां के सरपंच प्रतिनिधि लक्ष्मण जांगू की हत्या के 38 महीने बाद हत्या में शामिल ईनामी बदमाश गिरधारी सिंह को पुलिस ने भीलवाड़ा से गिरफ्तार कर लिया है। गिरधारी पर आठ हजार रूपये का इनाम रखा हुआ था। हत्या के बाद कई दिनों तक हंगामा चला लेकिन गिरधारी पुलिस की गिरफ्त में नहीं आया। अब डीएसटी टीम ने भीलवाड़ा पहुंचकर उसे दबोच लिया।

तीन अक्टूबर 2019 को धीरेरां के सरपंच प्रतिनिधि लक्ष्मण जांगू को गिरधारी सिंह सहित तीन जनों ने मार दिया था। कारोबार में लेनदेन को लेकर इनके बीच झगड़ा हुआ था। इस मामले में दो आरोपी पहले गिरफ्तार हो चुके हैं लेकिन गिरधारी सिंह फरार हो गया। पिछले दिनों उसके भीलवाड़ा में होने की सूचना मिली थी, जिसके बाद बीकानेर पुलिस वहां पहुंची और गिरफ्तार कर लिया। इस मामले में मुख्य आरोपी सोढ़वाली निवासी मदन सिंह, खियेरां निवासी प्रेम कुलड़िया को पुलिस ने पहले ही गिरफ्तार कर लिया था। गिरधारी सिंह काफी शातिर दिमाग का निकला। उसने हत्या के बाद फरार होने से काफी समय तक अपने घर से कोई संपर्क नहीं किया। वो नेपाल और भूटान तक चला गया। इसके अलावा उत्तरप्रदेश, मध्यप्रदेश, दिल्ली, गुजरात, पंजाब और बिहार तक घूमता रहा। कहीं मजदूरी करके दिन काटे तो कहीं भूखे रहकर। हाल ही में वो राजस्थान के कई जिलों में घूमता रहा। राजस्थान के जयपुर, जोधपुर, जालौर, सिरोही, उदयपुर, बाड़मेर, पाली, नागौर में फरारी काट रहा था। इसी दौरान भीलवाड़ा पहुंच गया जहां से उसे गिरफ्तार किया गया।

उसका पीछा करने के लिए साइबर टीम ने एक साल तक मेहनत की। गिरधारी सिंह के साथ ही उसके परिजनों, मित्रों सहित कई लोगों के मोबाइल नंबर सर्विलांस पर रखे गए। इन नंबरों पर जब भी किसी नए नंबर से कॉल आता तो वो पुलिस सक्रिय हो जाती। सैकड़ों मोबाइल कॉल को ट्रेस करने के बाद उसके भीलवाड़ा में होने की सूचना मिली। गिरधारी सिंह को गिरफ्तार करने के लिए पुलिस ने कई दिनों तक भीलवाड़ा में डेरा डाले रखा। इस दौरान कुछ कपड़ा फैक्ट्रियों में लेबर के रूप में काम किया। इस दौरान उसकी तलाश होती रही। बीस कपड़ा फैक्ट्रियों में लेबर बनकर काम कर रही पुलिस को आखिरकार गिरधारी सिंह मिल गया। पुलिस अधीक्षक योगेश यादव और एएसपी सुनील कुमार ने डीएसटी टीम को गिरधारी सिंह की गिरफ्तारी का टारगेट दिया था।

# टिकट चेकिंग से अर्जित किए 21.70 करोड़ रूपये

**कोटा,** (निसं)। कोटा मंडल के वाणिज्य विभाग ने अबतक वित्तीय वर्ष के आठ माह में 2022-23 में अप्रैल से नवम्बर माह तक टिकट जांच के दौरान बिना टिकट, अनुचित टिकट लेकर यात्रा करने वाले एवं बिना बुक गये सामान सहित कुल 3,27,032 मामलों से 21 करोड़ 69 लाख 53 हजार 9 सौ 99 रुपये अर्जित किये जो गत वित्तीय वर्ष से लगभग 28.75 प्रतिशत अधिक है जिसमे बिना टिकट के 2,67,101 मामले है।

जबकि इस वर्ष केवल नवम्बर माह में कुल ऐसे मामले 35,600 पाए गये जिसमे बिना टिकट 18,583 मामले, अनुचित यात्रा 16,966 और बिना बुक वाले 51 मामले शामिल है। जिससे रेलवे को कुल 2 करोड़ 28 लाख 80 हजार 5 सौ 42 रूपये आय आर्जित हुई। इससे प.म.रेल कोटा मंडल के आय में बढ़ोत्तरी हुई। जो कि वाणिज्य विभाग के टिकट चेकिंग कर्मचारियों द्वारा किया गया सराहनीय कार्य है। वरिष्ठ मण्डल वाणिज्य प्रबन्धक/जन सम्पर्क अधिकारी नें यात्रियों से अपील की है कि उचित टिकट लेकर ही यात्रा करें। प्लेटफॉर्म टिकट यात्रा के लिए अनुमत नहीं है। अपने सामान को उचित रूप से बुक कराएं, ताकि किसी प्रकार की असुविधा न हो।

# चाकसू कस्बे में पिछले डेढ़ महीने से यूरिया की भारी किल्लत

## यूरिया खाद के लिए किसान यहां-वहां भटकने को मजबूर

**चाकसू,** (निसं)। कस्बे में डीएपी के बाद अब किसानों को यूरिया खाद की किल्लत से जूझना पड़ रहा है। इसका मुख्य कारण मांग की तुलना में यूरिया की कम आपूर्ति होना है। इसके चलते कस्बे में पिछले लगभग डेढ़ महीने से यूरिया की भारी किल्लत बनी हुई है ऐसे में किसान यूरिया के लिए पिछले चार-पांच दिनों से सहकारी सोसाइटीयों एवं दुकानदारों के चक्कर लगा रहे हैं, लेकिन खाद न आने के कारण किसानों को अपनी जेब से किराया-भाड़ा लगाने के बावजूद खाली हाथ वापस लौटना पड़ रहा है।

इस समय उपखंड क्षेत्र में सरसों व गेहूं की फसल में पहली सिंचाई करने का कार्य जोर-शोर से चल रहा है। काश्तकारों के अनुसार सरसों व गेहूं की पहली सिंचाई पर यूरिया खाद सख्त जरुरत होती है क्योंकि फसलों की पहली सिंचाई में यूरिया खाद डालने से पौधों में अच्छा फुटाव होता है जिसका सीधा असर फसलों के उत्पादन पर पड़ता है। खाद लेने आए विष्णु गुर्जर, शंकर सैनी, नाथू लाल माली, कैलाश बगड़वाल, रामकिशन गुर्जर आदि ने बताया कि सहकारी समिति एवं दुकानदारों से बात करने पर बताया जाता है कि आज कल में आ जाएगा इसके चलते वे यूरिया



खाद बीज की दुकान पर यूरिया लेने पहुंचे उपखंड क्षेत्र के किसान।

लेने के लिए सुबह 8 बजे ही सोसाइटी उन दुकानदारों के यहां पहुंच जाते हैं लेकिन चार-पांच घंटे इंतजार करने के बाद भी खाद नहीं हां पता है और उन्हें खाली हाथ लौटना पड़ता है इससे किसानों में भारी रोष है।

दुकानदार दिनेश बेनीवाल का कहना है कि मांग के अनुरूप दुकानदारों को यूरिया उपलब्ध नहीं हो पा रहा है जिस कारण किसानों को खाली हाथ लौटना पड़ रहा है

चाकसू सहकारी क्रय विक्रय समिति के मुख्य प्रबंधक महेंद्र सिंह रिणवा ने जानकारी देते हुए बताया कि बाहरी देशों से यूरिया का आपूर्ति मांग के अनुसार नहीं होने से किसानों तक यूरिया की समय पर आपूर्ति नहीं हो पा रही है। विकल्प के तौर पर काश्तकार इफको द्वारा पूर्णतः भारतीय पद्धित पर तरल रूप में तैयार किए गए यूरिया नैनो खाद के तौर पर काम में ले सकता है।

परिषद (आइसीएआर)ने विभिन्न परीक्षणों के उपरांत इसका अनुमोदन कर दिया है नैनो यूरिया के निश्चित परिमात्रा में पानी में घोल तैयार करने के बाद एक सामान्य उपकरण द्वारा आसानी से पत्तियों पर छिड़काव किया जाता है किसानों को समझाने में कुछ कमी रह जाने के चलते किसानों का इस लिक्विड खाद नैनो की तरफ झुकाव कम नजर आ रहा है और फसलों में यूरिया का पहली बार बुवाई अथवा रोपाई के समय तथा दूसरी बार फसल एक माह बाद फसल में पत्तियों के बाहर आने पर उपयोग किया जाता है। दानेदार यूरिया का दोनों समय ही उपयोग किसानों के लिए आसान लगता है।

# फर्जी डिक्री जारी करने के मामले में कार्यवाही करने की मांग

■ काश्तकारों ने दोषी अधिकारियों व कर्मचारियों पर कार्यवाही को लेकर दिया ज्ञापन

**टोंक,** (निसं) । ग्राम कुरेडी के काश्तकारों ने ग्राम कुरेडी में स्थित शिकमी काश्तकारों की भूमि पर न्यायालय उपखंड अधिकारी पीपलू द्वारा फर्जी डिक्री जारी करने के मामले में दोषी अधिकारियों एवं कर्मचारियों के खिलाफ कार्यवाही करने की मांग को लेकर अतिरिक्त जिला कलेक्टर को ज्ञापन दिया।

पीपलू तहसील के ग्राम कुरेडी कें ग्रामीण नरेश गुज्रर, देवलाल, धर्मराज, शंकर, सुखपाल, रामकरण, गोपाल, रामलाल, नंदा, हरजी, प्रेम, कल्या, लड्डू आदि ग्रामीणों ने जिला कलेक्टर को दिए ज्ञापन में बताया कि ग्राम कुरेडी मोहम्मद पुत्र वली मोहम्मद निवासी पाकिस्तान के नाम लगभग 66 बीघा जमीन स्थित है जो 1955 में भारत छोड कर पाकिस्तान चले गए और खातेदार मोहम्मद खां द्वारा अपनी जमीन का बेचान कई लोगों को किया जा चुका था,


शिकमी काश्तकारों की भूमि पर न्यायालय उपखंड अधिकारी पीपलू द्वारा फर्जी डिक्री जारी करने के मामले में काश्तकार ज्ञापन देने पहुंचे।

साथ ही उनकी खातेदारी की भूमि पर शिकमी काश्तकार के रुप में अनेक कृषक काबिज थे और आज भी है। शिकमी काश्तकार के नाम धारा 19 के तहत स्वत: ही खातेदारी अधिकारी निहित हो चुके थे, किन्तु राजस्व अधिकारियों व कर्मचारियों की गलती की वजह से रिकार्ड दुरस्त नहीं किया गया। जिसकी वजह से दो महिलाओं ने मोहम्मद खां की पुत्रियां बनकर एसडीओ कोर्ट पीपलू में फर्जी डिक्री प्राप्त कर ली और यह अब आराजी को बेचान करने पर आमदा है। जिसे रोका जाना न्याय संगत है। दोषी अधिकारियों एवं कर्मचारियों के खिलाफ अविलम्ब कार्यवाही की जाएं। शिकमी काश्तकारों के वारिसों की ओर से मांग की है कि इस मामले में फर्जी डिक्री पारित करने एवं राजस्व कर्मचारियों व अधिकारियों द्वारा शिकमी काश्तकारों के नाम भूमि दर्ज नही करने पर व गलत रिकार्ड अभी तक कायम रखने पर कार्यवाही की जाएं।

## संक्षिप्त

### परिवहन मंत्री को भेजा पत्र

**कोटपूतली,** (निसं)। समाजिक कार्यकर्ता रतनलाल शर्मा के नेतृत्व में बड़ी संख्या में ग्रामीणों ने ग्राम नृसिंहपुरा स्थित शहीद स्मारक पर एकत्रित होकर गोपालपुरा रोड़ पर सरकारी वाहन चलवाने की मांग को लेकर परिवहन मंत्री को पत्र भेजा। समाजसेवी शर्मा ने बताया कि यातायात व्यवस्था ना होने से विद्यार्थियों, बुजुर्गों, महिलाओं, युवाओं को आवागमन में भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। उक्त रास्ते पर हाउसिंग बोर्ड, उपकारागृह, विभिन्न छात्रावास, सरकारी व गैर सरकारी स्कूल आदि भी स्थित है। बीमार व वृद्धजनों को कस्बे में आने के लिए निजी वाहन किराये से लेकर जाना पड़ता है। इस रास्ते पर खडकड़ी, रामसिंहपुरा, गोपालपुरा, पूरणनगर, चिमनपुरा, नृसिंहपुरा, रायकणपुरा, बनेठी, भोपतपुरा, खेड़ा निहालपुरा, बनार, पानेड़ा, देवता, छारदड़ा, कायमपुरा, चुरी, बखराणा आदि गाँव स्थित है। इस दौरान ब्रह्मानंद शर्मा, राहुल कुमार, मुकेश चौधरी, कृष्ण सिंह, अशोक सिंह, पप्पू सिंह, सुरेंद्र सिंह, सत्यवीर सिंह, रामसिंह रावत, धर्मपाल, आशाराम रावत आदि ग्रामीण मौजूद थे।

### जनसभा स्थल का जायजा लिया

**अलवर,** (निसं)। पूर्व केंद्रीय मंत्री जितेंद्र सिंह ने कहा कि कांग्रेस के राष्ट्रीय नेता राहुल गांधी की ऐतिहासिक भारत जोड़ो यात्रा ने रविवार को झालावाड़ के झालरापाटन से राजस्थान में प्रवेश किया। उन्होंने बताया कि इस ऐतिहासिक यात्रा में ना केवल कांग्रेसी बल्कि आमजन भी लाखों की संख्या में शामिल होकर यात्रा के साक्षी बन रहे हैं। सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्री टीकाराम जूली ने आगामी 19 दिसंबर को अलवर ग्रामीण विधानसभा क्षेत्र के मालाखेड़ा में आयोजित होने वाली विशाल जनसभा स्थल का जायजा लिया। उन्होंने बताया कि राजस्थान के अलवर में राहुल गांधी की भारत जोड़ो यात्रा की तैयारी की जा रही है। मंत्री जूली निरंतर सभा स्थल पर पहुंचकर आवश्यक तैयारियों में जुटे हुए हैं। उन्होंने कहा कि केंद्र की मोदी सरकार की दमनकारी नीतियों व तानाशाही राजनीति का शिकार देश का प्रत्येक आम नागरिक भारत जोड़ो यात्रा में बड़े ही उत्साह के साथ शामिल हो रहा है।

### तीरंदाजी में गोल्ड मेडल हासिल किया

**बहरोड़/ नीमराना,** (निसं)। न्यू स्टेट एकेडमी बहरोड़ की टीम के छात्रों ने निशानेबाजी में अंतरराज्यीय तीरंदाजी प्रतियोगिता में गोल्ड मेडल हासिल कर राजस्थान का नाम रोशन किया। राजस्थान के अलवर जिले की बहरोड़ तहसील के न्यू स्टेट एकेडमी सीनियर सेकेंडरी स्कूल तसींग रोड बहरोड़ के छात्रों ने सीबीएसई वेस्ट जोन आर्चरी टूर्नामेंट 2022- 23 के दिल्ली पब्लिक स्कूल छिंदवाड़ा मध्य प्रदेश में आयोजित अन्तरराज्यीय तीरंदाजी की निशानेबाजी प्रतियोगिता में टीम के तीनों छात्रों ने प्रथम स्थान प्राप्त करते हुए गोल्ड मेडल हासिल कर बहरोड़ तहसील व अलवर जिले सहित राजस्थान का नाम रोशन किया वहीं इसके आगे उक्त टीम महाराष्ट्र में आयोजित होने वाली नेशनल प्रतियोगिता में सीबीएसई की राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिता में महाराष्ट्र में आयोजित होने के दौरान भाग ले सकेंगे।

# शराब ठेकेदारों ने रैली निकाल कर प्रदर्शन किया

■ शराब व्यापारियों पर जारी पेनल्टियों को समाप्त करने सहित कई मांगें रखी

**टोंक,** (निसं)। लीकर कांट्रेक्टर यूनियन राजस्थान के प्रदेशाध्यक्ष पंकज धनकड़ के नेतृत्व में ढोल बजाओ सरकार जगाओ, पेनल्टियां हटाओ आंदोलन के तहत नए बस स्टैंड लेकर जिला कलेक्ट्रेट तक ढोल बजाकर शराब ठेकेदारों ने रैली निकाल कर प्रदर्शन किया और कोरोना काल के दौरान शराब कम बिकने पर शराब व्यापारियों पर जारी पेनल्टियों को समाप्त करने व पूरे प्रदेशभर में हो रही शराब व्यापारियों की चल-अचल सम्पतियों को निलामी रुकवाने की मांग को लेकर मुख्यमंत्री के नाम जिला कलेक्टर को ज्ञापन दिया।

लीकर कांट्रेक्टर यूनियन राजस्थान के प्रदेशाध्यक्ष पंकज धनकड के नेतृत्व प्रदेश संगठन मंत्री जयसिंह गुर्जर, टोंक जिलाध्यक्ष विजय चांवला सहित टोंक जिले के शराब व्यापारियों व अन्य जिलो के शराब व्यापारी नए बस स्टेंड से ढोल बजाओ सरकार जगाओ, पेनल्टियां हजाओ आंदोलन के तहत ढोल बजाकर प्रदर्शन करते हुए



लीकर कांट्रेक्टर यूनियन राजस्थान की ओर से मांगों को लेकर शराब व्यापारियों ने प्रदर्शन किया।

रवाना हुए, जो छावनी, पुलिस लाईन, बंमोर गेट होते हुए घंटाघर होकर प्रदर्शन करते हुए जिला कलेक्ट्रेट कार्यालय पहुंचे। प्रदर्शन को देखते हुए शहर कोतवाल जितेन्द्रसिंह चारण, पुरानी टोंक थानाधिकारी उदयवीर सिंह मय दल बल के मौजूद रहे। लीकर कांट्रेक्टर यूनियन के प्रदेशाध्यक्ष पंकज धनकड के साथ शराब व्यापारियों ने दिए ज्ञापन में बताया कि प्रदेशभर में शराब व्यापारी पिछले 4-5 वर्षों में पॉलिसी के अनुसार कमीशन नहीं मिलने के कारण बिल्कुल बर्बाद हो गए हैं। ऊपर से कोरोना महामारी ने तो पूरा भट्टा ही बिठा दिया है, जिसके कारण आर्थिक हालत ओर भी अधिक खराब हो गई है। उन्होंने मांग करते हुए बताया कि वर्ष 2020-21 एवं 2021-22 के संबंध में मांगें है उनको तुरंत प्रभाव से पूर्ण किया जाए ताकि प्रदेश में अनावश्यक आंदोलन न खडा हो। गत 2 वर्षों से कोरोना महामारी, सार्वजनिक कार्यक्रमों पर रोक एवं कामधंधे बंद होने के कारण लोगों की आर्थिक हालात बहुत ही खराब हो गई थी। उन्होंने मांग की है कि कोरोना काल के दौरान आई सभी प्रकार की पेनल्टियों को समाप्त किया जावे तथा प्रदेश भर में शराब व्यापारियों की सम्पतियां कुर्क कर हो रही नीलामियों को तुरन्त प्रभाव से रूकवाया जावें व कोरोना काल के दौरान शराब व्यापारियों को हुए भारी भरकम नुकसान की भरपाई के लिए प्रत्येक शराब व्यापारी को सहयोग हेतु 20-20 लाख रु का सहयोग दिया जावे व 2 वर्षों से विभाग द्वारा जब्त धरोहर राशियां ब्याज सहित लौटाई जावे।

## प्रताड़ित करने का आरोपी गिरफ्तार

**बहरोड़/नीमराना,** (निसं)। जिला पुलिस भिवाड़ी क्षेत्र के नीमराना थाना अंतर्गत दहेज के लिए प्रताड़ित कर आत्महत्या करने के लिए मजबूर करने के आरोपी को नीमराणा पुलिस टीम द्वारा दबिश देकर घर से गिरफ्तार किया। जिला पुलिस भिवाड़ी क्षेत्र के पुलिस अधीक्षक शान्तनु कुमार सिंह के आदेशानुसार एडिशनल एसपी जगराम मीणा नीमराणा के निर्देशन में वृताधिकारी महावीर सिंह शेखावत के सुपरविजन में थानाधिकारी सूणीलाल मीणा की टीम ने 21 नवंबर को संदीप पुत्र रणजीत बावरिया निवासी गूंता शाहपुर तहसील बानसूर जिला अलवर द्वारा दर्ज मामले कि उसकी बहन को अजय उर्फ छन्नी पुत्र सुल्तान बावरिया निवासी माधोसिंहपुरा थाना नीमराणा जिला अलवर शादी के बाद से ही आए दिन दहेज के लिए मारपीट करने के चलते 21 नवंबर को उसकी बहन के फांसी लगाकर आत्महत्या करने की सूचना पर मामला दर्ज कराने पर नीमराणा पुलिस द्वारा आरोपी के घर पर दबिश देकर गिरफ्तार कर मामले में पूछताछ तथा अनुसंधान कर रही है। गौरतलब है कि आरोपी पर आर्म्स एक्ट में 17 नवंबर 2022 का आपराधिक रिकॉर्ड भी नीमराना थाने में दर्ज पाया गया।

## सार-समाचार

### स्मैक बेचने के आरोप में एक गिरफ्तार



**निवाई,** (निसं)। दतवास पुलिस ने अवैध स्मैक बेचने के आरोप में एक और आरोपी को गिरफ्तार किया है। थाना प्रभारी नाहर सिंह ने बताया कि अवैध स्मैक के कारोबार को लेकर पुलिस अधीक्षक मनीष त्रिपाठी, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक भवानी सिंह एवं पुलिस वृत्ताधिकारी संदीप सारस्वत के निर्देशानुसार अभियान को लेकर अवैध स्नेक बेचने के मामले में पूर्व में 29 नवम्बर को आरोपी भूरे खां को गिरफ्तार किया गया था जिससे 50 ग्राम स्मेक जप्त की थी। जिससे पूछताछ करने पर उसने एक और आरोपी का कमल सेन का नाम बताया। जिससे उसने स्मेक खरीदी थी। जिस पर थाना प्रभारी नाहर सिंह रविवार को कॉन्सबल कजोड, मीठालाल, सुखराम एवं पूर्व गिरफ्तार आरोपी भूलेख को निजी वाहन से लेकर कमल सेन के गांव झिकडियां पुलिस थाना घाटोली जिला झालावाड पहुंचे तो पूर्व में गिरफ्तार आरोपी भूरे खा ने हाथ का इशारा करके बताया की रोड के किनारे जो व्यक्ति खडा है। वहीं आरोपी कमल सेन है। जिससे उसने स्मैक खरीदी थी। जिस पर पुलिस ने आरोपी कमल सेन पुत्र भगवान सिंह सेन निवासी गांव झिकडियां पुलिस थाना घाटोली जिला झालावाड को गिरफ्तार करके उससे पूछताछ की।

### बैठक में योजनाओं की समीक्षा की

**कोटपूतली,** (निसं)। स्थानीय खण्ड मुख्य चिकित्सा अधिकारी कार्यालय में सोमवार को बीसीएमओ डॉ. बिजेय यादव की अध्यक्षता में ब्लॉक स्तरीय बैठक का आयोजन किया गया। जिसमें आयुष्मान चिरंजीवी कार्ड, मुख्यमंत्री चिरंजीवी स्वास्थ्य बीमा योजना एवं सीएचओ को परफोरमेंस बेसड इंसटीव का भुगतान निर्धारित 15 इंडिकेटरों की समीक्षा की गई। इस दौरान आयुष्मान चिरंजीवी कार्ड में गोनेड़ा, कांसली, रामपुरा, पनियाला व बनार का कार्य संतोषप्रद नहीं पाया गया। जिन्हें सुधार करने हेतु निर्देशित किया गया। बीसीएमओ डॉ. यादव ने डोर टू डोर सर्वे कर मुख्यमंत्री चिरंजीवी स्वास्थ्य बीमा योजना की जानकारी आमजन को देने के निर्देश दिये। उन्होंने बताया कि योजना के तहत सभी परिवारों को 10 लाख रूपये तक का स्वास्थ्य बीमा का लाभ दिया जा रहा है। राज्य के वे परिवार जो नि:शुल्क पात्र परिवारों की श्रेणी में नहीं आते एवं सरकारी कर्मचारीध्पेंशनर नहीं है तथा मेडिकल अटेंडेंस रूल के तहत लाभ नहीं ले रहे है वे निर्धारित प्रीमियम का 50 प्रतिशत अर्थात 850 रूपये प्रति परिवार प्रतिवर्ष का भुगतान कर योजना का लाभ ले सकते है। बैठक में प्रेमप्रकाश सैनी, राजवीर गुर्जर समेत सीएचओ व एएनएम सहित अन्य स्टॉफ मौजूद रहा।

### शहीद को पुष्पांजलि अर्पित की

**खैरथल,** (निसं)।भारत पाकिस्तान के 1971 के युद्ध में शहीद हुए जवान हरभजन सिंह को 51वें स्मृति दिवस पर सेल्यूट करते हुए पुष्पांजलि अर्पित की गई। समीपवर्ती ग्राम जटियाना में शहीद हरभजनसिंह की प्रतिमा पर सोमवार को 51वें शहीद दिवस पर आयोजित कार्यक्रम में दिन भर ग्रामीणों ने पुष्पांजलि अर्पित कर उनकी बहादुरी को सलाम किया। ग्राम सेवा सहकारी समिति के अध्यक्ष जयदयाल गुर्जर ने बताया कि शहीद हरभजनसिंह सेना की छठी राजपूत बटालियन में तैनात थे और उनके बेटे अममीलाल गुर्जर भी अपने पिता के सपनों को साकार करने के लिए छठी राजपूत बटालियन में तैनात है। गौरतलब है कि 1971 के युद्ध में पाकिस्तान ने भारत के समक्ष सरेंडर कर दिया था। शहीद स्मृति कार्यक्रम में उनके छोटे भाई हरला राम, सरपंच बाबूलाल,राजू लखपति, दीपक भड़ाना, शेर सिंह,जीएस एस के अध्यक्ष जयदयाल गुर्जर, रामप्रसाद महाश्य, लेखराम पहलवान,पूर्व सरपंच ओमप्रकाश गुर्जर, श्योराम पंच, रविन्द्र भडाना आदि ग्रामवासी मौजूद रहे, संचालन मास्टर सादिया राम ने किया। गौरतलब है कि कारगिल युद्ध में भी गांव जटियाना के सपूत जवानों ने अदम्य साहस का परिचय देते हुए मातृभूमि की रक्षा करने में प्राणों की बाजी लगा दी थी।

### साइकिल रैली का आयोजन आज

**अलवर,** (निसं)। सशस्त्रा सेना झण्डा दिवस के अवसर पर 6 दिसम्बर को प्रात: 9 बजे सैनिक कल्याण कार्यालय से पूर्व सैनिकों की साइकिल रैली आयोजित होगी जिसको जिला प्रमुख श्री बलबीर सिंह छिल्लर हरी झण्डी दिखाकर रवाना करेंगे। जिला सैनिक कल्याण अधिकारी अलवर ने बताया कि रैली सैनिक कल्याण कार्यालय परिसर से रवाना होकर नंगली सर्किल, एसएमडी सर्किल, ज्योतिराव फूले सर्किल, मन्नी का बड, होप सर्कस, घण्टाघर, भगतसिंह सर्किल होते हुए वापस सैनिक कल्याण कार्यालय में पहुंचकर समाप्त होगी।

# चार दिवसीय एथ्लेटिक्स क्रीड़ प्रतियोगिता का समापन

**नारायणपुर,** (निसं)। कस्बे के राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय खेल स्टेडियम में चल रही 66वीं जिला स्तरीय छात्र वर्ग चार दिवसीय एथ्लेटिक्स क्रीडा प्रतियोगिता का समापन सोमवार को बसई जोगियान पूर्व सरपंच श्यामसिंह तंवर की अध्यक्षता में किया गया।

इस अवसर पर थानागाजी सीबीईओ रामसिंह मीणा, बानसूर एसीबीईओ इन्द्राज गुर्जर व वंडर सीमेंट से मुकेश, दिनेश मौजूद रहे। वरिष्ठ शारीरिक शिक्षक सुमेर सिंह मीणा ने बताया कि 17 वर्ष में चैंपियनशिप क़स्बा स्थित बाल भारती सीनियर सैकण्डरी स्कूल के पास रही तथा 17 वर्ष में बेस्ट एथलिस्ट प्रदीप सिंह गिगलाना रहा। इसी प्रकार 19 वर्ष में चैम्पियनशिप हाई क्यू इंटरनेशल पब्लिक उमावि सोहनपुर के पास रही। एवं 19 वर्ष बेस्ट एथलिस्ट संयुक्त रूप से जावेद और लाखन रहे। 17 वर्ष


प्रथम, द्वितीय, तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले प्रतिभागियों को आयोजकों ने प्रशस्ति पत्र व स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया।

में 18 इवेंट्स व 19 वर्ष में 19 इवेंट्स में प्रथम, द्वितीय, तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले प्रतिभागी को प्रशस्ति पत्र व स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। प्रतियोगिता में जिले के लगभग 750 खिलाडियों ने भाग लिया। इस अवसर पर प्रधानाचार्य राजकुमार यादव ने प्रतियोगिता में भामाशाहों के सहयोग को लेकर आभार जताया। इस मौके पर चुन्नी लाल मीणा, महेश सैनी, कुलदीप शर्मा सहित बड़ी संख्या में लोग मौजूद थे ।

# कोटपूतली में जन आक्रोश यात्रा का हुआ आगाज

**कोटपूतली,** (निसं)। भाजपा द्वारा राजस्थान सरकार के जंगलराज कुशासन भ्रष्टाचार के विरुद्ध जन आक्रोश यात्रा का आगाज सोमवार को कोटपूतली विधानसभा क्षेत्र में चौकी गोरधनपुरा स्थित हनुमान मंदिर परिसर से एक जन सभा आयोजित कर किया।

कार्यक्रम की शुरूआत में बालाजी मंदिर में पूजा-अर्चना के बाद पंडित दीनदयाल उपाध्याय, श्यामाप्रसाद मुखर्जी व भारत माता के छायाचित्र के समक्ष दीप प्रज्जवलित कर पुष्पांजलि अर्पित की गई। भाजपा पूर्व केबिनेट मंत्री एवं पूर्व प्रदेशाध्यक्ष डॉ. अरूण चतुर्वेदी, जिलाध्यक्ष जितेन्द्र शर्मा, यात्रा जिला संयोजक सुरेन्द्र चौधरी, विधानसभा प्रभारी रोशन लाल सैनी, विधानसभा संयोजक सुभाष चन्द शर्मा, वरिष्ठ भाजपा नेता मुकेश गोयल, शंकर लाल कसाना, बनवारी लाल यादव, यादराम जांगल, एडवोकेट अशोक सुरेलिया, धूड़ सिंह शेखावत, जयराम गुर्जर, दिनेश कमांडेंट, महेन्द्र गुर्जर, कर्मवीर बोकन, कमल यादव, नगर मण्डल अध्यक्ष गोपाल मोरीजावाला, पूरब मण्डल अध्यक्ष सुभाष घोघड़, पश्चिम मण्डल अध्यक्ष संजय सिंह नारेहड़ा, उत्तर मण्डल अध्यक्ष रमेश रावत, दक्षिण मण्डल अध्यक्ष कैलाश चन्द स्वामी, एससी मोर्चा प्रदेश मंत्री सुबेसिंह मोरोड़िया ने कोटपूतली के भाजपा पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं को पार्टी का ध्वज सौंपकर जन आक्रोश यात्रा का उद्घोष किया। डॉ. चतुर्वेदी ने यात्रा को सम्बोधित करते हुए कहा कि वर्तमान सरकार के कुकृत्यों की पराकाष्ठा हो गई। सरकार के गलत कार्यों से जनता में भारी आक्रोश पैदा हो गया है। इसलिए हम सब मिलकर गहलोत सरकार की नाकामियों को जनता के सामने लाने का संकल्प लेते है। जिलाध्यक्ष जितेन्द्र शर्मा ने कांग्रेस सरकार पर तुष्टीकरण व भ्रष्टाचार का आरोप लगाये। वरिष्ठ भाजपा नेता मुकेश गोयल ने कॉग्रेस सरकार में बेरोजगारी, लचर कानून व्यवस्था के कारण आज राजस्थान का प्रत्येक नागरिक त्रस्त है। भाजपा नेता शंकर लाल कसाना, भाजपा नेता बनवारी लाल यादव ने संबोधित किया।

विधानसभा संयोजक सुभाष चन्द शर्मा ने बताया कि यह यात्रा कोटपूतली विधानसभा क्षेत्र के पॉचों मंडलों में विचरण कर आमजन तक पहुँचेगी। जो सोमवार को कोटपूतली पूरब मण्डल के चौकी गोरधनपुरा से प्रारम्भ होकर कंवरपुरा, कल्याणपुरा खुर्द, भैंसलाना, आसपुरा, रघुनाथपुरा, पाथरेड़ी, पूतली, खुर्दी होते हुए ग्राम पंचायत अमाई में जन सभा, नुक्कड़ सभा एवं जन सम्पर्क कर लोगों को राजस्थान सरकार की गलत नितीयों से अवगत करवाया।

# गुणवत्तापूर्ण निर्मित सड़क पर डामरीकरण कर टोल वसूली का विरोध किया

■ जनहित के लिए सड़क पर लेटने से भी नहीं हटुंगा पीछे : विधायक

**मालपुरा,** (निसं)। मालपुरा से किशनगढ़ तक 67 किमी. सड़क निर्माण के लिए 130 करोड रूपयों की वित्तिय स्वीकृति जारी किये जाने के बावजूद सार्वजनिक निर्माण विभाग के आलाधिकारियों द्वारा अधिकृत सड़क निर्माण एजेन्सी से सांठ-गांठ कर 28 किमी. तक निर्मित गुणवत्तापूर्ण सड़क पर डामरीकरण की लीपापौती कर करोडों रूपयों के बजट की हैराफेरी कर मालपुरा सीमा मे टॉल लगा सडक निर्माण का कर्ज जनता के सिर डालने की मिलीभगत पर ग्रामीणों ने विधायक की मौजूदगी में विरोध प्रदर्शन कर निर्माण कार्य रूकवाया।

मामले में मिली जानकारी के अनुसार सामने आया कि पूर्व की भाजपा सरकार मे विधायक कन्हैयालाल चौधरी ने केन्द्र से 23 करोड रूपये की राशि स्वीकृत करवा मालपुरा से किशनपुरा विधानसभा सीमा तक 28 किमी. डामर सडक का निर्माण करवाया था। किशनगढ विधायक द्वारा शेष 39 किमी. सडक निर्माण नहीं करवाने के कारण सडक बुरी तरह क्षतिग्रस्त रह गई। हाल ही में


ग्रामीणों ने विधायक कन्हैयालाल चौधरीकी मौजूदगी ( बीच में ) में विरोध प्रदर्शन कर निर्माण कार्य रूकवाया।

मुख्यमंत्री की बजट घौषणा के बाद सार्वजनिक निर्माण विभाग के अधिकारियों ने नवीन सडक निर्माण के लिए किशनगढ़ से मालपुरा तक सडक मार्ग पर पीपीपी मोड में तब्दील कर बालाजी कन्ट्रक्शन कम्पनी को वर्क ऑर्डर जारी कर दिया। निर्माण एजेन्सी द्वारा किशनगढ से किशनपुरा तक खस्ता हाल सडक का निर्माण कार्य करने के बजाय किशनपुरा से मालपुरा तक पूर्व मे निर्मित गुणवत्तापूर्ण डामर सडक पर अत्याधुनिक संसाधनों से सडक को कुरेद डामर बिछा करोडों रूपये के सरकारी कोष की बंदरबांट की नियत से कार्य शुरू करने के साथ-साथ बागडी से रूपाहेली के बीच टोल नाका लगाने का कार्य शुरू कर दिया। मामले की भनक लगते ही सोमवार को ग्रामीणों ने बागडी के पास ठेकेदार के डामर प्लांट व सडक पर लगी मशीनो को बंद करा प्रदर्शन शुरू कर दिया। सूचना पर पहुंचे विधायक कन्हैयालाल चौधरी, डीआर प्रतिनिधि एडवोकेट नन्दलाल डोई, सीआर रूपचंद आकोदिया, सरपंच पति रमेश वैष्णव, उपसरपंच संजय पाराशर की अगुवाही में ग्रामीणों ने सरकार व निर्माण एजेन्सी के विरूद्ध जमकर नारेबाजी की व प्रदर्शन किया। मौके पर पहुंची लाम्बाहरिसिंह पुलिस ने उच्चाधिकारियों को अवगत करवाया। विधायक चौधरी ने पीडब्ल्यूडी के चीफ इंजिनियर रामजीलाल व एक्सईएन जीवराम रेगर से दूरभाष पर वार्ता कर तत्काल निर्माण कार्य रूकवा मालपुरा सीमा मे किसी भी सूरत में टॉल नाका नहीं लगाने की बात कहते हुए चेतावनी दी कि यदि जबरन टोल नाका लगा सडक निर्माण का बोझ जनता के सिर डाला गया तो जनहित के लिए वो सडक पर लेटने व उग्र आंदोलन से पीछे नही हटेंगे। निर्माण कार्य बंद होने के बाद ही प्रदर्शन समाप्त हुआ। एक्सईएन जीवराम ने कहा कि यह सरकार की योजना है इसमें तब्दील करने का अधिकार सरकार को ही है। विधायक व जनता लिखित में विरोध दर्ज करवाते है तो रिपोर्ट सरकार को भेजी जायेगी।

## नारी चौपाल का शुभारम्भ आज

**अलवर,** (निसं)। सक्षम अलवर अभियान के तहत समता, ममता व क्षमता घटक में से ममता घटक के तहत जिला कलक्टर के नवाचार नारी चौपाल का आयोजन 6 दिसम्बर से 31 जनवरी 2023 तक नारी चौपाल का आयोजन करवाया जाएगा जिसका शुभारम्भ राजगढ़ उपखण्ड में 6 दिसम्बर को नारी चौपाल के आयोजन के साथ होगा। जिला कलेक्टर डॉ. जितेन्द्र कुमार सोनी ने बताया कि जिला प्रशासन के नवाचार के तहत समाज में लिंगानुपात सुधार, महिलाओं की गरिमा एवं सुरक्षा को सुनिश्चित करने हेतु उपखण्ड क्षेत्रा राजगढ में 6 दिसम्बर को प्रात: 11 बजे से दोपहर तीन बजे तक नारी चौपाल आयोजित होगी सभी ब्लॉकों में नारी चौपाल प्रात: 11 बजे से दोपहर 3 बजे तक आयोजित की जाएगी। उन्होंने बताया कि नारी चौपाल नवाचार के तहत महिलाओं को जानकारी प्रदान की जाएगी। नारी चौपाल के आयोजन हेतु प्रशिक्षु आईएएस सुश्री रिया डाबी को प्रभारी नियुक्त किया गया है।


**कार्यालय नगर पालिका श्रीमाधोपुर (सीकर) राज.**

क्रमांक-नपाश्रीमा./2022-23/4703-4704 **आपत्ति आमंत्रण सूचना** दिनांक-22.11.2022

(1) विश्वनाथ पंसारी पुत्र स्व.श्री प्रभुदयाल पंसारी (2) महेन्द्र कुमार गर्ग पुत्र स्व.श्री मालीराम पंसारी जाति महाजन निवासी वार्ड नम्बर 22 अग्रवाल समाज के सामने श्रीमाधोपुर जिला सीकर राजस्थान ने नीचे वर्णित भूमि में अपने अधिकार व्यावसायिक प्रयोजनार्थ के लिये ऐसी भूमि के उपयोग के लिये पूर्ण स्वामित्व पट्टा अधिकार प्राप्त करने के लिये नगर पालिका के पक्ष में अभ्यर्पित कर दिये है।

| जिले सहित नगर का नाम | वार्ड/कॉलोनी/ गली का नाम | पड़ौस द्वारा सीमाबद्ध भू-खण्ड सं. | उत्तर दिशा दर्शित करते हुए लम्बाई और चौडाई सहित क्षेत्र (मीटर में) |
|---|---|---|---|
| नगर पालिका श्रीमाधोपुर (सीकर) | वर्तमान वार्ड नं. 22 अग्रवाल समाज के सामने श्रीमाधोपुर | चर्तु सीमाऐं निम्न प्रकार से है पूर्व दिशा में हंसराज पंसारी का मकान, पश्चिम दिशा में शामिलात गली छोडकर सीताराम व रामगोपाल की दुकान, उत्तर दिशा में आम रास्ता व दक्षिण दिशा में मालीराम प्रभुदयाल का मकान अवस्थित है। | मकान आवासीय प्रयोजनार्थ हेतु जिसकी नाप पूरब से पश्चिम 20 फुट 6 इंच, उत्तर से दक्षिणी 46 फुट 6 इंच कुल क्षैत्रफल 105.91 वर्गगज या 88.59 वर्गमीटर है। |

इसलिए इसके द्वारा समस्त सम्बन्धित व्यक्तियो को सूचित किया जाता है कि यदि किसी व्यक्ति के पास राजस्थान नगर पालिका अधिनियम 2009 की धारा-69क के अधिन पूर्ण स्वामित्व पट्टा अधिकार अभिप्राप्त करने के लिए नगर पालिका के पक्ष में आवेदक द्वारा भूमि में के अधिकार अभ्यर्पण करने की अनुज्ञा की मंजूरी के संबंध में कोई आक्षेप है तो वह इस नोटिस के प्रकाशन के सात दिन के भीतर किसी भी कार्य दिवस पर कार्यालय समय के दौरान अधोहस्ताक्षरकर्ता के समक्ष समर्थक दस्तावेजों के साथ अपने आक्षेप प्रस्तुत कर सकेगा।
उपर्युक्त नियत समय के भीतर किसी आक्षेप के अभाव में यह समझा जायेगा कि किसी व्यक्ति को कोई आक्षेप नहीं है और मामले का तदनुसार निपटारा किया जायेगा।
यह सूचना मेरे हस्ताक्षर और मुहर के अधीन आज दिनांक 22.11.2022 को जारी की गयी।

**अधिशाषी अधिकारी, नगरपालिका श्रीमाधोपुर**



**कार्यालय नगर पालिका लालसोट (दौसा)**

Email ID-lalsot.jaipur@vahoo.com Ph.-01431-260714

प्ररूप-13 (नियम 13(2) देखिए)

**प्राधिकृत अधिकारी का कार्यालय नगर पालिका लालसोट**

क्रमांक-न.पा.ला./6055 दिनांक-5.12.2022

**लोक सूचना**

अधोहस्ताक्षरकर्ता की जानकारी में यह लाया गया है कि नगर पालिका क्षेत्र, लालसोट के खसरा नम्बर में स्थित भूमि या उसके भाग का 17 जून 1999 से बाद की कालावधि से गैर कृषिक प्रयोजनों के लिए उपयोग किया जा रहा है/किया गया है और इसलिए उक्त भूमि या उसके भाग में व्यक्तियों के अधिकार/हित राजस्थान भू-राजस्व अधिनियम 1956 की धारा 90-क की उपधारा (8) के अधीन पर्यवसित किये जाने के दायी है।

| क्र. सं. | खसरा नम्बर | रकबा | राजस्व ग्राम | सुओमोटो 90-क हेतु प्रस्तावित रकबा | खातेदार का विवरण |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 504 | 1.01 बीघा | लालसोट | सम्पूर्ण | कल्याण प्रसाद पुत्र नानगराम ब्राह्मण, छुट्टनलाल पुत्र नानगराम ब्राह्मण, दीपक कुमार पुत्र राजेन्द्र कुमार ब्राह्मण, पप्पूलाल उर्फ अनिल पुत्र नानगराम ब्राह्मण, बजरंगलाल पुत्र नानगराम ब्राह्मण, महेश चन्द पुत्र नानगराम ब्राह्मण, योगेश जांगिड पुत्र राजेन्द्र कुमार जांगिड, हनुमान प्रसाद पुत्र नानगराम ब्राह्मण |

अतः उक्त भूमि में हित रखने वाले प्रत्येक व्यक्ति को इसके द्वारा सूचित किया जाता है कि इस सूचना के प्रकाशन की तारीख से 7 दिवस के भीतर-भीतर कारण बताएं कि क्यों न उक्त भूमि पर उसके अधिकारों और हित को पर्यवसित कर दिया जाए और इसलिए क्यों न भूमि को राज्य सरकार में समस्त विल्लंगमों से मुक्ति निहित किया जा सकें। यह सूचना में हस्ताक्षर और मुहर के अधीन 5.12.2022 को जारी की जाती है।
स्थान-लालसोट
नोट-संबंधित खातेदार इस लोक सूचना को व्यक्तिगत तामील भी समझे व कोई आपत्ति हो, तो 7 दिवस में प्राधिकृत अधिकारी कार्यालय, नगर पालिका लालसोट में अपनी आपत्ति प्रस्तुत करें।

**सीमा चौधरी, प्राधिकृत अधिकारी, (हस्ताक्षर, नाम और पदनाम)**

# पावटा कस्बे से भाजपा की जन आक्रोश यात्रा का शुभारम्भ

**पावटा**, (निसं)। भारतीय जनता पार्टी राजस्थान द्वारा निकाली जा रही जन आक्रोश यात्रा की शुरूआत विराटनगर विधानसभा क्षेत्र में पावटा कस्बे से सोमवार को घंटाघर के पास स्थित गणेश मंदिर में पूजा अर्चना के साथ यात्रा का आगाज किया गया। जहाँ सबसे पहले स्वागत कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसमे सभी आगंतुक अतिथियों सहित पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं का माला पहनाकर स्वागत किया गया।

इसके बाद राजस्थान विधानसभा पूर्व उपाध्यक्ष शाहपुरा व पूर्व विधायक राव राजेंद्र सिंह के मुख्य आतिथ्य व जिलाध्यक्ष जितेंद्र शर्मा की अध्यक्षता में नुक्कड सभा का आयोजन किया गया। जिसमें मुख्य वक्ता के रूप में पूर्व विधायक डॉ. फूलचंद भिंडा ने संबोधित करते हुए कहा कि यह यात्रा राजस्थान की कांग्रेस सरकार के चार वर्षो के काले चिट्ठे को लेकर निकाली जा रही है। राजस्थान की जनता में भारी आक्रोश है। इस आक्रोश को देखते हुए भाजपा जन आक्रोश यात्रा निकाल रही है।



पूर्व विधायक राव राजेंद्र सिंह ने सभा को संबोधित किया।

■ पूर्व विधायक डॉ. फूलचंद भिंडा रहे मुख्य वक्ता

वही पूर्व राजस्थान विधानसभा पूर्व उपाध्यक्ष शाहपुरा व पूर्व विधायक राव राजेंद्र सिंह ने कहा कि क्रोध तो किसी एक घटना पर हो सकता है। लेकिन मानव समाज के साथ हर रोज कोई घटना घटे और उन घटनाओ की एक श्रृंखला हो जाए तो जन मानस के पटल पर आक्रोश पैदा होता है। वहीं जन आक्रोश रैली विराटनगर संयोजक गिरिराज शर्मा, पूर्व प्रदेश महामंत्री कुलदीप धनकड, यात्रा वाहन प्रमुख हरि प्रसाद बल्लीवाल, प्रधान प्रतिनिधि जगन चौधरी, आरती सिंह सहित वक्ताओ ने सभा को संबोधित किया। वही मीडिया प्रमुख ललित गोयल ने बताया कि पावटा में स्वागत कार्यक्रम व नुक्कड सभा के बाद कूनेड, ललाणा, प्रागपुरा, किराडोद, जोधपुरा, दादाकाबास व चौबाला, वीर तेजाजी नगर होते हुए भांकरी पहुँची जहाँ चौपाल का आयोजन किया गया इसके साथ ही भांकरी में रात्रि विश्राम हुआ। इस दौरान विभिन्न स्थानों पर यात्रा का पुष्प वर्षा एवं रथ का तिलक लगाकर स्वागत किया गया। यात्रा पावटा कस्बे में मुख्य मार्गो से होते हुए कुनेड गांव पहुंची जहां पर किशनलाल यादव, मोहनलाल यादव, जीएल यादव व प्रागपुरा में पूर्व जिला पार्षद ललित गोयल सहित जनप्रतिनिधियों के नेतृत्व में यात्रा का भव्य स्वागत किया गया।

## संक्षिप्त

### अवैध निर्माण कार्य रुकवाने की मांग

**निवाई**, (निसं)। उपखंड अधिकारी कार्यालय में सोमवार को पार्षद इमरान खान कुरेशी ने अवैध निर्माण कार्य को रुकवाने की मांग को लेकर उपखंड अधिकारी रविकांत सिंह को ज्ञापन सौंपा है। पार्षद कुरेशी ने बताया कि निवाई-जयपुर मुख्य सडक मार्ग वनस्थली मोड के पास स्थित नाले के ऊपर अवैध निर्माण कार्य किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि उक्त भूमि नगरपालिका के मास्टर प्लान के अनुसार नाले की भूमि है। जिस पर निर्माण होने से वहां से गुजरने वाले राहगीरों को परेशानी का सामना करना पडेगा। इस दौरान नाले का पानी रुकने से रेलवे स्टेशन की कॉलोनियां सहित अन्य कॉलोनियों के लिए समस्या बनी रहेगी।

### चोरों की तलाश में पुलिस ने खंगाले कैमरे

**नारायणपुर**, (निसं)। कस्बे में रविवार को दिनदहाड़े बानसूर रोड पर स्थित घर में घुसकर चोरों ने संदूक, अलमारी के ताले तोडकर करीब 10 लाख रुपए के सोने-चांदी के जेवरात पार कर ले गए थे। घटना के बाद थानाधिकारी शिवशंकर चतुर्वेदी ने टीम घटित कर कस्बे के समीपवर्ती ग्राम ज्ञानपुरा, चतरपुरा, नीमूचाणा, आड़ीगैली आदि स्थानों के सीसीटीवी कैमरे खंगाले। पडौस में लग रहे कैमरे में घर में घुसते हुए दो लोग दिख रहे हैं लेकिन चेहरा साफ नहीं दिखने से उनकी पहचान नहीं हो पा रही। वहीं पुलिस ने अज्ञात चोरों की तलाश में बानसूर विधानसभा के संदिग्ध स्थानों पर दबिश दी व पुराने रिकॉर्ड के आधार पर संदिग्ध लोगाँ से पूछताछ की।

### विजेताओं को पुरस्कृत किया

**मालपुरा**, (निसं)। राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय उर्दू ब्लॉक की मेजबानी में आयोजित चार दिवसीय 66वीं जिला स्तरीय माध्यमिक व उच्च माध्यमिक एथ्लेटिक्स एवं साहित्यक सांस्कृतिक छात्र प्रतियोगिता का समापन समारोह सोमवार को आयोजित किया गया। ब्लॉक शिक्षा अधिकारी गिर्राज प्रसाद गुप्ता, पार्षद डॉ. अंकित कुमार जैन, राशिद नकवी, नजरूलहक, असद मलिक, अब्दुल अजीज, जाहिद अली, रेहाना नकवी, अब्दुल लतीफ मालपुरी, बशीर अली पीटीआई, अब्दुल मजीद, आरिफ अली पीटीआई, प्रधानाचार्य बलराम विजय, पूर्व सैनिक अब्दुल रऊफ ने विभिन्न प्रतियोगिताओं मे उत्कर्ष्ट खेल प्रदर्शन कर मेडल जीतने व राज्य स्तरीय प्रतियोगिता के लिए चयनित विजेता खिलाडियो को पुरस्कृत कर उत्साहवर्धन किया। खिलाडियों व शारीरिक शिक्षकों ने मेजबान विद्यालय व कमेटी का माकुल व्यवस्थाओं के लिए आभार जताया।

### मांगों को लेकर ज्ञापन सौंपा

**कोटपूतली**, (निसं)। स्थानीय एलबीएस पीजी महाविधालय के छात्रों ने सोमवार को एसडीएम ऋषभ मण्डल को ज्ञापन सौंपकर महाविद्यालय में स्थित इन्डोर स्टेडियम को खुलवाने, कुश्ती के लिए सम्पूर्ण सामग्री व कोच की व्यवस्था किये जाने की मांग की। ज्ञापन में बताया कि महाविधालय में वर्तमान में करीब 5 हजार विधार्थी अध्यनरत है। महाविधालय के छात्र विभिन्न खेलों में भाग लेते है। छात्रों के नियमित अभ्यास व प्रैक्टिस के लिए इन्डोर स्टेडियम को खुलवाया जाये। साथ ही कुश्ती के लिए सम्पूर्ण सामग्री व कोच की व्यवस्था की जाये। जिससे छात्र अपनी प्रतिभा को निखार कर क्षेत्र का नाम रोशन कर सके। यदि छात्रों की उक्त मांग नहीं मानी गई तो मजबूरन छात्रों को भूख हड़ताल करनी पड़ेगी। इस दौरान छात्रसंघ अध्यक्ष अतुल खारडिया, महासचिव दीपिका स्वामी, विजय स्वामी, धर्मवीर पहलवान, सुनील पहलवान व विकास सहित अनेक छात्र मौजूद थे।

### विश्व मृदा दिवस का आयोजन

**चाकसू**, (निसं)। सोमवार को 12 बाईपास स्थित जगन्नाथ विश्वविद्यालय परिसर में विश्व मृदा दिवस का आयोजन किया गया। इस मौके पर कृषि संकाय के विद्यार्थियों ने मृदा दिवस के पोस्टर बनाकर मृदा स्वास्थ्य को सुदृढ़ बनाने का संदेश दिया और इन पोस्टरों को कृषि संकाय के अधिषठाता प्रो. पी.एन. कल्ला एवं विभाग अध्यक्ष एस. एल. शर्मा ने विमोचन किया। इस दौरान डॉ.कल्ला एवं डॉ शर्मा ने मृदा, मृदा स्वास्थ्य एवं मृदा संरक्षण पर प्रकाश डाला। विद्यार्थियों ने खेत से मिट्टी के नमूने लेकर प्रयोगशाला में जांच के लिए भिजवाया। डॉ.दलपत लाला ने आयोजन संपन्न करवा कर सभी को धन्यवाद प्रेषित किया।

## स्वास्थ्य मेले का आयोजन

**पावटा**, (निसं)। चिकित्सा स्वास्थ्य विभाग की तरफ से सोमवार को पीएचसी भौनावास में डॉ. संदीप मुहानिया की अध्यक्षता मे पांच ग्राम पंचायतों भौनावास, फतेहपुरा खुर्द, टोरडा, सुदरपुरा ढाढा, टसकोला के लोगों के लिए स्वास्थ्य मेला का आयोजन किया गया। मेले में स्पेशलिस्ट चिकित्सक मौजूद थे। उन्होंने मरीजों का इलाज किया। इसमें विभिन्न रोगों से ग्रसित 262 मरीजों का इलाज हुआ। डॉ. संदीप मुहानिया ने बताया कि इस स्वास्थ्य मेले से अनेक गरीब परिवारों और ग्रामीणों को लाभ हुआ। ग्रामीणों ने कहा कि इस तरह का आयोजन होना चाहिए। इससे ग्रामीणों को बेहतर स्वास्थ्य लाभ मिलेगा सरकार इसे लेकर गंभीर है। इस स्वास्थ्य मेले में काफी संख्या में मरीज शामिल हुए। इसके साथ ही कैंप में देवेंद्र कुमार यादव, महेश यादव नर्सिंग ऑफिसर, किशोरी लाल यादव , अजय कुमार यादव व राजेश गुर्जर सीएचओ, मनोज, धर्मपाल यादव, मुकेश सैनी सहित अन्य कार्मिकों ने मिलकर अपनी सेवाएं दी।

## मंदिर में लावारिस हालत में मिला सोने का हार लौटाया

**देवली**, (निसं) । शहर के बोरडा गणेशजी मंदिर में लावारिस हालत में पड़ा सोने का कीमती हार उसके वास्तविक मालिक को लौटा कर पुजारी एवं दर्शनार्थी ने अपनी ईमानदारी का परिचय दिया है।

मंदिर कमेटी के अध्यक्ष गिरिराज जोशी ने जानकारी में बताया कि 3 दिसंबर शनिवार को देवली उपखंड के बोरडा गणेशजी मंदिर में दर्शन के लिए आई एक महिला का सोने का हार टूट कर मंदिर में गिर गया था। इसी दौरान गणेश मंदिर में दर्शन करने आए एक अपरिचित दर्शनार्थी को उक्त सोने का हार फर्श पर पड़ा दिखाई दिया। तभी दर्शनार्थी ने अपनी ईमानदारी दिखाते हुए उक्त सोने के हार को मंदिर पुजारी रामस्वरूप मीणा के सुपुर्द कर दिया। इस पर पुजारी ने तुरंत उक्त मामले की सूचना मंदिर ट्रस्ट को दी एवं हार के वास्तविक मालिक का पता लगाने का आग्रह किया। जिससे हार उसके मालिक को लौटाया जा सके। ट्रस्ट के सदस्यों द्वारा जानकारी करने पर पता चला की उक्त हार मंदिर परिसर में सहभोज करने आए देवली गांव निवासी सेवानिवृत्त कस्टम अधिकारी रामधन जाट की पुत्रवधू का है। इस पर पुजारी ने उक्त हार ट्रस्ट के सदस्यों की उपस्थिति में असल मालिक को लौटा दिया। वहीं मौजूद उपस्थित लोगों सहित महिला के परिजनों ने दर्शनार्थी व्यक्ति और पुजारी एवं ट्रस्ट का आभार व्यक्त किया। मंदिर कमेटी अध्यक्ष गिर्राज जोशी ने यह भी बताया कि 35 ग्राम वजनी सोने का हार लौटाने वाले ईमानदार व्यक्ति ने अपनी ईमानदारी दिखाते हुए पुजारी को सोने का हार दिया और अपना परिचय दिए बिना ही चला गया।


देवली के बोरडा गणेशजी मंदिर में लावारिस हालत में पड़ा सोने का कीमती हार उसके वास्तविक मालिक को लौटाया।

## अवैध देशी शराब जप्त, दो गिरफ्तार

**फुलेरा**, (निसं)। जयपुर ग्रामीण पुलिस अधीक्षक मनीष अग्रवाल के द्वारा जिले में शराब कीअवैध गतिविधियों के खिलाफ चलाये जा रहे विशेष अभियान के तहत अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक दूदू दिनेश शर्मा के निर्देशन एवं वृताधिकारी सांभरलेक लक्ष्मी सुधार के सुपरविजन में फुलेरा थानाधिकारी हनुमान सहाय के द्वारा अलग-अलग टीमें गठित कर थाना क्षेत्र में दो अलग अलग कार्यवाही कर जैतपुरा रेल्वे अण्डरपास के पास से अवैध शराब के 40 पव्वे जप्त किये। इसी तरह फुलेरा के एक नीजी मेरिज गार्डन पास से अवैध शराब के 45 पव्वे जप्त किये जाकर अभियुक्तगण मालीराम व विशन सिंह को गिरफ्तार कर प्रकरण पंजीबद्ध किये जाकर अनुसंधान शुरू किया गया। उपरोक्त जानकारी देते हुए फुलेरा थानाधिकारी हनुमान सहाय यादव ने बताया कि आरोपी मालीराम पुत्र चुनाराम जाति बलाई उम्र 57 वर्ष निवासी पृथ्वीपुरा थाना क्षेत्र फुलेरा एवं विशन सिंह पुत्र गोपाल सिंह जाति दरोगा उम्र 40 वर्ष निवासी सब्जी मण्डी के पिछे खारडा मोहल्ला फुलेरा को गिरफ्तार किया गया है।

## अवैध खनन, ब्लास्टिंग व अवैध विस्फोटक सामग्री पर रोक की मांग

**पावटा**, (निसं)। तहसील पावटा की पंच पहाडी, सुंदर पुरा ढाढा, भूरी भडाज, जीणगौर, चौलावा, बुचारा बांध क्षेत्र, बेरी कोठी की ढाणी में खनन माफियों द्वारा अवैध खनन, अवैध ब्लास्टिंग के खिलाफ सोमवार को पावटा घंटाघर चौक पर एकजुट हुये ग्रामीणों ने खनन ग्रस्त संघर्ष समिति कोटपुतली राधेश्याम शुक्लाबास व सामाजिक कार्यकर्ता पूरण यादव के नेतृत्व में पैदल मार्च व नारेबाजी करते हुए पावटा उपखंड कार्यालय पहुंचे जहां सांकेतिक धरना प्रदर्शन करते हुए उपखंड अधिकारी राजवीर सिंह यादव को ज्ञापन सौंपा। राधेश्याम शुक्लाबास व पूरण यादव ने ज्ञापन सौपते हुए आबादी, स्कूल, जोहड, तालाब, बांध क्षेत्र के नजदीक संचालित खनन पट्टों में ब्लास्टिंग में हैवी अर्थ मूवर्स पर पूर्णतया प्रतिबंध, जिन खनन पट्टों में खान सुरक्षा विभाग अजमेर से ब्लास्टिंग व हेवी अर्थ मूवर्स पर रोक है वहां तुरंत कार्रवाई, क्षेत्र में खनन पट्टों में रात को खनन गतिविधियां नहीं होने का नियम है। इसकी पालना, ओवर लोडिंग पर शीघ्र कार्रवाई, बुचारा बांध क्षेत्र के अंदर अवैध खनन शीघ्र रोकने, पावटा कोटपूतली क्षेत्र ड्राईजोन है यहां अवैध डस्ट वॉशिंग प्लांटों को शीघ्र बंद कराने व रोड के किनारे पर डस्ट डालने वालों पर सख्त कार्रवाई की मांग की।

■ वहीं रात को खनन कार्य रुकवाने को लेकर ग्रामीणों ने पैदल मार्च निकाला

इस मौके पर बेरी बांध से बनवारीलाल शास्त्री जयसिंह यादव, यादराम यादव, मीरापुर से प्रमोद कुमार गुर्जर, सुदरपुराढाढा से उमराव पोसवाल, सुरज्ञान गुर्जर, श्रीराम गुर्जर, कृष्ण डेलीगेट, द्वारिकापुरा से दीपक मीणा, मुकेश मीणा, जीणगोर से दीपक मीणा, हरिराम गुर्जर, पंचपहाडी मदन योगी, राजू योगी, राजेश सैनी, लाडाकाबास प्रहलाद यादव, रामनिवास वर्मा, पवाना अहीर से जगदीश आर्य, यादराम तथा फिरोज खान चिमनपुरा सहित सैकडों लोग मौजूद रहे।

## भाजपा जन आक्रोश रैली के रथ हुए रवाना

**चाकसू**, (निसं)भाजपा की ओर से गहलोत सरकार के खिलाफ प्रदेश भर में शुरू की गई जनाक्रोश रैली को उपखंड क्षेत्र के गांव गांव, ढाणी ढाणी तक रैली को पहुंचाने के लिए बाड़ापदमपुरा में भाजपा के वरिष्ठ पदाधिकारियों एवं जनप्रतिनिधि ने रैली को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया।

आयोजित सभा को पूर्व विधायक लक्ष्मीनारायण बैरवा ने संबोधित किया। मुख्यमंत्री विधानसभा प्रभारी गणेश सिंह राजावत ने भाजपाइयों एवं आमजन को एकजुट होकर कांग्रेस की सरकार को उखाड़ फेंकना का आव्हान किया।

जिला पूर्व एससी आयोग के उपाध्यक्ष विकेश खोलिया, जनसेवक श्रवण लाल बैरवा पूर्व भाजपा प्रत्याशी रामअवतार बैरवा सहित अन्य वक्ताओं ने भी संबोधित किया। इस मौके पर जिला उपाध्यक्ष कजोड़ चौधरी, मोर्चा जिलाध्यक्ष उमा शर्मा, शंकर जांगिड़, मुकेश गोरली, जिला महामंत्री कैलाश नागरवाल, जिला मंत्री पूनम यादव, विधानसभा यात्रा संयोजक बद्रीनारायण चौधरी, सहसंयोजक विनोद राजोरिया, प्रवास योजना विधानसभा प्रभारी सरदार सुरेंद्र सिंह, मण्डल अध्यक्ष भुनाराम गुर्जर, रामेश्वर मीना, गिर्राज मीना, अमित जैन, नगर अध्यक्ष व पूर्व पार्षद केदार शर्मा,भाजयुमो अध्यक्ष नरेंद्र सिंह, हरिराम चौधरी, धर्मराज गुर्जर,मण्डल महामंत्री पन्ना लाल राणा, बाबूलाल तलावत, सुरेंद्र बैरवा, श्रीराम शर्मा, लल्लू जांगिड़ सहित पार्टी पदाधिकारी एंव भाजपा कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## विद्यालय में बच्चों का प्रवेश प्रारंभ

**श्रीमाधोपुर**, (निसं)। स्थानीय महात्मा गांधी राजकीय अंगेजी माध्यम विद्यालय श्रीमाधोपुर में बाल वाटिका के तहत 3वर्ष या 3 वर्ष से अधिक आयु वर्ग के बच्चों का नर्सरी,एलकेजी-यूकेजी में प्रवेश प्रक्रिया प्रारंभ हो गई है।

यह जानकारी देते हुए प्राचार्य रमाकांत शर्मा ने बताया कि संबंधित अभिभावक अपने बच्चों के आवेदन पत्र भरकर विद्यालय में 15 दिसम्बर 2022 तक जमा करवा सकते हैं।

## जीवली विद्यालय में अंत्योदय खिलौना बैंक की स्थापना

**निवाई**, (निसं)। गांव जीवली के राजकीय उच्च प्राथमिक विद्यालय में अंत्योदय फाउंडेशन मुंबई द्वारा भामाशाह फैजल आजमी मुम्बई के सहयोग से अंत्योदय खिलौना बैंक स्थापित किया गया है।

प्रधानाध्यापक हेमलता विजयवर्गीय ने बताया कि मुख्य अतिथि एडवोकेट उम्मेद सिंह कसाना, राकेश सिंह राजावत, अमोद बैरवा, कमलेश गुर्जर, पीईईओ भरथला गिरिराजप्रसाद गुर्जर, संस्था प्रधान हेमलता विजयवर्गीय, शिक्षक कैलाशचंद यादव, सुरज्ञान गुर्जर, देवनारायण यादव, उमेदसिंह गुर्जर, टीकाराम राजवंशी, मीनाक्षी रोलानिया की उपस्थिति में खिलौना बैंक की स्थापना की गई। खिलौना बैंक प्रभारी शिक्षक टीकाराम राजवंशी ने बताया कि खिलौना बैंक विद्यालय के छात्र-छात्राओं के लिए खेल खेल में शिक्षा द्वारा पढाई को मनोरंजक बनाने के लिए विशेष रहेगा। अन्त्योदय जिला प्रभारी दिनकर विजयवर्गीय ने बताया कि खिलौना बैंक में अल्फा मैग्नेटिक बोर्ड, मिसिंग नंबर, फाइव इन वन बॉक्स, सेंटेंस बिल्डर, एवन प्ले ब्लॉक्स, मैथ्स बिल्डर, इंडिया मैप, पार्ट्स ऑफ बॉडी, इलेक्ट्रॉनिक गेम, अपोजिट, कलर, लेटरड वर्ड पिक्चर, वेजिटेबल जिग्जा नेम सहित अन्य 16 खिलौनों के साथ पुस्तकालय के लिए राज्य स्तरीय छात्रवृत्ति परीक्षा गाइड, जवाहर नवोदय प्रवेश परीक्षा गाइड, एनएमएमएस गाइड की 10 पुस्तकें भी उपलब्ध करवाई गई है। अन्त्योदय जिला प्रेरक दिनकर विजयवर्गीय ने शिक्षा विभाग द्वारा राज्य स्तरीय सम्मानित शिक्षक टीकाराम राजवंशी की विशेष उपलब्धियों को अन्त्योदय फाउंडेशन मुम्बई संस्थापक महेंद्र मेहता को अवगत करवाया। विद्यालय की नवाचारी शैक्षणिक गतिविधियों से प्रभावित होकर यह किट विद्यालय को निःशुल्क पहुंचाया गया है।

## चिकित्सा मंत्री ने भारत जोड़ो यात्रा के रूट का जायजा लिया

**लालसोट/रामगढ़ पचवारा**, (निसं)। विधानसभा क्षेत्र लालसोट से गुजरने वाली राहुल गांधी की भारत जोड़ो यात्रा को लेकर चिकित्सा मंत्री परसादी लाल मीणा कांग्रेस कार्यकर्ताओं की आज बैठक लेंगे। प्रदेश कांग्रेस कमेटी के सदस्य एवं प्रदेश स्वायत्त शासन संस्था के उपाध्यक्ष पूर्व चेयरमैन दिनेश मिश्र ने जानकारी देते हुए बताया कि चिकित्सा मंत्री परसादी लाल मीणा मंगलवार को दोपहर एक बजे संस्कृत महाविद्यालय लालसोट परिसर में कांग्रेस कार्यकर्ताओं की बैठक लेंगे।

चिकित्सा मंत्री मीणा कांग्रेस पार्टी के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष राहुल गांधी द्वारा निकाली जा रही भारत जोड़ो यात्रा को लेकर कांग्रेस के पदाधिकारियों कार्यकर्ताओं से रायशुमारी करने के साथ इस भारत जोड़ो यात्रा को लेकर आवश्यक दिशा निर्देश देंगे। जानकारी देते हुए बताया कि भारत जोड़ो यात्रा लालसोट विधानसभा में 14 दिसंबर को सीमा में प्रवेश करेगी एवं उसी रात्रि विश्राम बिलोना कला में होगा एवं 15 दिसंबर को सुबह 6 बजे से भीलवाड़ा से भारत जोड़ो यात्रा प्रस्थान का लालसोट नगर में होते हुए डीडवाना में दोपहर का भोजन लेगी एव वही विश्राम होगा। इसके बाद उसी दिन शाम को डीडवाना से यात्रा प्रस्थान कर नांगल राजावतान मीणा हाईकोर्ट में रात्रि विश्राम करेगी। उन्होंने बताया कि भारत जोड़ो यात्रा के दौरान अनुशासन में रहते हुए इस यात्रा को अधिक सफल बनाने के साथ लालसोट गुजरी भी इस भारत जोड़ो यात्रा का दूर तक संदेश देना है। वहीं सोमवार को चिकित्सा मंत्री द्वारा भारत जोड़ो यात्रा के रूट का जायजा लिया गया एवं कार्यकर्ता व कांग्रेस पदाधिकारियों के साथ रूट को लेकर विचार विमर्श किया गया।


राहुल गांधी की भारत जोड़ो यात्रा के रूट का चिकित्सा मंत्री परसादी लाल मीणा ( बीच में ) ने जायजा लेकर चर्चा की।

■ भारत जोड़ो यात्रा को लेकर बैठक आज

## न्यायिक कर्मचारियों का कार्य बहिष्कार जारी

**श्रीमाधोपुर**, (निसं)। न्यायिक कर्मचारी सुभाष मेहरा की 10 नवंबर को हुई संदिग्ध मौत के मामले में अब तक कोई कार्यवाही नहीं होने पर श्रीमाधोपुर कोर्ट परिसर में न्यायिक कर्मचारियों का सामूहिक कार्य बहिष्कार सोमवार को छठवें दिन भी जारी रहा। राजस्थान न्यायिक कर्मचारी संघ के प्रदेश प्रतिनिधि कैलाश चंद सामोता ने बताया कि कर्मचारी सुभाष मेहरा की संदिग्ध मौत के मामले में कोई कार्यवाही नहीं होने के विरोध में राज्य की समस्त अधीनस्थ न्यायालयों के साथ श्रीमाधोपुर न्यायालय में भी कार्य बहिष्कार जारी है। सामोता ने बताया कि उनकी मांगों में सुभाष मेहरा की एफ आई आर दर्ज हो, सीबीआई से मामले की निष्पक्ष जांच हो, पीड़ित परिवार को मुआवजा और सरकारी नौकरी दी जाए सहित 6 सूत्रीय मांगे हैं, जिनके पूरा नहीं होने तक न्यायिक कर्मचारियों का कार्य बहिष्कार अनिश्चित कॉल तक जारी रहेगा।

## सार-समाचार

### साइकिल दल को किया रवाना



**श्रीमाधोपुर**, (निसं)। राजस्थान राज्य स्काउट व गाइड स्थानीय संघ के श्री नारायण ओपन रोवर क्रू के रोवर्स को निपुण बैज साइकिल हाइक हेतु जिला मुख्यालय सीकर के लिए संघ के सचिव अशोक तिवाड़ी मऊ ने स्थानीय संघ मुख्यालय से हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। तिवाड़ी ने बताया कि जयन्त पारीक के नेतृत्व में 5 सदस्यीय साइकिल हाइक दल को रवानगी दी गयी है जिसमें अजय वर्मा, रोहिताश वर्मा, अंकित सोठवाल, राजेंद्र वर्मा शामिल हैं। दल हाइक के दौरान विभिन्न गांव कस्बों से गुजरता हुआ वाया पलसाना विश्व जंबूरी का प्रचार प्रसार एवं पर्यावरण संरक्षण तथा स्वच्छता का संदेश देते हुए रात्रि में स्काउट जिला मुख्यालय बड़ा तालाब सीकर पहुंचेगा। वहां रात्रि विश्राम के बाद मंगलवार को दांतारामगढ़, जीणमाता ,खाटूश्यामजी, रींगस होते हुए श्रीमाधोपुर पहुंचेगा।साइकिल हाइक दल की रवानगी के वक्त वरिष्ठ ट्रेनिंग काउंसलर मधुसूदन शर्मा व विश्वनाथ शर्मा भी मौजूद रहे।

### गोपाल सामोता अध्यक्ष बने



**श्रीमाधोपुर**, (निसं)। नांगल (नाथूसर) में ग्राम सेवा सहकारी समिति लिमिटेड के लिए हुए निर्वाचन में गोपाल सामोता अध्यक्ष पद पर निर्वाचित हुए एवं राजेंद्र सिंह उपाध्यक्ष चुने गए। निर्वाचन अधिकारी धर्मेंद्र ने बताया कि संचालक मंडल के अध्यक्ष व उपाध्यक्ष के लिए हुए चुनाव में गोपाल सामोता अध्यक्ष व राजेंद्र सिंह उपाध्यक्ष चुने गए। इन दोनों पदों के लिए एक एक ही आवेदन आया था संचालक मंडल के नौ सदस्यों का चुनाव हुआ था जिसमें, मंजू यादव, सूरजभान यादव, कालू राम जाखड़, सोहनलाल, राजेंद्रसिंह, मुकेश यादव, सेडूराम बल्डवाल, मधुसूदन शर्मा व गोपाल सामोता विजयी हुए थे। अध्यक्ष चुने जाने के बाद गोपाल सामोता की गांव में डीजे के साथ विजय रैली निकाली गई, जगह-जगह साफा व माला पहनाकर स्वागत सम्मान किया गया। इस अवसर पर सरपंच गीता यादव, पंचायत समिति सदस्य मुकेश स्वामी, प्रह्लाद यादव, उपसरपंच रामअवतार सिंह शेखावत सहित अन्य जनप्रतिनिधि व ग्रामीण उपस्थित रहे।

### एथलेटिक्स प्रतियोगिता का हुआ समापन



**थानागाजी**, (निसं)। जिला स्तरीय 66वीं एथलेटिक्स प्रतियोगिता छात्रा 17-19आयु वर्ग के समापन समारोह में मुख्य अतिथि नगरपालिका चेयरमैन चौथमल सैनी रहे। एथलेटिक्स प्रतियोगिता में 17 वर्ष आयु वर्ग की विभिन्न इवेंट्स में 45 टीमों ने भाग लिया जिसमें जनरल चैम्पियनशिप खिदरपुर तिजारा ने जीती और इसमें सर्वश्रेष्ठ एथलिट छात्रा मुस्कान रही। इसी तरह 19 वर्ष आयु वर्ग में 18 टीमों ने भाग लिया। इस आयु वर्ग में जनरल चैम्पियनशिप महात्मा गाँधी गर्ल्स स्कूल रामगढ ने जीती व सर्वश्रेष्ठ एथलिट छात्रा राजवंती रामगढ रही। सभी विजेता खिलाड़ियों को मैरिट प्रमाण पत्र व मैडल देकर सम्मानित किया गया। समापन समारोह की अध्यक्षता सीबीईओ रामसिंह मीना ने की तथा इस अवसर पर प्रधानाचार्य एवं नोडल अधिकारी मूलचंद मीना, पीईईओ रामस्वरूप मीना, प्रधानाचार्य गोपाल कृष्ण शर्मा, रामशरण मीना, सरदार सिंह, रामफूल, भगवती मीना, भामाशाह दिनेश मीना, मुकेश सैनी, मुख्य निर्णायक पवन सैनी पीटीआई भंवरसिंह व छात्रा खिलाडी मौजूद थे। संयोजक मुरलीधर मीना ने सबका आभार प्रकट किया।

### यूनिफॉर्म का किया वितरण

**श्रीमाधोपुर**, (निसं)। ग्राम जाजोद की राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय में सोमवार को राजस्थान सरकार की बहुप्रतीक्षित योजना मुख्यमंत्री निःशुल्क पोशाक योजना के अंतर्गत विद्यालय प्रांगण में निःशुल्क पोशाकों का वितरण किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रधानाचार्या सुमन तोबड़िया ने की। मुख्य अतिथि शिक्षाविद प्रेमचंद सोलंकी और विशिष्ठ अतिथि समाज सेवी ख्यालीराम लाटा थे। यूनिफॉर्म का कपड़ा प्राप्त कर सभी बालक बालिकाओं के चेहरे खिले उठे। इस अवसर पर गिरधारीलाल देवन्दा, घासीराम वर्मा, फूलचंद कुड़ी, विष्णु कुमार जोशी, महेंद्र खोखर, गजानंद जाट, मुरारीलाल सामोता, पूरण मल मीणा, जितेंद्र कुमार, गुड्डी मीणा, अनिता निठारवाल सहित ग्रामीणजन उपस्थित थे।

### वाहन चोर तीन किशोर निरुद्ध

**टोंक**, (निसं)। शहर कोतवाली पुलिस ने नेहरुक पार्क से मोटरसाईकिल चोरी के मामले में शातिर वाहन चोर विधि से संघर्षरत तीन किशोरों को निरुद्ध किया। शहर कोतवाल जितेन्द्रसिंह चारण ने बताया कि 4 दिसम्बर को रामस्वरुप मीणा पुत्र बजरंगलाल मीणा निवासी नवाबपुरा थाना मेहंदवास में पुलिस थाने में इस आशय रिपोर्ट दी कि 3 दिसम्बर को सुबह 11 बजे उसकी मोटरसाईकिल को नेहरु पार्क के सामने खडी की थी, जिसको अज्ञात चोर चुरा ले गए। इस मामले दर्ज कर कार्यवाही शुरु की। जिला पुलिस अधीक्षक मनीष त्रिपाठी के निर्देशानुसार एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक भवानी सिंह राठौड व पुलिस वृत्ताधिकारी टोंक सलेह मोहम्मद के सुपरविजन में शहर कोतवाल जितेन्द्र सिंह चारण के नेतृत्व में गठित टीम में शामिल एएसआई प्रभूसिंह, हैडकांस्टेबल चन्द्रप्रकाश, शरीफ मोहम्मद, कानिस्टेबल यशराज, राजेश, राजेन्द्र, ओमप्रकाश ने वाहन चोर की तलाश की और सोमवार को इस मामले में विधि से संघर्षरत 3 किशोरो से अनुसंधान करने पर जुर्म प्रमाणित पाएं जाने पर निरुद्ध किया गया। जिनसे चोरी गई मोटरसाईकिल व दूसरी मोटरसाईकिल के कलपुर्जे बरामद किए। यह तीनो बाल अपचारी मकान, बाजार, पार्क के बाहर खडी हुई मोटरसाईकिलों की मोटरसाईकिल पर रैकी कर चुरा ले जाते थे व नम्बर प्लेट हटाकर चलाते थे व अपना शौक पूरा करने के लिए बेचते थे।

### ग्राम पंचायतों में पहुंची जनाक्रोश यात्रा

**लालसोट**, (निसं)। भाजपा प्रदेश नेतृत्व के आह्न पर लालसोट विधानसभा क्षेत्र में निकाली जा रही जन आक्रोश यात्रा भाजपा नेता रामबिलास डूंगरपुर की अगुवाई में दौलतपुरा, होदायली, समेल शिवसिंहपुरा, बड़कापाड़ा, लखनपुर, लाडपुरा, बिहारीपुरा, खेमावास, गोल्या टोडाठेकला, सुरतपुरा आदि गांवों में पहुंचकर कांग्रेस सरकार के कुशासन के खिलाफ जनता को जागरूक किया। इस अवसर पर नुक्कड़ सभा को सम्बोधित करते हुए पूर्व जिला अध्यक्ष अभयशंकर शर्मा ने कांग्रेस सरकार को आड़े हाथों लिया। भाजपा नेता रामबिलास डूंगरपुर ने आक्रोश रैली की नुक्कड़ सभा को संबोधित करते हुए राहुल गांधी ने पिछले चुनावों में किसानों का सम्पुर्ण कर्ज माफी को लेकर सरकार को घेरा। उन्होंने चिकित्सा मंत्री के ग्रह नगर में दिनदहाडे बदमाशों ने गोलीकांड की स्थानीय प्रशासन सहित चिकित्सा मंत्री पर सियासी हमला बोल पुलिस भूमाफियों शराब माफियाओं को सरकार में बैठे मंत्री विधायक चौथवसूली करने के आरोप लगाते हुए सरकार आंखे मूंद कर बैठने का आरोप लगाया। इस दौरान पूर्व प्रमुख शासन सचिव भाजपा के वरिष्ठ नेता बृजमोहन मीणा ने नुक्कड़ सभा को सम्बोधित करते हुए कहा कि प्रदेश सरकार में महिला अपराधों को बढावा मिला है। किसान मोर्चा जिला अध्यक्ष रामजिलाल डोई ने भी सम्बोधित किया।



मेरा मानना है कि शुभमन बहुत अच्छा प्रदर्शन कर रहा है और उसके प्रदर्शन में निरंतरता है। मुझे लगता है कि वह 2023 विश्वकप में भारत की तरफ से पारी का आगाज करने के लिए प्रबल दावेदार है। **– युवराज सिंह**

पूर्व भारतीय क्रिकेटर, शुभमन गिल के बारे में।

# खेल जगत

आज का खिलाड़ी ▶



## हरमनप्रीत कौर

**हरमनप्रीत कौर** का मानना है कि महिला आईपीएल से नई खिलाड़ियों को घरेलू क्रिकेट से अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट के बदलाव में ढलने में मदद मिलेगी। हरमनप्रीत ने स्टार स्पोर्ट्स के शो 'फॉलो द ब्ल्यूज' पर कहा, ''आईपीएल उन खिलाड़ियों के लिए शानदार मंच होगा जो काफी अच्छी हैं। आपको पता है कि अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में रातों-रात अपना रवैया और मानसिकता नहीं बदली जा सकती। उन्होंने कहा, ''लेकिन आईपीएल में जब उन्हें विदेशी खिलाड़ियों के खिलाफ खेलने का मौका मिलेगा तो उन्हें मंच मिलेगा, उन्हें समझ आएगा कि अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट क्या है।''

**क्या आप जानते हैं ?...** प्रथम श्रेणी क्रिकेट में सर्वाधिक व्यक्तिगत स्कोर का विश्व रिकॉर्ड ब्रायन लारा के नाम है। लारा ने 1994 में वारविकशायर की तरफ से डरबन के खिलाफ 501 रन की नाबाद पारी खेली।

# जापान को पेनल्टी शूटआउट में हरा क्रोएशिया क्वार्टरफाइनल में

अल वाकराह, 5 दिसम्बर। क्रोएशिया ने पेनल्टी शूटआउट में जापान को 3-1 से हरा विश्व कप फुटबाल के क्वार्टर फाइनल में जगह बना ली है। अगले राउंड में क्रोएशिया का सामना ब्राजील और दक्षिण कोरिया के बीच जीतने वाली टीम से होगा। क्रोएशिया की ओर से शूट लेने आए व्लासिच, ब्रोजोविच और पसालिच ने गोल किया। वहीं, लिवाजा चूक गए। वहीं, जापान की ओर से सिर्फ असानो गोल कर सके। मिनामिनो, मितोमा और योशिदा स्कोर करने से चूक गए। क्रोएशिया के गोलकीपर लिवाकोविच ने बेहतरीन खेल दिखाते हुए शूटआउट में तीन गोल बचाए।

इससे पहले फुल टाइम तक स्कोर 1-1 से बराबर रहा था।जापान के लिए 43वें मिनट में डेजेन माइडा ने गोल किया था। वहीं, क्रोएशिया के लिए 55वें मिनट में इवान पेरिसिच ने गोल कर स्कोर बराबर कर दिया था। इसके बाद मैच एक्स्ट्रा टाइम में पहुंचा। वहां भी दोनों टीमें कोई गोल नहीं कर सकीं और मैच पेनल्टी शूटआउट में पहुंचा।

क्रोएशिया की टीम वर्ल्ड कप में तीसरी बार राउंड ऑफ-16 का मैच खेल रही थी और तीनों बार टीम क्वार्टर फाइनल में पहुंचने में कामयाब रही है। टीम ने लगातार दूसरी बार वर्ल्ड कप में राउंड ऑफ-16 का मैच पेनल्टी शूटआउट में जीता है। इससे पहले 2018 वर्ल्ड कप में क्रोएशिया ने पेनल्टी शूटआउट में डेनमार्क को हराया था।

### पेनल्टी शूटआउट में क्या हुआ?

**पहला** शूट जापान के ताकुमी मिनामिनो लेने आए। हालांकि, उनके शॉट को क्रोएशियाई गोलकीपर लिवाकोविच ने रोक लिया।

**इसके** बाद क्रोएशिया की ओर से निकोला व्लासिच ने गोल किया।

**जापान** के काउरो मितोमा अपना शॉट मिस कर गए। उनके शॉट को लिवाकोविच ने रोक लिया।

**इसके** बाद क्रोएशिया के ब्रोजोविच ने गोल कर शूटआउट में 2-0 से आगे कर दिया।

**जापान** के ताकुमा असानो ने गोल कर स्कोर 2-1 कर दिया।



**इसके** बाद क्रोएशिया के मार्को लिवाजा चूक गए, जापानी गोलकीपर गोन्डा ने शानदार बचाव किया।

**जापान** की ओर से चौथा शॉट कप्तान माया योशिदा लेने आए, लेकिन उनके शॉट को भी क्रोएशियाई गोलकीपर ने रोक लिया।


**इसके** बाद मारियो पसालिच ने गोल कर अपनी टीम को

# इंग्लैंड ने सेनेगल को हराया क्वार्टरफाइनल में फ्रांस से मुकाबला


अल खोर, 5 दिसंबर। इंग्लैंड ने फीफा विश्व कप 2022 के सुपर-16 मुकाबले में सेनेगल को 3-0 से रौंदकर क्वार्टरफाइनल में प्रवेश कर लिया है। अल बैत स्टेडियम पर रविवार को खेले गये एकतरफा मुकाबले में जॉर्डन हेंडरसन (38वां), हैरी केन (45 3वां) और बुकायो साका (57वां) ने विजेता टीम के गोल किये।

इंग्लैंड ने शुरुआती पलों में सेनेगल के खिलाफ थोड़ा संघर्ष किया। पहली बार इंग्लैंड का सामना कर रही सेनेगल ने भी शुरुआती पलों में दो बार बढ़त हासिल करने के मौके बनाये, लेकिन इंग्लैंड ने पहला हाफ खत्म होने से पहले दो गोल करके मैच का रुख पलट दिया।

दूसरे हाफ में साका के गोल ने इंग्लैंड और फ्रांस के बीच क्वार्टरफाइनल मुकाबला सुनिश्चित किया। यह किसी अफ्रीकी टीम के खिलाफ इंग्लैंड की लगातार 21वीं जीत है। इंग्लैंड का सामना रविवार को क्वार्टरफाइनल में फ्रांस से होगा।



# एमबापे के दो गोल, पोलैंड को 3-1 से हराकर फ्रांस शान से क्वार्टरफाइनल में



दोहा, 5 दिसंबर। गत चैम्पियन फ्रांस ने किलियान एमबापे के दो गोल और ओलिवर गिरोड के एक गोल की मदद से फीफा विश्व कप के राउंड 16 मैच में पोलैंड को 3-1 से हराकर क्वार्टर फाइनल में प्रवेश किया। गिरोड ने 44वें और एमबापे ने 74वें और 90 1वें मिनट में गोल किये।

पोलैंड के लिये सांत्वना गोल उसके करिश्माई स्ट्राइकर रॉबर्ट लेवांडोव्स्की (90 9वें मिनट) ने पेनल्टी पर किया। पहले हाफ तुरंत पहले स्टार फॉरवर्ड ओलिवर गिरोड 44वें मिनट में गोल कर फ्रांस के लिये सबसे ज्यादा गोल करने वाले फुटबॉलर बन गये और उन्होंने थिएरी ऑनरी (123 मैच में 51 गोल) को पीछे छोड़ दिया। 36 वर्षीय गिरोड के 117 मैचों में 52 गोल हो गये हैं। ग्रुप डी के शुरूआती मैच में आस्ट्रेलिया के खिलाफ 4-1 की जीत में वह ऑनरी की बराबरी पर आये थे। एमबापे ने बॉक्स के अंदर गिरोड को गेंद दी जिन्होंने बायें पैर से शानदार शॉट लगाकर रिकॉर्ड गोल दागा और फ्रांस को 1-0 से आगे कर दिया। कोच डिडिएर डेसचैंप्स इसका जश्न मनाते दिखे। मैच के दौरान पोलैंड ने कई मौके बनाये लेकिन टीम दुर्भाग्यशाली रहे कि ये फलदायी नहीं रहे।

ग्रुप डी में शीर्ष पर रही फ्रांस ने मैच के 15 मिनट में दबदबा बनाये रखा जिसमें गोल करने के तीन अच्छे प्रयास किये जिसमें से एक में ऑरेलियन चोउमेनी ने 13वें मिनट में गोल की ओर शॉट लगाया था, पर इसका पोलैंड के गोलकीपर वोजशिएक श्जेश्नी ने डाइव करते हुए अच्छा बचाव किया। पोलैंड के दिग्गज खिलाड़ी और सर्वश्रेष्ठ स्ट्राइकरों में से एक लेवांडोव्स्की ने फ्रांस के हाफ में घुसने के लिये कई प्रयास किये।

फ्रांस को 27वें मिनट में बढ़िया मौका मिला जब बार्सिलोना के विंगर ओस्माने डेम्बले ने गिरोड को क्रास दिया लेकिन वह इसे नेट में नहीं पहुंचा सके। पोलैंड के खिलाड़ी एमबापे को रोकने के लिये हर तरह के प्रयास में जुटे थे।

# फ्रांस की ओर से सर्वाधिक गोल करने वाले खिलाड़ी बने गिरोड

दोहा, 5 दिंसबर। राष्ट्रीय टीम की ओर से सर्वाधिक गोल दागने वाला खिलाड़ी बनने के बाद ओलीवियर गिरोड की नजरें फ्रांस को लगातार दूसरा फुटबॉल विश्व कप खिताब दिलाने में मदद करने पर टिकी हैं। रविवार को प्री क्वार्टर फाइनल में पोलैंड के खिलाफ 3-1 की जीत के दौरान गिरोड ने 52वां अंतरराष्ट्रीय गोल दागकर अपने देश की ओर से सर्वाधिक गोल करने के मामले में थियेरी हेनरी को पीछे छोड़ा। गिरोड ने कहा, ''मैं यह गोल (पोलैंड के खिलाफ) करने के लिए बेताब था। इस गोल के बाद मैं राहत महसूस कर रहा हूं। उन्होंने कहा, ''हम अब इसे भूलकर आगे बढ़ सकते हैं क्योंकि इतने सारे लोग इस बारे में बात कर रहे हैं। अब यह हो गया है, यह अच्छी बात है। सबसे महत्वपूर्ण है कि टीम को अपने लक्ष्य तक पहुंचने में मदद करने के लिए और अधिक गोल करना। टीम का लक्ष्य टूर्नामेंट में अधिक से अधिक आगे जाना है।''

## यह शायद विदेशी सरजमीन पर हमारी सबसे बड़ी जीत : स्टोक्स

रावलपिंडी, 5 दिसंबर। इंग्लैंड के कप्तान बेन स्टोक्स ने पाकिस्तान को पहले टेस्ट में हराने के बाद सोमवार को कहा कि यह विदेशी सरजमीन पर शायद इंग्लैंड की सबसे बड़ी विजयों में से एक है। इंग्लैंड ने रोमांचक मैच में पाकिस्तान को 343 रन का लक्ष्य दिया, जिसके जवाब में पाकिस्तान 268 रन पर ऑलआउट हो गयी। स्टोक्स ने मैच के बाद कहा, ''आज हम भाग्यशाली रहे कि गेंद रिवर्स स्विंग हुई। जेम्स एंडरसन और ओली रॉबिन्सन आज शानदार थे। हम बाहर आने से लगभग आठ मिनट पहले जीते होंगे। यह संभवत: इंग्लैंड की सबसे बड़ी विजयों में से एक है।'' पाकिस्तान ने पांचवें दिन का खेल खत्म होने से करीब 35 मिनट पहले तक 264 रन पर नौ विकेट गंवा दिये थे। नसीम शाह और मोहम्मद अली की आखिरी जोड़ी ने मिलकर विकेट पर आधा घंटा गुजार लिया, लेकिन मैच के आखिरी पलों में जैक लीच ने नसीम को आउट करके इंग्लैंड को ऐतिहासिक जीत दिलाई। स्टोक्स ने कहा, ''हम यहां पाकिस्तान आकर रोमांचक क्रिकेट के अपने मंत्र के साथ आगे बढ़ना चाहते थे। मुझे या ड्रेसिंग रूम को ड्रॉ के लिये खेलने में कोई दिलचस्पी नहीं है। इस तरह के विकेट पर लगा, हमलावर शॉट खेलने के लिये बल्लेबाजों को लगभग लुभाना पड़ा।'' इंग्लैंड ने पाकिस्तानी सरजमीन पर 22 साल बाद जीत दर्ज की है।

## भारतीय टीम के पास हॉकी में विश्व चैम्पियन बनने के लिए सब कुछ मौजूद : ताहिर जमां

नयी दिल्ली, 5 दिसंबर। पाकिस्तान हॉकी टीम के पूर्व कप्तान ताहिर जमां का मानना है कि भारत 47 साल के इंतजार के बाद दोबारा विश्व चैंपियन बन सकता है अगर वे मेजबान होने के दबाव का सामना कर पाएं और अपने खेल में निरंतरता दिखाएं।

पाकिस्तान की 1994 विश्व कप विजेता टीम के अहम सदस्य रहे जमां ने कहा कि स्वदेश में बड़े टूर्नामेंट में खेलने के अपने फायदे और नुकसान होते हैं। जमां ने कहा, ''मैं कहूंगा कि इस बार भारत के पास अच्छा मौका है। ईमानदारी से कहूं तो घरेलू मैदान, घरेलू दर्शकों के सामने खेलने का फायदा है, लेकिन उन्हें यह नहीं भूलना चाहिए कि यह नुकसान की स्थिति भी हो सकती है। घरेलू दर्शकों और स्थानीय मीडिया के दबाव से उन्हें सावधान रहना होगा।''

उन्होंने कहा, ''इसके अलावा, अनुशासित हॉकी खेलने और भावुक नहीं होने से मदद मिलेगी। मैं कहूंगा कि भारतीय टीम के प्रदर्शन में मैंने जो निरंतरता देखी है उससे पता चलता है कि उनके पास वह सब कुछ है जो उन्हें इस बार विश्व चैंपियन बना सकता है।'' एफआईएच विश्व कप 13 से 29 जनवरी तक भुवनेश्वर और राउरकेला में खेला जाएगा। अपने जमाने के दिग्गज फारवर्ड जमां को लगता है कि आगामी टूर्नामेंट बेहद प्रतिस्पर्धी होगा। उन्होंने कहा, ''फ्रांस और दक्षिण अफ्रीका ऐसी टीमें हैं जो किसी भी तरह का उलटफेर कर सकती हैं लेकिन दूसरी ओर ऑस्ट्रेलिया, बेल्जियम, जर्मनी और शायद अर्जेंटीना बड़ी टीमें हैं जिन पर नजर रखनी होगी।''

## एफआईएच 2023 हॉकी विश्व कप ट्रॉफी का दौरा शुरू

भुवनेश्वर, 5 दिसंबर। एफआईएच पुरुष 2023 हॉकी विश्व कप की ट्रॉफी का दौरा सोमवार को शुरू हुआ जब ओडिशा के मुख्यमंत्री नवीन पटनायक ने इसे हॉकी इंडिया के अध्यक्ष दिलीप टिर्की को सौंपा। ट्रॉफी दौरे की सफलता की कामना करते हुए पटनायक ने कहा कि यह टीमों और प्रशंसकों के लिए यादगार विश्व कप होगा। उन्होंने कहा, ''मुझे उम्मीद है कि हॉकी पुरुष विश्व कप ट्रॉफी दौरा पूरे भारत में विश्व कप के लिए उत्साह पैदा करेगा। हम 16 टीमों की मेजबानी करेंगे और मैच भुवनेश्वर और राउरकेला में खेले जाएंगे।'' कार्यक्रम में उपस्थित लोगों में ओडिशा के खेल मंत्री तुषारकांति बेहड़ा और हॉकी इंडिया के महासचिव भोलानाथ सिंह भी शामिल थे। टूर्नामेंट 13 जनवरी से शुरू होगा और 29 जनवरी तक चलेगा।

## पेले की तस्वीरों को लेकर पहुंचे ब्राजील के प्रशंसक

दोहा, 5 दिसंबर। दक्षिण कोरिया के खिलाफ सोमवार को होने वाले विश्वकप मैच से पहले ब्राजील के प्रशंसकों की शर्ट, ध्वज और बैनर पर महान फुटबॉलर पेले की तस्वीरों की धूम रही। इन तस्वीरों में पेले ब्राजील के अपने साथियों के साथ विश्वकप ट्रॉफी लिए हुए हैं। यह 82 वर्षीय दिग्गज साओ पाउलो में सांस संबंधी दिक्कतों के कारण अस्पताल में भर्ती है। ब्राजील से सोमवार की सुबह खबर आई कि वह अब पहले से बेहतर हैं। ब्राजील के फुटबॉल प्रशंसकों के लिए यह जश्न मनाने का कारण था। उन्होंने कतर में अपने इस महान खिलाड़ी के प्रति अपना सम्मान दिखाया और उनके शीघ्र स्वस्थ होने की कामना की। ब्राजील के 35 वर्षीय प्रशंसक राफेल बिसान्हो ने कहा, ''हम यह सुनकर बहुत खुश हैं कि उनकी स्थिति अब पहले से बेहतर है। वह फुटबॉल के बादशाह हैं। वह फुटबॉल में हमारे सबसे बड़े प्रतीक हैं। उम्मीद है कि जल्द ही वह पूरी तरह स्वस्थ होकर घर पहुंचेंगे। और हमें उनकी टीवी पर राष्ट्रीय टीम को खेलते हुए देखने की तस्वीर देखने को मिलेगी।''

## खिलाड़ियों को 1,000 पेनल्टी अभ्यास के लिये कहा था : एनरिक

दोहा, 5 दिसंबर। स्पेन के कोच लुइस एनरिक ने सोमवार को खुलासा किया कि उन्होंने फीफा विश्व कप 2022 से पहले अपनी टीम के हर खिलाड़ी को 1,000 बार पेनल्टी का अभ्यास करने के लिये कहा था। एनरिक ने यहां मैच से पहले संवाददाताओं से कहा, ''एक साल पहले स्पेन के एक कैम्प में मैंने खिलाड़ियों से कहा था कि वह कम से कम 1,000 पेनल्टी लेकर यहां आयें। मेरा खयाल है कि उन्होंने तैयारी की है। अगर आप यहां आकर पेनल्टी का अभ्यास करने की कोशिश करेंगे तो वह काफी नहीं होगा।''

उन्होंने कहा, ''वह तनाव भरा पल होता है। यह ऐसा समय होता है जब आपको तनाव में खेलने की अपनी क्षमता दिखानी होती है। अगर आपने एक हज़ार बार अभ्यास किया है तो आप उस तरह पेनल्टी ले सकते हैं जैसा आपने सोचा है।'' एनरिक ने पुष्टि की कि सीजर एज़पिलिकुएटा जापान के खिलाफ लगी चोट से उबर चुके हैं और सभी 26 खिलाड़ी मैच से पहले सोमवार शाम को प्रशिक्षण के लिए फिट हो जाएंगे। विश्व कप 2010 की विजेता स्पेन मंगलवार को सुपर-16 मुकाबले में मोरक्को का सामना करेगी। दोनों टीमें इससे पहले तीन बार आमने-सामने आयी हैं जहां स्पेन ने दो मुकाबले जीते हैं, जबकि एक मुकाबला ड्रॉ रहा है। स्पेन और मोरक्को ने पिछली बार फीफा विश्व कप 2018 में 2-2 से ड्रॉ खेला था।

## एशियाई कप 2027 की मेजबानी से अपनी बोली वापस लेगा भारत

नयी दिल्ली, 5 दिसंबर। अखिल भारतीय फुटबॉल महासंघ की कार्यकारी समिति ने एएफसी एशियाई कप 2027 की मेजबानी के लिये अपनी बोली वापस लेने का फैसला किया है। एआईएफएफ ने सोमवार को यह जानकारी दी।

कार्यकारी समिति ने यहां जारी बयान में कहा कि महासंघ की रणनीतिक योजनाओं के अनुसार बड़े आयोजनों की मेज़बानी उसकी प्राथमिकताओं में शामिल नहीं है। बयान में कहा गया, एएफसी एशियाई कप 2027 जैसे बड़े आयोजनों की मेजबानी से पहले हमारा ध्यान देश में उचित फुटबॉल संरचना की बुनियाद खड़ी करने पर केंद्रित है।

एआईएफएफ के अध्यक्ष कल्याण चौबे ने कहा, भारत हमेशा बड़े टूर्नामेंटों के लिये एक अद्भुत और कुशल मेजबान रहा है, जिसका प्रदर्शन हाल ही में संपन्न फीफा अंडर-17 महिला विश्व कप में हुआ था। कार्यकारी समिति ने फैसला किया है कि महासंघ की रणनीति वर्तमान में जमीनी स्तर से लेकर युवा विकास तक हर स्तर पर फुटबॉल को मजबूत करने के मौलिक लक्ष्यों पर ध्यान केंद्रित करने पर बनी हुई है।

उन्होंने कहा, साथ ही हमें अपने हितधारकों, विशेष रूप से राज्य संघों को भी मजबूत करना चाहिये और घरेलू स्तर पर फुटबॉल के हर पहलू में बदलाव लाने के लिये क्लबों के साथ मिलकर काम करना चाहिये। इस महीने के अंत में रोडमैप की घोषणा होने पर ऐसे सभी पहलुओं को सही मायने में लागू किया जायेगा।

## हथियारबंद लोगों के घर में घुसने के बाद विश्व कप से स्वदेश लौटे इंग्लैंड के स्टर्लिंग

दोहा, पांच दिसंबर। इंग्लैंड के फारवर्ड रहीम स्टर्लिंग अपने घर में हथियारबंद लोगों के घुसने के बाद कतर में विश्व कप में अपनी टीम के शिविर को छोड़कर स्वदेश लौट गए हैं। मैनचेस्टर सिटी के 27 साल के स्टर्लिंग रविवार को सेनेगल के खिलाफ इंग्लैंड के प्री क्वार्टर फाइनल मुकाबले में नहीं खेले जिसे उनकी टीम ने 3-0 से जीता। अभी यह भी नहीं पता चल सका है कि वह शनिवार को फ्रांस के खिलाफ होने वाले वाले इंग्लैंड के क्वार्टर फाइनल मुकाबले के लिए वापस लौटेंगे या नहीं। कोच गैरेथ साउथगेट ने कहा, ''हमें उसे अपने परिवार के साथ समय बिताने और समस्या को सुलझाने के लिए समय देना होगा।'' उन्होंने कहा, ''इस समय यही सबसे महत्वपूर्ण चीज है इसलिए हम उसे समय दे रहे हैं।'' इंग्लैंड ने अल बायत स्टेडियम में सेनेगल के खिलाफ मुकाबले से डेढ़ घंटा पहले घोषणा की थी कि स्टर्लिंग 'पारिवारिक मामलों' के कारण मैच के लिए उपलब्ध नहीं रहेंगे। इंग्लैंड की प्रेस एसोसिएशन ने इसके बाद खबरों में बताया कि कुछ हथियारबंद लोग स्टर्लिंग के घर में घुस गए थे जबकि उनकी पत्नी और तीन बच्चे अंदर थे। कप्तान हैरी केन ने कहा, ''हम उसके और उसके परिवार के साथ हैं। यह उसका निजी मामला है लेकिन यह देखना कभी आसान नहीं होता कि टीम का आपका साथी या मित्र को इस तरह की स्थिति का सामना करना पड़ रहा है।''


### खोया पाया

सीताराम शर्मा के प्लॉट नं. 68-बी तुलसी नगर सांगानेर का आवंटन पत्र मय साईट प्लॉन निवास के आस-पास खो गया है जो कि करतारपुरा गृह निर्माण सहकारी समिति में धन्नालाल के आवंटित था।

### तीये की बैठक



अत्यंत दुःख के साथ सूचित किया जाता है कि हमारे पूजनीय पिताजी **श्री भगवान सहाय शर्मा** पुत्र स्व. श्री भौरीलाल शर्मा का निधन दिनांक 04.12.2022 को हो गया है। जिनकी तीये की बैठक दिनांक 06.12.2022 को दोपहर 1:00 से 3:00 बजे तक हमारे निवास स्थान- ग्राम बड़ी का बास, तहसील- आमेर पर होगी।

**शोकाकुल**- बद्रीनारायण (भ्राता), श्रीमती लाडा देवी (धर्मपत्नी), गोपाल लाल, गंगासहाय, जगदीश, बंसीधर, मूलचन्द, बृजमोहन (पुत्र), रामबाबू, राजेश, अशोक, धर्मेन्द्र, पप्पू, विनोद, सुरेश, गिर्राज, त्रिलोक (पौत्र) एवं समस्त बन्दावला परिवार।

मोबाइल- 9829488500, 9829168969


## लिविंग्सटन चोट के कारण पाकिस्तान टेस्ट श्रृंखला से बाहर

लंदन/रावलपिंडी, 5 दिसंबर। इंग्लैंड के ऑलराउंडर लियम लिविंग्सटन दाहिने घुटने की चोट के कारण पाकिस्तान के खिलाफ टेस्ट शृंखला से बाहर हो गये हैं। इंग्लैंड क्रिकेट बोर्ड (ईसीबी) ने सोमवार को यह जानकारी दी। लिविंग्सटन को पहले टेस्ट के दूसरे दिन फील्डिंग करते हुए घुटने में चोट आयी थी। ईसीबी ने बताया कि वह रिहैब के लिये मंगलवार को इंग्लैंड रवाना होंगे। इंग्लैंड ने फिलहाल अन्य दो टेस्ट मैचों के लिये लिविंग्सटन की जगह किसी खिलाड़ी को टीम में शामिल नहीं किया है। अपना पहला टेस्ट खेल रहे लिविंग्सटन ने पहली पारी में नौ रन का योगदान दिया, जबकि दूसरी पारी में वह दौड़ते हुए संघर्ष करते नजर आये और पारी घोषित होने से पहले नाबाद सात रन का योगदान दे सके। इंग्लैंड दूसरे टेस्ट के लिये मार्क वुड को टीम में बुला सकता है। वुड अपने कूल्हे की चोट के कारण पहले टेस्ट के लिये अपनी फिटनेस साबित करने में नाकाम रहे थे। दूसरी ओर, 18 वर्षीय स्पिनर रेहान अहमद भी इंग्लैंड के सबसे युवा टेस्ट खिलाड़ी के रूप में पदार्पण कर सकते हैं।

## स्विट्जरलैंड के खिलाफ प्री-क्वार्टरफाइनल में लय हासिल करना चाहेंगे पुर्तगाल के रोनाल्डो

दोहा, 5 दिसंबर। पुर्तगाल की टीम फीफा विश्व कप के प्री-क्वार्टर फाइनल में मंगलवार को जब स्विट्जरलैंड के खिलाफ मैदान में उतरेगी तो उसकी उम्मीद अंतिम आठ में जगह पक्की करने के साथ स्टार खिलाड़ी क्रिस्टियानो रोनाल्डो से बेहतर प्रदर्शन की होगी। मौजूदा विश्व कप में भाग ले रहे स्टार खिलाड़ियों में काइलियान एमबापे टूर्नामेंट के शीर्ष गोल स्कोरर बन गये हैं जबकि दिग्गज लियोनेल मेस्सी ने ज्यादा गोल नहीं करने के बाद भी अपने खेल से प्रभावित किया है। इस मामले में रोनाल्डो अभी तक प्रतिभा से न्याय नहीं कर सके हैं।

रोनाल्डो मौजूदा टूर्नामेंट के अपने शुरूआती मैच में गोल कर हालांकि पांच विश्व कप में गोल करने वाले पहले खिलाड़ी बने। लेकिन इसके बाद वह गेंद को नेट में डालने में सफल नहीं रहे। शायद उन्होंने अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन नॉकआउट दौर के लिए बचा के रखा हो। विश्व कप में उन्होंने कुल आठ गोल किये हैं लेकिन इसमें से कोई भी गोल नॉकआउट चरण में नहीं हुआ है। पांच बार फीफा के साल के सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी चुने गये रोनाल्डो संभवत: अपना आखिरी विश्व कप खेल रहे हैं और वह इसमें खिताब से कम कुछ भी नहीं चाहेंगे। स्विट्जरलैंड की टीम 1954 के बाद पहली बार विश्व कप के क्वार्टर फाइनल में पहुंची है लेकिन पुर्तगाल के लिए यह चुनौती आसान नहीं होगी। यह वही टीम है जिसने पिछले साल यूरोपीय चैंपियनशिप में फ्रांस को अंतिम 16 मैच में हराकर बाहर किया था। स्विट्जरलैंड पिछले कुछ समय से अपने महाद्वीप की सबसे निरंतर प्रदर्शन करने वाली टीमों में से एक है। पुर्तगाल की टीम ने ग्रुप में अपने शुरुआती दोनों मुकाबलों को जीत कर प्री-क्वार्टर फाइनल का टिकट कटाया लेकिन ग्रुप के आखिरी मैच में दक्षिण कोरिया से हार ने उसकी कमजोरियों को उजागर कर दिया।

# रोमांचक टेस्ट में इंग्लैंड ने पाकिस्तान को हराया

रावलपिंडी, 5 दिसंबर। इंग्लैंड ने दूसरी पारी में जेम्स एंडरसन (36/4) और ओली रॉबिनसन (50/4) की शानदार गेंदबाजी की बदौलत पहले टेस्ट मैच में पाकिस्तान को 74 रन से मात दी। इंग्लैंड ने पाकिस्तान को 343 रन का लक्ष्य दिया, जिसके जवाब में पाकिस्तान 268 रन पर ऑलआउट हो गयी।

इंग्लैंड ने पाकिस्तान में 22 साल बाद टेस्ट जीता है, जबकि यह इस सरजमीन पर उनकी कुल तीसरी टेस्ट जीत है। बेन स्टोक्स की टीम ने यह ऐतिहासिक जीत हासिल करने के लिये पूरे मैच में आक्रामकता का प्रदर्शन किया। पहली पारी में 78 रन की बढ़त हासिल करने के बाद स्टोक्स ने चौथे दिन 264 रन पर पारी घोषित कर दी।

बाबर आज़म की टीम ने इसके जवाब में पांचवें दिन चाय तक पांच विकेट के नुकसान पर 257 रन बना लिये, लेकिन आखिरी सत्र में एंडरसन-रॉबिनसन की जोड़ी ने महत्वपूर्ण विकेट निकाले और पाकिस्तान की बाकी टीम 11 रन के अंदर सिमट गयी।

पाकिस्तान ने पांचवें दिन की शुरुआत 80/2 के स्कोर से की और उसे जीत के लिये 263 रनों की आवश्यकता थी। इंग्लैंड ने पहले सत्र में दबाव बनाकर इमाम उल हक (48) को आउट किया, लेकिन इसके बाद सऊद शकील और मोहम्मद रिज़वान ने पाकिस्तान की पारी संभाल ली।

शकील और रिज़वान ने चौथे विकेट के लिये 87 रन की साझेदारी की। शकील ने 159 गेंदों पर 12 चौकों के साथ 76 रन बनाये जबकि रिज़वान ने 92 गेंदों पर 46 रन की पारी खेली। एंडरसन ने रिज़वान को आउट करके यह साझेदारी तोड़ी, जबकि रॉबिनसन ने कुछ देर बाद शकील को पवेलियन भेज दिया। अज़हर अली (40) और आगा सलमान (30) ने छठे विकेट के लिये 61 रन जोड़कर मैच के रोमांच को खत्म नहीं होने दिया।

# मानवेंद्र सिंह और रमेश मीणा को दी राहुल गांधी ने पूरी तवज्जो, रफीक खान को मिली फटकार

## अल्पसंख्यक विभाग के अध्यक्ष से भी चर्चा की राहुल गांधी ने

जयपुर, 5 दिसम्बर (का.प्र.)। कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी की भारत जोड़ो यात्रा का राजस्थान में पहला दिन था और इसकी शुरुआत में मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ,पूर्व उप मुख्यमंत्री सचिन पायलट, प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष गोविंद सिंह डोटासरा, मंत्री प्रतापसिंह खाचरियावास सहित अन्य नेताओं के साथ हुई । लेकिन जैसे-जैसे दिन बीतता गया, राहुल गांधी ने कुछ नेताओं को अतिरिक्त तवज्जो देते हुए उनसे चर्चा की। एक विधायक को राहुल गांधी का गुस्सा भी झेलना पड़ा।

राहुल गांधी ने पहले दिन जिन लोगों को सर्वाधिक तवज्जो दी, उनमें पंचायत राज मंत्री रमेश मीणा प्रमुख रहे। राहुल गांधी ने चलते-चलते उनके साथ काफी लंबी बातचीत की। इस दौरान राहुल रमेश मीणा के कंधे पर हाथ रखकर कुछ पूछते भी नजर आए। रमेश मीणा काफी देर तक उन्हें कुछ समझाते हुए देखे गए। इस दौरान एक

- **रघुवीर मीणा के चोट लगी, मदन प्रजापत यात्रा में 500 किलोमीटर से ज्यादा नंगे पांव ही चलेंगे।**

तरफ मंत्री प्रमोद जैन भाया भी चल रहे थे। राजस्थान अल्पसंख्यक विभाग के अध्यक्ष आबिद कागजी को सचिन पायलट ने आगे बुलाकर राहुल गांधी से परिचय करवाया तो राहुल गांधी ने आबिद कागजी से भी करीब 3 से 4 मिनट तक चर्चा की। इसके अलावा सबसे महत्वपूर्ण व्यक्ति के रूप में झालरापाटन विधानसभा सीट से वसुंधरा राजे के सामने चुनाव लड़ने वाले सैनिक कल्याण बोर्ड के अध्यक्ष मानवेंद्र सिंह से राहुल गांधी ने शाम को सबसे लंबे समय तक बात की। शाम के सैशन में राहुल गांधी, मानवेंद्र सिंह के साथ में करीबन 10 से 15 मिनट तक लगातार बात करते हुए चलते दिखे। इनके अलावा बीच-बीच में कई मंत्री विधायक भी राहुल गांधी के पास आकर उनका अभिवादन करते रहे।

भारत जोड़ो यात्रा के सुबह के सैशन में जयपुर के आदर्श नगर से कांग्रेस विधायक रफीक खान को राहुल गांधी ने फटकार दिया। राहुल चलते-चलते किसी से चर्चा कर रहे थे, इसी दौरान विधायक रफीक खान बीच-बीच में टोकाटाकी करने लगे तो इस बात पर राहुल गांधी नाराज हो गए। वीडियो में स्पष्ट नजर आ रहा है कि राहुल की फटकार के बाद विधायक रफीक खान झेंप गए और गांधी से कुछ दूरी पर चलने लगे। इतना ही नहीं पीछे से सुरक्षा गार्ड ने आकर भी रफीक खान को एक तरफ किया। यह खबर जब मीडिया में प्रसारित होने लगी तो खुद रफीक खान ने ट्विटर पर आकर इसका खंडन किया कि यह भ्रमित करने वाली खबर है। ऐसा कुछ नहीं हुआ, जबकि वीडियो में सब कुछ स्पष्ट नजर आ रहा है।

यात्रा के दौरान ही कांग्रेस कार्यसमिति सदस्य रघुवीर मीणा चोटिल हो गए, जिन्हें स्थानीय अस्पताल में ले जाना पड़ा। दरअसल भीड़ के अत्यधिक दबाव में रघुवीर मीणा को धक्का लगा और उनका हाथ एक पत्थर पर लगा। उनके हाथ में चोट लगी और खून आने लगा। उन्हें तुरंत स्थानीय अस्पताल ले जाया गया जहां उनके घाव पर टांके लगाने पड़े।

यात्रा के राजस्थान चरण में कांग्रेस के एक विधायक नंगे पांव चलते रहेंगे। पचपदरा से कांग्रेस विधायक मदन प्रजापत राहुल गांधी की यात्रा में नंगे पैर चल रहे हैं। दरअसल बालोतरा को जिला बनाने तक मदन प्रजापत ने रहने की घोषणा विधानसभा में की थी। प्रजापत बजट सत्र के बाद से बिना जूते- चप्पल ही चल रहे हैं। मदन प्रजापत प्रदेश यात्री के तौर पर नंगे पैर राजस्थान में 500 से ज्यादा किलोमीटर तक चलेंगे।

## सफाई पर निगम आयुक्त की कोर्ट में पेशी

जयपुर, 5 दिसंबर। शहर की सफाई व्यवस्था को लेकर सोमवार को ग्रेटर और हैरिटेज निगम आयुक्त हाईकोर्ट में पेश हुए। दोनों अधिकारियों ने कोर्ट में शपथ पत्र पेश कर सफाईकर्मियों और सफाई की जानकारी दी। वहीं अदालत ने दोनों अधिकारियों को आगामी तारीख पर व्यक्तिगत उपस्थिति से छूट देते हुए न्यायमित्र को जवाब पेश करने के लिए तीन सप्ताह का समय दिया है। न्यायाधीश एमएम श्रीवास्तव और न्यायाधीश विनोद कुमार भारवानी की

- **हाई कोर्ट ने दोनों निगमों के आयुक्तों को सफाई की स्थिति पर हलफनामा पेश करने को कहा।**

खंडपीठ ने यह आदेश मामले में लिए गए स्वप्रेरित प्रसंज्ञान पर सुनवाई करते हुए दिए। सुनवाई के दौरान न्यायमित्र विमल चौधरी ने कहा कि, शहर में आठ हजार से ज्यादा सफाई कर्मचारी हैं, लेकिन सफाई के हाल बेहाल हैं। वहीं नगर निगमों की ओर से कहा गया कि, शहर में सफाई कराई जा रही है और हर जगह सफाईकर्मी तैनात है। इस पर अदालत ने दोनों अधिकारियों को व्यक्तिगत उपस्थिति से छूट देते हुए मामले की सुनवाई तीन सप्ताह बाद तय की है।

# सिर्फ भारत जोड़ो यात्रा से ही मजबूत नहीं होगी झालावाड़ की कांग्रेस?

- **लगातार हारने वालों को टिकट देना और गुटों में बैठे लोगों को तवज्जो देना कांग्रेस को खड्डे में ले गया इस जिले में।**
- **पहले यहां अशोक गहलोत और सचिन पायलट का गुट था, अब प्रमोद जैन भाया के समर्थक अलग झंडा उठाए घूम रहे हैं, भारत जोड़ो यात्रा के होर्डिंग पोस्टर में भी यही गुटबाजी नज़र आ रही है।**

जयपुर, 5 दिसम्बर (का.प्र.)। राहुल गांधी की भारत जोड़ो यात्रा राजस्थान में प्रवेश कर चुकी है। राजस्थान में जिस क्षेत्र से राहुल गांधी ने प्रवेश किया है, वह क्षेत्र शुरू से ही भाजपा का गढ़ रहा है और खास तौर पर वह झालावाड़ जिला, जहां सत्ता में होने के बावजूद कांग्रेस के हाथ खाली रहे हैं। झालावाड़ में वसुंधरा राजे का ही दबदबा रहा है सिर्फ 2015 में ही राजे के मुख्यमंत्री होने के बावजूद कांग्रेस के अनिल पोरवाल नगर पालिका के अध्यक्ष बनने में कामयाब रहे थे। झालावाड़ में कांग्रेस सिर्फ 1998 में 5 में से 4 विधानसभा सीटों पर जीत हासिल कर पाई थी। इसके अलावा अधिकांश बार कांग्रेस यहां से खाली हाथ ही रही है।

जब 2018 में कांग्रेस को राजस्थान में सत्ता मिली तब भी झालावाड़ जिले की सभी सीटों पर भाजपा काबिज हुई है। इसका कारण यह रहा है कि यहां कांग्रेस लगातार उन्हीं हारे हुए नेताओं को टिकट देती रही है, जिन्हें जनता बार-बार नकार रही है। ऐसा नहीं है कि यहां कांग्रेस बहुत कमजोर है और भाजपा बहुत ज्यादा मजबूत है, बल्कि इसका कारण यह है कि स्थानीय स्तर पर पार्टी भारी गुटबाजी से ग्रस्त है। यहां से प्रमोद जैन भाया, वर्तमान में मंत्री हैं, उनकी पत्नी उर्मिला जैन भाया, वर्तमान में बारां की जिला प्रमुख हैं। भाया संसदीय चुनाव भी लड़ चुके हैं। स्थिति यह है कि बारां जिले में तो कांग्रेस मजबूत रहती है, जहां से भाया खुद विधायक बनते हैं, जबकि झालावाड़ जिले में कांग्रेस को हमेशा हार का मुंह देखना पड़ता है। वर्तमान में जो हालात हैं, उसमें प्रमोद जैन भाया का भी एक अलग गुट बन गया है। एक गुट सचिन पायलट समर्थकों का है। इन दोनों के बीच में मुख्यमंत्री अशोक गहलोत समर्थक कुछ नेता भी हैं। इन तीनों गुटों के अलावा बहुत सारे कांग्रेसजन ऐसे हैं, जो किसी नेता विशेष के साथ नहीं हैं वे जमीनी स्तर पर तो मजबूत हैं , लेकिन उन्हें ऊपर तवज्जो नहीं मिलती है, क्योंकि उनके सर पर किसी नेता विशेष का हाथ नहीं है।

यही कारण है कि जिस झालावाड़ जिले से भारत जोड़ो यात्रा को लाकर पार्टी मजबूत होने के सपने देख रही है,वहां धरातल पर गुटबाजी दूर किए बिना मजबूती दे पाना असंभव प्रतीत होता है। स्थानीय स्तर पर कांग्रेस के लोगों का कहना है कि यदि यहां कांग्रेस को मजबूत करना है तो उन कांग्रेसजनों को भी मजबूती देनी होगी,जो पार्टी के लिए संघर्ष करते है।

भारत जोड़ो यात्रा के होर्डिंग - पोस्टरों में भी स्थिति समझी जा सकती है कि यहां सुरेश गुर्जर, शैलेंद्र यादव कालू और कुछ अन्य नेता जहां सचिन पायलट का झंडा उठाए चल रहे हैं, वही मीनाक्षी चंद्रावत, पूर्व जिला अध्यक्ष मदनलाल वर्मा, कैलाश मीणा अशोक गहलोत का झंडा उठाए हुए हैं। वही वर्तमान में जिला कांग्रेस अध्यक्ष बनाए गए वीरेंद्र गुर्जर प्रमोद जैन भाया का झंडा उठाए घूम रहे हैं। अब मजेदार बात यह है कि जिस प्रमोद शर्मा को कांग्रेस ने संसदीय चुनाव लड़वाया, वह पहले भी कभी कांग्रेस का झंडा नहीं उठा रहे थे और इस यात्रा में भी वह कहीं नजर नहीं आ रहे हैं।

इन हालात में समझा जा सकता है कि कांग्रेस किस बुरी तरह से झालावाड़ जिले में बंटी हुई है। अब सिर्फ राहुल गांधी की भारत जोड़ो यात्रा गुजरने भर से झालावाड़ में कांग्रेस मजबूत हो जाएगी, यदि कांग्रेस के नेता यह सोचते हैं तो वह निश्चित तौर पर मुगालते में हैं। जब तक यहां उन कार्यकर्ताओं को जो कि जमीनी स्तर पर लोगों में पकड़ रखते हैं और बिना किसी नेता विशेष का झंडा उठाए पार्टी का झंडा उठाते हैं, उन्हें मौका देने पर ही कांग्रेस यहां जमीनी स्तर पर मजबूत हो सकती है।

## प्र.मंत्री के मार्गदर्शन में भाजपा की चुनावी तैयारी शुरु

-जाल खंबाता-
-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-

नई दिल्ली, 5 दिसम्बर। गुजरात विधान सभा चुनाव तथा म्यूनिसिपल कॉर्पोरेशन ऑफ दिल्ली (एम.सी.डी.) के चुनाव समाप्त होते ही, भारतीय जनता पार्टी ने सोमवार को यहाँ एक दो-दिवसीय बैठक बुला ली। इस मीटिंग में भाजपा के राष्ट्रीय पदाधिकारी, राज्य-प्रभारी, प्रदेशाध्यक्ष तथा महासचिव शामिल होंगे। प्रधानमंत्री मोदी मीटिंग में लोकसभा एवं विधानसभा चुनावों की तैयारियों के सम्बन्ध में "मार्ग-दर्शन" प्रदान करेंगे।

मोदी ने मीटिंग में एकत्रित पार्टी नेताओं को प्रेरित प्रोत्साहित करते हुये कहा कि वे चुनाव जीतने के लिये अपने प्रचार-तन्त्र में जमानी रणनीति के रूप में पैदल सैनिकों पर भरोसा करे। उनका गृह राज्य गुजरात, जहाँ दो चरणों में सम्पन्न हुये विधानसभा चुनाव सोमवार को ही समाप्त हुये हैं, 2024 के राष्ट्रीय चुनावों के लिये एक संकेतक का काम करेंगे।

मोदी चाहते हैं कि हिन्दू राष्ट्रवाद पर भाजपा का गौरव मय सोच का लाभ

- **प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने सोमवार को भाजपा की दो दिवसीय मीटिंग का श्री गणेश किया, जिसमें वे आगामी चुनावों के लिए भाजपा नेताओं का मार्गदर्शन करेंगे।**

लिया जाये, नये सामाजिक एवं जातिगत गठबन्धन किये जायें तथा महिलाओं और कल्याणकारी योजनाओं पर फोकस किया जाये, अजेय जमीनी कार्यकर्ताओं पर ध्यान दिया जाये तथा प्रत्याशियों के चयन में जीतने की उम्मीद पर कठोरता पूर्वक फोकस रहे, और इसके लिये, पार्टी के शीर्ष नेताओं की इस दो दिन की मीटिंग के समाप्त होते ही ताकतवर चुनाव तन्त्र तैयार किया जाये और चुनावों की तैयारी पूरे दमखम से शुरू कर दी जाये।

चुनाव-तन्त्र का प्रबन्धन उनके गृहमंत्री अमित शाह सँभालेंगे, जो चुनाव-प्रबन्धन के मामले में, पार्टी के सर्वमान्य रणनीतिकार के रूप में उभर कर आ चुके हैं। वे निजी तौर पर जमीनी जानकारी प्राप्त करने के लिये प्रोफेशनल टीमों पर विश्वास करेंगे तथा उसी जानकारी के आधार पर पार्टी नेताओं द्वारा दी गई जानकारी की क्रॉस चैकिंग करेंगे।

# 'मैं यहां मंत्री - विधायकों का तामझाम, सरकारी व्यवस्थाएं देखने नहीं, सीधे लोगों से मिलने आया हूं'

## राहुल गांधी के इतना कहते ही, मुख्यमंत्री को पुलिस तथा सरकारी तामझाम को पीछे होने के लिए कहना पड़ा

जयपुर, 5 दिसम्बर (का.प्र.)। कांग्रेस नेता राहुल गांधी देश के लोगों की नब्ज टटोलने तथा अपने मन की बात बताने भारत जोड़ो यात्रा लेकर निकले हैं। राजस्थान वह पहला प्रदेश है, जहां कांग्रेस का शासन है। ऐसे में यात्रा को सफल बनाने के साथ सरकार का तामझाम होना लाजमी है, लेकिन इस तामझाम के चक्कर में उम्मीद के मुताबिक भीड़ का नहीं होना राहुल गांधी के गुस्से का कारण बन गया।

हुआ यूं कि राजस्थान, चरण के पहले दिन राहुल गांधी सुबह निर्धारित समय पर तैयार होकर आ गए।यात्रा शुरू होती, उस समय तक वहां भीड़ के बजाय बड़ी संख्या में मंत्री - विधायकों सहित सरकारी गाड़ियों का काफिला नजर आया। वही लोगों और राहुल गांधी के बीच में पुलिस का तीन स्तरीय

- **दरअसल ऐसा इसलिए हुआ कि, जब राहुल गांधी सुबह यात्रा की शुरुआत करने आए, तब यात्रियों से ज्यादा सरकारी गाड़ियों का तामझाम और पुलिस नजर आई।**
- **शाम को नुक्कड़ सभा में बोले राहुल गाँधी, बिना सीता के राम नहीं, बिना राम के सीता माता नहीं, लेकिन बीजेपी आर.एस.एस. के लोग माता सीता को राम से अलग करते हैं।**

जाप्ता भी था। इस कारण भी लोग राहुल गांधी तक पहुंचने में असमर्थ थे। ऐसे में राहुल गांधी ने मुख्यमंत्री अशोक गहलोत से पूछा कि, लोग कहां है, तो मुख्यमंत्री ने जवाब दिया कि, गाड़ियों के पीछे लोग हैं। इस पर राहुल गांधी ने कहा कि मैं यहां मंत्री - विधायकों का तामझाम और सरकारी व्यवस्थाएं देखने नहीं आया हूं, बल्कि मैं सीधे लोगों से मिलने आया हूं। इसके बाद खुद मुख्यमंत्री को पुलिस को पीछे हटने के लिए कहना पड़ा। इसके बाद भारत यात्री प्रदेश यात्री सहित अन्य यात्री आए और यात्रा का सुबह का पहला चरण शुरू हो पाया।

राहुल गांधी की भारत जोडो यात्रा के राजस्थान चरण के पहले दिन यात्रा ने करीब 32 से 33 किलोमीटर का रास्ता तय किया। सुबह के सत्र में जहां राहुल गांधी ने काली तलाई से बाली बोरडा तक करीब 14 किलोमीटर का रास्ता तय किया, वही बाकी का रास्ता दोपहर के विश्राम के बाद तय किया। दूसरे फेज में यात्रा शाम झालरापाटन के चंद्रभागा चौराहा पहुंची। यहां नुक्कड सभा को संबोधित करते हुए राहुल गांधी ने कहा कि भारत जोड़ो यात्रा मुश्किल नहीं है। 3700 किलोमीटर से ज्यादा हमारे मजदूर-किसान चलते हैं, वे ज्यादा मुश्किल काम करते हैं। अपना खून पसीना देश को देते हैं। सच्चे तपस्वी मजदूर और किसान हैं। केंद्र सरकार देश के तपस्वियों के हितों के खिलाफ काम करती है।

राहुल गांधी ने एक बार फिर बीजेपी आरएसएस पर निशाना साधते हुए कहा कि यह लोग जय श्रीराम बोलते हैं। सीता के बिना राम नहीं हो सकते। राम के बिना सीता माता नहीं हो सकतीं। अपने नारे से बीजेपी आरएसएस ने सीता माता को क्यों निकाला ? वे लोग जय सियाराम क्यों नहीं बोलते ? राहुल गांधी ने कहा कि आरएसएस के लोगों को जय सियाराम बोलना ही पड़ेगा। उन्हें जय सियाराम कहने से क्या दिक्कत है।

कांग्रेस नेता जयराम रमेश ने कहा कि मोदी की नीयत और नीति के कारण भारत टूटने का खतरा बढ़ रहा है। विभाजनकारी विचारधारा देश के लिए बड़ा खतरा है। राजनीतिक तानाशाही तीसरा बड़ा खतरा है। इन तीन खतरों का मुकाबला करने के लिए राहुल गांधी की भारत जोड़ो यात्रा निकाली जा रही है। जयराम रमेश ने कहा कि राहुल गांधी की यात्रा चुनाव जिताऊ यात्रा नहीं है, इसका चुनावों में फायदा जरूर हो सकता है। रमेश ने कहा कि कांग्रेस वर्ड पर हमें पेटेंट करवाना चाहिए था, यह गलती हमारी है। आज देखिए कितनी कांग्रेस खड़ी हो गई है देश में कांग्रेस नाम से।

वाईएसआर कांग्रेस, तृणमूल कांग्रेस, नेशनलिस्ट कांग्रेस। कांग्रेस को इससे नुकसान हुआ है। यही मीडिया से बात करते हुए मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने कहा कि मीडिया ने राहुल गांधी की भारत जोडो यात्रा का बायकाट कर रखा है। जबकि इतना बड़ा उद्देश्य लेकर यात्रा चल रही है उन्होंने कहा कि मीडिया के भी आलाकमान होते हैं। मीडिया के लोग जो खबर ले जा कर देते हैं वे उसे नहीं दिखाते हैं लेकिन यह ठीक नहीं है।

# बेटे ने बूढ़ी मां को कुल्हाड़ी से काट दिया

## जयपुर में उपचार के दौरान वृद्धा शीला देवी की मौत हो गई

पावटा, 5 दिसम्बर (निसं)। पावटा पंचायत समिति की ग्राम पंचायत द्वारिकपुरा की ढाणी चौलावा तन जीणगौर में एक कलयुगी बेटे ने अपनी ही वृद्ध मां को मौत के घाट उतार दिया व वारदात को अंजाम देकर घटनास्थल से फरार हो गया। इस घटना से क्षेत्र में हड़कंप मच गया। प्रागपुरा थाना पुलिस मामले की छानबीन में जुटी है। वृद्धा के बड़े बेटे खुशीराम ने बताया कि, 12 साल से उनकी मां उसके पास गांव ललाना में रह रही थी। वहीं 3-4 दिन पहले वह अपने दूसरे बेटे मुकेश यादव के पास ग्राम पंचायत द्वारिकपुरा की ढाणी चौलावा तन जीणगौर गई थी। जहां मां शीला देवी पत्नी कबूल यादव ने अपने पति के मरने से पहले जमीन बेची थी जिसकी पूरी रकम अपने बीच के बेटे मुकेश

- **मामला जमीन बेचने से मिले पैसों का है। वृद्धा सारी रकम अपने तीनों बेटों में बांटना चाहती थी, पर, बीच वाला बेटा, आरोपी मुकेश यादव सारी रकम खुद रखना चाहता था इसलिए उसका मां से विवाद चल रहा था।**
- **वृद्धा के बड़े व छोटे बेटे ने अपने भाई मुकेश यादव के खिलाफ प्रागपुरा थाने में मामला दर्ज करवाया।**

यादव के पास रखी थी। वह उस रकम को तीनो बेटो में बाटने के लिए बीच के बेटे मुकेश यादव से वापस मांग रही थी जिसे लेकर मां व बीच के बेटे मुकेश मे विवाद होता रहता था। रविवार की शाम 4 बजे विवाद इतना बढ़ गया कि तीन बेटों में मंझले बेटे मुकेश ने मां पर तेजधार कुल्हाडी से ताबड़तोड़ वार किए। उसकी मां घर के वहीं सामने आम रास्ते में लहुलुहान होकर गिर पडी। वही आरोपी बेटा हत्या की वारदात को अंजाम देकर मौके पर अपना मोबाइल फेककर फरार हो गया। सूचना पर वृद्धा का बड़ा बेटा खुशी राम व सबसे छोटा बेटा राकेश घटना स्थल पर पहुँचे। वही मौके पर पहुँची दांतिल चौकी व प्रागपुरा थाना पुलिस ने घायल 60 वर्षीय वृद्धा शीला को एंबुलेंस से जयपुर भेजा। जहाँ इलाज के दौरान उसकी मृत्यु हो गई।

## खराब सी.टी. स्कैन मशीन बेचना सेवा दोष

जयपुर, 5 दिसंबर (का.सं.)। राज्य उपभोक्ता आयोग ने खराब सी.टी. स्कैन मशीन बेचने को सेवा दोष बताते हुए विक्रेता मैसर्स रेड इमेज टैक्नॉलजिज व फर्म के निदेशक दीपक रॉय पर दस लाख रुपए का हर्जाना लगाया है। इसके साथ ही सी.टी. स्कैन मशीन के लिए गए 1.24 करोड़ रुपए नौ फीसदी ब्याज सहित लौटाने को कहा है। आयोग ने यह आदेश मैसर्स श्रद्धा इमेजिंग रिसर्च सेंटर के परिवाद पर दिए।

परिवाद में कहा गया कि, वर्ष 2015 में परिवादी फर्म ने डायग्नोस्टिक सेंटर स्थापित करने के लिए सी.टी. मशीन की खरीद करने के लिए विपक्षी फर्म व उसके निदेशक दीपक रॉय से संपर्क किया था।

गुजरात -एग्ज़िट पोल
सीटें 182 ( बहुमत-92 )

| सर्वे एजेंसी | भाजपा | कांग्रेस | आप | अन्य |
|---|---|---|---|---|
| टीवी-9 ऑन द स्पॉट | 128 | 45 | 4 | 5 |
| टाइम्स नाओ-ईटीजी | 139 | 30 | 11 | 02 |
| जी न्यूज़ बार्क | 110-125 | 45-60 | 01-05 | 0-4 |
| एबीपी-सी वोटर | 128-140 | 31-43 | 3-11 | 2 |
| इण्डिया न्यूज़-जन की बात | 117-140 | 51-34 | 13-6 | 1-2 |
| आज तक-ऐक्सिस माय इण्डिया | 129-151 | 16-30 | 9-21 | 2-6 |

हिमाचल प्रदेश -एग्ज़िट पोल
सीटें 68 ( बहुमत-35 )

| सर्वे एजेंसी | भाजपा | कांग्रेस | अन्य |
|---|---|---|---|
| न्यूज़ 24 टुडेज़ चाणक्य | 33 | 33 | 2 |
| आज तक-ऐक्सिस माय इण्डिया | 24-34 | 30-40 | 0 |
| इण्डिया न्यूज़-जन की बात | 32-40 | 34-27 | 2-1 |
| इण्डिया टीवी | 35-40 | 26-31 | 0-3 |
| एबीपी सी वोटर | 33-41 | 24-32 | 0-4 |
| रिपब्लिक -पी मारक्यू | 34-39 | 28-33 | 1-5 |

## भारी दबाव, पर भारत का नाम...

( प्रथम पृष्ठ का शेष )

फार इन्टरनैशनल रिलीजिवस फ्रीडम (यू.एस.सी.आई.आर.एफ.) जैसे संगठनों के दबाव के बावजूद अमेरिका की "कन्ट्रीज़ ऑफ पर्टिक्यूलर कन्सर्न (सी.पी.सी.) सूची में शामिल ना होने में भारत सफल रहा।

आई.ए.एम.सी. के कार्यकारी निदेशक रशीद अहमद के अनुसार "अमेरिका ने पिछले दो वर्षो से भारत को "कन्ट्री ऑफ पार्टीक्यूलर कन्सर्न" लिस्ट में शामिल नहीं किया है, जिससे अल्पसंख्यकों, खासकर मुस्लिमों के खिलाफ हिंसा करने के उसके हौंसले बुलंद हुए हैं।

भारत के मुस्लिम नरसंहार झेल रहे हैं, इसलिए अमेरिका की सरकार यह बहाना नहीं बना सकती कि उनके भाग्य को लेकर उसकी कोई जिम्मेवारी नहीं है।

यू.एस.सी.आई.आर.एफ. ने भारत और नाइजीरिया को लिस्ट में शामिल ना पर आक्रोश व्यक्त करते हुए अमेरिका के विदेश मंत्रालय पर आरोप लगाया है कि उसने इन दोनों देशों के प्रति आँखे मूंद रखी है, खासतौर पर धार्मिक स्वतंत्रता के उल्लंघनों के प्रति।

## 'न्यायपालिका ....

( प्रथम पृष्ठ का शेष )

उच्च न्यायालय में जज क्यों नहीं बनाया गया? इसके अलावा, सर्वोच्च न्यायालय के उन बहुत से जजों पर यह आरोप लगाना भी अनुचित है कि वे संविधान को एक भिन्न अर्थ दे रहे हैं। और, नेशनल जुडिशियल अपॉइन्टमेन्ट्स कमीशन (एन.जे.ए. सी.) अधिनियम के मुद्दे पर उन्होंने कहा कि केन्द्र सरकार ने यह ठान लिया है कि इस मामले में उसकी मर्जी ही चलेगी।

विधिमंत्री किरेन रिजिजू द्वारा कोलीजियम व्यवस्था को संविधान के प्रतिकूल बताये जाने पर सवाल खड़ा करते करते हुये, न्यायमूर्ति लोकुर ने कहा, "कोलीजियम व्यवस्था सर्वोच्च न्यायालय द्वारा सात साल की अवधि में दिये गये फैसलों का परिणाम है। यह रातों-रात अस्तित्व में आई चीज नहीं है। सर्वोच्च न्यायालय के 9 जजों का बैंच द्वारा दिये फैसले में की गई संविधान की व्याख्या के फलस्वरूप, कोलीजियम का वर्तमान स्वरूप अस्तित्व में आया। सर्वोच्च न्यायालय के इतने सारे जजों पर यह आरोप लगाना गैरवाजिब है। कि उन्होंने संविधान की प्रतिकूल व्याख्या की थी।सर्वोच्च न्यायालय के पूर्व जज ने कहा, "जज, कोलीजियम व्यवस्था से पहले भी, सदैव स्वतन्त्र रहे हैं। सरकारों और मन्त्रियों को कई बार यह अच्छा नहीं लगता था, वे इसे स्वीकार एवं सहन करते रहे। भारत के मुख्य न्यायाधीश को प्रमुखता एवं महत्ता दी जाती रही। आज ऐसा नहीं है। ऐसा लगता है कि कार्यपालिका नहीं चाहती कि जज स्वन्तत्र रहें, वह प्रतिबद्ध न्यायपालिका चाहती है। अगर वह (सरकारे) अपने इन गलत मंसूबों में सफल हो जाती है, तो भारत में स्वतन्त्र न्यायपालिका नहीं रहेगी और वह स्थिति हम सब के लिये हानिकारक होगी।"

## समाजवादी ...

( प्रथम पृष्ठ का शेष )

बहुल क्षेत्रों में शरीयत लॉ लागू करने के लिए भी कड़ी आलोचना सहनी पड़ी थी। यहां उन्होंने सरकारी स्कूलों में शुक्रवार की छुट्टी की घोषणा की थी।

इस स्तर पर कुमार की बदली रणनीति का कारण संभवतया यह डर है कि उनकी पार्टी के मुख्य समर्थक कोटी, कुर्मी और ई.बी.सी. भाजपा में जा सकते हैं। मोकामा और गोपालगंज में दो विधानसभा सीटों के उपचुनाव जद (यू) के लिए चिंता का कारण हैं। आर.जे.डी. और भाजपा ने तकनीकी रुप से अपनी सीट पर कब्जा बरकरार रखा पर जीत का अंतर बदल गया। भाजपा ने गोपालगंज सीट जीत ली और मोकामा सीट पर राजद की जीत का अंतर कम कर दिया। यहां नीतिश कुमार ने प्रचार नहीं किया था सवाल यह है कि नीतिश के वोट आखिर गए कहां?

## 'चीन सौ पुलिस स्टेशन चला रहा है, विश्व के...

( प्रथम पृष्ठ का शेष )

संयुक्त नीतिगत शुरूआतों ने चीन के विदेशी पुलिस स्टेशनों के विस्तार में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। ग्रुप के रहस्योद्घाटनों से पूर्व तक इनके बारे में पता नहीं था।

ग्रुप के ताजा दावों में से एक पर यह है कि पेरिस के एक उपनगर स्थित चीन के पुलिस स्टेशन में छद्म रूप से काम कर रहे लोगों ने चीनी मूल के एक नागरिक को स्वदेश लौटने के लिए मजबूर किया। इन लोगों को इसी उद्देश्य के लिए नियुक्त किया गया था। ग्रुप ने इससे पहले भी यह बताया था कि सर्बिया और स्पेन में अपना निर्वासन काट रहे चीन के दो लोगों को पुनः स्वदेश लौटने के लिए बाध्य किया गया।

सेफगार्ड डिफैण्डर्स, जो कि कथित मानवाधिकार उल्लंघनों के प्रमाण में चीन के अधिकारिक दस्तावेजों का खुलासा करता है, ने कहा कि उसने दुनिया के चार कोनों में विस्तृत कम से कम 53 देशों में चीन के सार्वजनिक सुरक्षा मंत्राल के विभिन्न चार पुलिस क्षेत्राधिकारों को चिन्हित किया है। जाहिर तौर पर इनका उद्देश्य चीन के प्रवासी लोगों की विदेशों में मदद करना है।

बीजिंग ने इसका खण्डन किया है कि वह अपने देश से बाहर अघोषित पुलिस बलों का संचालन कर रहा है। चीन के विदेश मंत्रालय ने गत नवम्बर माह में सी.एन.एन. का बताया था कि "हम उम्मीद करते हैं कि प्रासंगिक पक्ष तनाव पैदा करने वाले प्रचार बंद कर देंगे।

इनके बहाने से चीन को बदनाम करना अस्वीकार्य है।" इसके बजाए, चीन के दावा किया है कि उक्त सुविधाएं उनकी एडमिनिस्ट्रेटिव हब्स हैं जिन्हें चीन के प्रवासियों की मदद के लिए गठित किया गया है, जैसे कि उनके ड्राइवर लायसैंस को रिन्यू करवाना। उसने कहा कि उक्त ऑफिस कोविड-19 की वैश्विक महामारी के कारण खोले गए क्योंकि इस महामारी में कई नागरिक चीन से बाहर अन्य देशों में लॉकडाउन में थे और अपने दस्तावेजों को रिन्यू करवाने में असमर्थ थे।

सी.एन.एन. ने जब सेफगार्ड डिफैण्डर्स के मूल आरोपों को लेकर पिछले माह चीन से प्रश्न किया तो वहां के विदेश मंत्रालय ने कहा कि उसके कार्यकर्ता ही विदेशों में स्थित स्टेशनों के स्टाफकर्मी हैं। हालांकि ग्रुप की नवीनतम रिपोर्ट में यह दावा किया गया है कि जिस पुलिस नैटवर्क की उसने जांच की उसने शुरुआत में गठित अपने 21 स्टेशनों के लिए 135 लोग हायर किए थे।

किसी देश की आधिकारिक कूटनीतिक मिशन्स के अलावा अघोषित वाणिज्य दूतावास गतिविधियां तब तक नितांत असाधारण और अवैध मानी जाती हैं, जब तक कि मेजबान देश इसकी स्पष्ट मंजूरी ना दे दे,और सेफगार्ड डिफैण्डर्स की रिपोर्ट दावा करती है कि चीन के विदेशी पुलिस स्टेशन वैश्विक महामारी के काफी वर्ष पूर्व से चल रहे हैं।

ग्रुप की रिपोर्ट्स ने अब तक कम से 13 देशों में जांच-पड़ताल को प्रेरित किया है और इन्हें लेकर कैनेडा जैसे देशों और चीन के बीच तीव्र कूटनीतिक विवाद बढ़े हैं। कैनेडा में बड़ी संख्या में चीन के प्रवासी रहते हैं।

## राहुल की यात्रा...

( प्रथम पृष्ठ का शेष )

और तीनों नेताओं के फोटो लगाए गए जिसमें मोदी के साथ वसुंधरा राजे और उनेक प्रतिद्वंदी सतीश पूनिया के फोटो थे।

भारत जोडो यात्रा वसुंधरा की सीट झालावाड़ से राजस्थान के प्रविष्ट हुई और यहां भारी भीड़ जुटी।

भारत जोडो रैली का रूट मैप यह दर्शाता है कि यह झालावाड़, कोटा, बून्दी सवाई माधोपुर, दौसा, और अलवर से गुजरेगी, यहां अभी भाजपा काबिज है। इसलिए वे इसे शेर को उसकी ही मांद में घेरने की संज्ञा दे रहे हैं।

रोचक बात है कि राहुल गांधी 15 दिसम्बर को दौसा के लालसोट में किसानों से बात करेंगे और 19 दिसम्बर को अलवर के मालाखेड़ा में जनसभा को संबोधित करेगें। झालावाड़ के स्वागत के समय राहुल ने कहा कि किसानों के साथ मिलकर, उनके साथ चलकर हाय मिलाकर ही उन्हे जाना जा सकता है। यह काक हैलिकाप्टर में नही हो सकता।

रोचक बात है कि 9 दिसम्बर को अपन 76वां जन्मदिन सोनिया गांधी कोटा में मनाएंगी। कोटा क्यों ! क्योंकि कोटा भारत की नई पीढ़ी का केद्र है यहां के विभिन्न कोचिंग संस्थानों में देशभर के युवा पढ़ते हैं। इसके लिए कोटा विश्व विख्यात है। इधर भाजपा खुले आम टुकड़े टुकड़े हो रही है और अशोक गहलोत और उनके कट्टर प्रतिद्वन्दी के बीच सार्वजनिक रूप से प्रेम प्रदर्शन हो रहा है। यकीनन इसमें राहुल की अहम भूमिका है।

## ताजमहल...

( प्रथम पृष्ठ का शेष )

कैसी जनहित याचिका है?" उन्होंने हैरानी जताई कि एतिहासिक तथ्य सही हैं या गलत यह कोर्ट कैसे तय कर सकता है। कोर्ट ने याचिकाकर्ता को याचिका वापस लेने की अनुमति दी और उसे ए.एस.आई. में निवेदन करने की अनुमति दी। दो माह पहले भी सर्वोच्च कोर्ट ने ऐसी ही एक याचिका खारिज कर दी थी जिसमे ताज महल की असली कहानी उजागर करने और सीक्रेट चैम्बर्स खुलवाने की मांग की गई थी।

राष्ट्रदूत (एच.यू.एफ.) के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक सोमेश शर्मा द्वारा वतन प्रेस, सुधर्मा, एम.आई.रोड़, जयपुर एवं सुधर्मा-II, लालकोठी शॉपिंग सेंटर, टोंक रोड़, जयपुर से मुद्रित एवं प्रकाशित। संपादकः- राजेश शर्मा । आर.एन.आई. नं. 3641/57, ई-मेल-rastrdut@gmail.com कोटा कार्यालयः-पलायथा हाउस, छत्रपति शिवाजी मार्ग, कोटा। फोन:2386031, 2386032, फैक्स:0744-2386033 बीकानेर कार्यालयः-कुंम्भाना हाउस, हनुमान हत्था, बीकानेर। फोन:2200660, फैक्सः 0151-2527371 उदयपुर कार्यालयः-आयड, मेन रोड आयड, उदयपुर। फोनः 2413092, 2418945, फैक्सः 0294-2410146 अजमेर कार्यालयः-घूघरा घाटी, जयपुर रोड,अजमेर। फोनः 2627612, फैक्स:0145-2624665 जालोर कार्यालय :- जी 1/63, इन्डस्ट्रीयल एरिया, फेस प्रथम, जालोर। फोनः 226422, 226423, फैक्सः 02973-226424 हिण्डौनसिटी कार्यालय :- जी -1-201, रीको औद्योगिक क्षेत्र, हिण्डौनसिटी। फोनः 230200, 230400, फैक्सः 07469-230600 चूरू कार्यालयः एच-150, रीको औद्योगिक क्षेत्र, चूरू, फोनः 256906, 256907, फैक्स:01562-256908